# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | भोपाल, शुक्रवार 17 जुलाई 2026





हरियाणा सरकार



## विकसित भारत – विकसित हरियाणा

# श्री नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री

के कर–कमलों द्वारा

## जींद और सोनीपत के बीच भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ

पूर्णतः स्वदेशी और हाइड्रोजन फ्यूल सेल तकनीक पर आधारित, जिसमें हाइड्रोजन और हवा से प्राप्त ऑक्सीजन से बनी बिजली से ट्रेन चलती है और केवल जल वाष्प उत्सर्जित होता है

3,200 हार्सपावर के साथ दुनिया की सबसे शक्तिशाली हाइड्रोजन ट्रेन

10 कोचों के साथ यह दुनिया की सबसे लंबी हाइड्रोजन ट्रेन

2,600 यात्रियों की क्षमता के साथ दुनिया की सबसे अधिक यात्री क्षमता वाली हाइड्रोजन ट्रेन

इसके सहित

## लगभग ₹15,000 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

### गरिमामयी उपस्थिति

**प्रो. असीम कुमार घोष**
राज्यपाल, हरियाणा

**श्री नायब सिंह सैनी**
मुख्यमंत्री, हरियाणा

**श्री नितिन जयराम गडकरी**
केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री

**श्री अश्विनी वैष्णव**
केन्द्रीय रेल मंत्री

दिनांक - 17 जुलाई, 2026 । समय - प्रातः 9 बजे
स्थान - एच.एस.वी.पी. ग्राउंड, सेक्टर-9, जींद, हरियाणा

DD NEWS डी.डी. न्यूज़ पर होगा सीधा प्रसारण

**दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेस-वे** (लागत - लगभग ₹9700 करोड़)
- दिल्ली से कटरा तक का सफर हुआ आसान, अब 14 घंटे की बजाय लगेंगे सिर्फ 6 घंटे
- हरियाणा के झज्जर-सोनीपत-जींद-कैथल जिले एक्सप्रेस-वे से जुड़े

**अम्बाला-काला अम्ब राष्ट्रीय राजमार्ग** (लागत - लगभग ₹1200 करोड़)
- हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के बीच संपर्क होगा मजबूत
- उद्योगों का परिवहन समय और लॉजिस्टिक लागत में आएगी कमी
- आमजन को सुरक्षित आवागमन की सुविधा, व्यापार को मिलेगी नई गति

**पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय** (लागत - लगभग ₹600 करोड़)
- भिवानी जिला अस्पताल अपग्रेड होकर बना मेडिकल कॉलेज
- अस्पताल में 630 बिस्तरों की सुविधा
- 100 एमबीबीएस सीटों पर दाखिले उपरांत पढ़ाई हुई शुरू

**जींद-गोहाना राष्ट्रीय राजमार्ग** (लागत - लगभग ₹1600 करोड़)
- जींद से गोहाना की यात्रा 2 घंटे से घटकर हुई केवल 40 मिनट
- किसानों को कृषि उपज मंडियों तक पहुंचाने में होगी सुविधा
- रोहतक-पानीपत-दिल्ली एनसीआर से बेहतर संपर्क

**कुरुक्षेत्र एलिवेटेड रेलवे ट्रैक** (लागत - लगभग ₹400 करोड़)
- सुगम यातायात की सुविधा
- घनी आबादी में स्थित पांच रेलवे फाटक हुए समाप्त
- जाम से परेशान जनता को मिली राहत

**महर्षि च्यवन मेडिकल कॉलेज** (लागत - लगभग ₹900 करोड़)
- 650 बिस्तर वाले अस्पताल से इलाज क्षमता में वृद्धि
- 100 एमबीबीएस सीटों पर दाखिले
- मरीजों के लिए ओपीडी सुविधा शुरू

**सिख संग्रहालय, कुरुक्षेत्र** (लागत - लगभग ₹160 करोड़)
- सिख गुरुओं की विरासत, जीवन और सांस्कृतिक महत्व से युवा पीढ़ी को प्रेरणा

**हांसी-बरवाला राष्ट्रीय राजमार्ग** (लागत - लगभग ₹140 करोड़)
- हिसार और पंचकूला क्षेत्र के बीच सड़क संपर्क होगा बेहतर
- कृषि उत्पादन एवं स्थानीय माल ढुलाई का कार्य होगा किफायती
- स्थानीय रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा

### आप सादर आमंत्रित हैं



सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## पुरी में जगन्नाथ रथ यात्रा



तू न संभाले तो हमें कौन संभाले **जगन्नाथ**





घायलों को ले जाती एंबुलेंस

- भारी भीड़ के बीच दो श्रद्धालुओं की मौत
- कई अन्य श्रद्धालु बेहोश और घायल हुए

श्रद्धालुओं की भारी भीड़

# आस्था का अटूट सैलाब

एजेंसी ▶▶ पुरी

तू न संभाले तो हमें कौन संभाले जगन्नाथ... महाप्रभु के रथ के विशाल पहियों के सामने खड़े होकर आंखों में आंसू लिए जब एक बुजुर्ग श्रद्धालु ने यह गुहार लगाई, तो वहां मौजूद हर शख्स का दिल भर आया। यह केवल एक पंक्ति नहीं, बल्कि उस परम सत्ता के प्रति उस अटूट समर्पण की गूंज है, जो हर संकट से उबारने का हौसला देती है। पुरी की प्रसिद्ध रथ यात्रा के दौरान इस बार श्रद्धा, उत्साह और एक अप्रत्याशित हादसे का मिला-जुला रूप देखने को मिला। ग्रैंड रोड (बड़ा डंडा) पर उमड़े लाखों श्रद्धालुओं के हुजूम के बीच दो परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा, जब भीड़ के दबाव में दो श्रद्धालुओं को अपनी जान गंवानी ▶▶ शेष पेज 2 पर

### पुरी में सुरक्षा और निगरानी के पुख्ता इंतजाम

डीजीपी वाई बी खुरानिया के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था को संभालने के लिए 19 आईपीएस अधिकारी और लगभग 13,000 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। सीआरपीएफ, बीएसएफ और आरएएफ जैसी केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की 15 कंपनियों को संवेदनशील स्थानों पर तैनात किया गया है। ड्रोन-जैमर सिस्टम से जुड़े कुल 473 एआई-आधारित कैमरे पूरे बड़ा डंडा क्षेत्र की निगरानी कर रहे हैं।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### भारत में पहली बार शुरू होगी इंजी. बायोलॉजी



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार देश में पहली बार इंजीनियरिंग बायोलॉजी कोर्स शुरू करने जा रही है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने नीति आयोग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में घोषणा की। इस विशेष कोर्स का मुख्य उद्देश्य भविष्य की तकनीकी और औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप कुशल मानव संसाधन (एक्सपर्ट्स) तैयार करना है।

### 34 करोड़ सब्सक्राइबर्स को मिला 8.25% का रिटर्न



**नई दिल्ली।** ईपीएफओ ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए करोड़ों कर्मचारियों के खातों में ब्याज क्रेडिट कर दिया है। लगभग 34 करोड़ सदस्यों के खातों में 15 जुलाई तक 8.25% की दर से ब्याज जमा कर दिया गया है। नई तकनीक 'सीआईटीईएस 2.01 प्रोजेक्ट' के लॉन्च होने से इस बार ट्रांसफर करने की प्रक्रिया काफी तेज रही।

### दोस्त को बचाने के प्रयास में छात्र जलाशय में डूबा



**अनूपपुर।** अमरकंटक स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विवि के बीबीए के छात्र आर्यन कुमार (19) की पोड़की जलाशय में डूबने से मौत हो गई। आर्यन अपने दो दोस्तों के साथ सामान खरीदने निकला था। इसी दौरान पैर फिसलने से उसका एक दोस्त ऋतुराज जलाशय के पानी में गिर गया। उसे डूबता देख आर्यन बिना अपनी परवाह किए पानी में कूद गया।

## दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 'भारत टेक्स-2026'

*सीएम ने देश-विदेश के प्रमुख टैक्सटाइल निवेशकों, उद्योग प्रतिनिधियों और वैश्विक ब्रांड्स के साथ राउंड टेबल बैठक की*

# 20,193 करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले 27,592 से ज्यादा मिलेंगी 'नौकरियां'

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में गुरुवार को आयोजित 'भारत टेक्स-2026' में देश-विदेश के प्रमुख टैक्सटाइल निवेशकों, उद्योग प्रतिनिधियों और वैश्विक ब्रांड्स के साथ राउंड टेबल बैठक की। मध्यप्रदेश की निवेश-अनुकूल नीतियों, टैक्सटाइल क्षेत्र की अपार संभावनाओं और उद्योगों के लिए उपलब्ध सुविधाओं से निवेशकों को अवगत कराया। डॉ. यादव ने उद्योपतियों और निवेशकों को मध्यप्रदेश में अपना उद्योग स्थापित करने का आमंत्रण देते हुए कहा कि एक बार जो मध्यप्रदेश आता है, वहीं का होकर रह जाता है। केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय के सहयोग से मध्यप्रदेश टैक्सटाइल और गारमेंट सेक्टर में उपलब्ध संसाधनों का बेहतर प्रबंधन करते हुए इस क्षेत्र में कपड़ा उत्पादन और रोजगार दोनों को बढ़ा रहा है। टैक्सटाइल इंडस्ट्री से राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही ▶▶ शेष पेज 2 पर



*सीएम ने बताया कि प्रदेश सरकार ने डेढ़ साल में लगभग 5500 करोड़ रुपए की राशि उद्योगपतियों को सब्सिडी के रूप में दी*

डॉ. यादव ने निवेशकों को प्रदेश में उद्योग स्थापित करने के लिए किया आमंत्रित



राउंडटेबल कॉन्फ्रेंस में सीएम

- *निवेशकों के साथ की वन-टू-वन और राउंड टेबल मीटिंग*
- *कहा, हमारे राज्य में आपके लिए सब कुछ उपलब्ध*

### केंद्र और वैश्विक ब्रांड्स के साथ चलने के लिए तैयार

डॉ. यादव ने कहा कि टैक्सटाइल का मामला राजा विक्रमादित्य के काल से जुड़ता है। मप्र केंद्र सरकार और वैश्विक ब्रांड्स के साथ चलने के लिए तैयार है। हमारे अधिकारियों निवेशकों को पॉलिसी जरूर बता दी, लेकिन यहां मौजूद उद्यमियों के पसीने में अनुभव की बहुत बड़ी पूंजी है। उद्योगपतियों के कथन राज्य ▶▶ शेष पेज 2 पर ▶▶ पढ़ें पेज 08 भी

### निवेश संवाद में सात एमओयू पर हस्ताक्षर

नई दिल्ली में आयोजित 'भारत टेक्स-2026' और 'दिल्ली निवेश संवाद' (इंटरैक्टिव सेशन) के जरिए 20,193 करोड़ के भारी-भरकम निवेश प्रस्ताव हासिल कर एक बड़ी कामयाबी दर्ज की है। इन निवेशों से प्रदेश में लगभग 27,592 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है। इस दौरान टैक्सटाइल सेक्टर में 1,592 करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले, जिससे करीब 15,700 युवाओं को रोजगार मिलेगा। इसके अलावा, निवेश संवाद में रक्षा, डेटा सेंटर, नवीकरणीय ऊर्जा, आईटी और खिलौना उद्योग जैसे क्षेत्रों में ▶▶ शेष पेज 2 पर

**मां बगलामुखी मंदिर:** 3 सदस्यीय जांच कमेटी की रिपोर्ट

## 105 किग्रा सोना व 29 किग्रा चांदी सरकार अब अपने 'कब्जे' में लेगी

अशासकीय समिति का संचालन नियमों के अनुकूल नहीं पाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आगर मालवा

विश्व प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर में दान संग्रह को लेकर पिछले कुछ समय से विवादों में रही अशासकीय समिति को लेकर प्रशासन ने बड़ा फैसला सुनाया है। आगर मालवा की कलेक्टर प्रीति यादव द्वारा गठित तीन सदस्यीय जांच दल ने अपनी विस्तृत रिपोर्ट सौंप दी है। जांच दल ने पाया कि समिति के कार्यों में किसी भी प्रकार की आर्थिक या वित्तीय गड़बड़ी नहीं हुई है। हालांकि, जांच में यह बात जरूर सामने आई कि मंदिर परिसर में इस तरह की अशासकीय समिति का संचालन नियमों के अनुकूल नहीं था। इसी वजह से प्रशासन ने इस समिति को मंदिर परिसर में आगे सक्रिय रहने की अनुमति नहीं देने का निर्णय लिया है। कलेक्टर प्रीति यादव ने बताया कि जांच दल ने ▶▶ शेष पेज 2 पर

राम मंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण

## 100 से अधिक कर्मचारियों की हो सकती है बर्खास्तगी

रडार पर कई निजी एजेंसियां और ट्रस्ट के कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या




अयोध्या के राम मंदिर से चढ़ावा चोरी होने के मामले में गठित एसआईटी की जांच की आंच अब कई सेवा प्रदाताओं और कर्मचारियों तक पहुंच गई है। जांच एजेंसी की रडार पर इस समय 100 से अधिक कर्मचारी और ट्रस्ट से जुड़े लोग हैं, जिन पर कभी भी बर्खास्तगी की गाज गिर सकती है। यदि पुलिस और एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट में किसी की भी भूमिका संदिग्ध पाई गई, तो जेल भेजने सहित कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। मंदिर परिसर में सुरक्षा, साफ-सफाई और कार्यालय प्रबंधन के लिए विभिन्न निजी एजेंसियों के जरिए कर्मचारी तैनात हैं। जांच के दायरे में आए अधिकांश संदिग्ध कर्मी इन्हीं एजेंसियों से जुड़े हैं। इसके अलावा, ट्रस्ट द्वारा सीधे रखे गए ▶▶ शेष पेज 2 पर

*प्रधानमंत्री मोदी आज जींद-सोनीपत ट्रैक पर देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे*

## 10 कोच और 2600 से अधिक यात्री, लग्जरी सुविधाओं से लैस

140 किमी/ घंटा की गति, शून्य कार्बन उत्सर्जन



एजेंसी ▶▶ जींद

हरियाणा के लिए 17 जुलाई का दिन ऐतिहासिक होने वाला है। पीएम मोदी इस दिन जींद-सोनीपत रेलवे ट्रैक पर देश की हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। उद्घाटन के बाद लोग ट्रेन ▶▶ शेष पेज 2 पर

### 75 पुनर्विकसित अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल लोकार्पण भी

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जैसलमेर रेलवे स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं से लैस कर पूरी तरह नया रूप दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ▶▶ शेष पेज 2 पर

मैहर में मिली प्रतिबंधित कफ सिरप की खेप

## आर्मी लिखी बोलेरो से नशीली कफ सिरप और 6 लाख कैश जब्त, 5 तस्कर गिरफ्तार

*बाल्टियों और पानी के कैंपरों में छिपा रखी थी कफ सिरप*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैहर



जब्त की गई बोलेरो

मैहर पुलिस ने बुधवार रात गश्त के दौरान एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से ले जाई जा रही प्रतिबंधित कफ सिरप की खेप पकड़ी है। पुलिस ने एक संदिग्ध बोलेरो नियो गाड़ी से 205 शीशी ऑनरेक्स कफ सिरप और 5,96,500 नगद जब्त किए हैं। जब्त की गई सिरप, नकदी और वाहन की कुल कीमत 16.36 लाख से अधिक आंकी गई है। इस मामले में रीवा, सतना और मैहर के रहने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। रामपथगमन रोड पर सतना-रीवा सर्विस लेन के पास गश्त के दौरान पुलिस को 'आर्मी' लिखी एक बोलेरो खड़ी मिली। संदेह होने पर जब गाड़ी की तलाशी ली गई, तो उसके भीतर प्लास्टिक की बाल्टियों और पानी के कैंपरों में छिपाकर रखी गई कफ सिरप बरामद हुई। आरोपियों के पास इस दवा के परिवहन या बिक्री से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं थे। बरामद नकदी को कफ सिरप की अवैध बिक्री ▶▶ शेष पेज 2 पर

तिरुपति बालाजी: नई पॉलिसी लागू

## महज 24 घंटे के भीतर मंदिर को 96.98 करोड़ रु. का रिकॉर्ड दान

एजेंसी ▶▶ तिरुमला



विश्व प्रसिद्ध श्री वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में आस्था के साथ-साथ एक अनूठा रिकॉर्ड दर्ज किया गया है। यहां महज 24 घंटे के भीतर मंदिर को 96.98 करोड़ का रिकॉर्ड दान प्राप्त हुआ है। पहली नजर में यह श्रद्धालुओं की सामान्य आस्था का मामला लग सकता है, लेकिन इस बार इसके पीछे की असली वजह मंदिर प्रशासन की एक नई नीति है। दरअसल, तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) की नई डोनर पॉलिसी 15 जुलाई 2026 की आधी रात से लागू हो गई है। इस नई नीति के तहत दानदाताओं को मिलने ▶▶ शेष पेज 2 पर

ओबीसी आरक्षण पर हाईकोर्ट में तीखी बहस

## सामान्य वर्ग ने कहा- बिना ठोस आधार के कोटा बढ़ाना संविधान के खिलाफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर



*सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग से सलाह लिए बिना ही नियम बना दिए*

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में बहुचर्चित ओबीसी आरक्षण मामले पर तीखी कानूनी बहस जारी है। जस्टिस आनंद पाठक और जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच के समक्ष सामान्य वर्ग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने सरकार के आरक्षण बढ़ाने के फैसले पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने दलील दी कि बिना किसी ठोस गणना और सही आधार के आरक्षण बढ़ाना बाबासाहेब आंबेडकर के संविधान की मूल भावना के विपरीत है।

अदालत में आंकड़ों का हवाला देते हुए सामान्य वर्ग के वकीलों ने सरकार के उस दावे को खारिज किया, जिसमें ओबीसी वर्ग का प्रतिनिधित्व कम बताया गया था। उन्होंने कहा कि स्कूलों, कॉलेजों और सरकारी नौकरियों में इस वर्ग की मजबूत भागीदारी है। वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि 50% की सीमा केवल असाधारण स्थितियों में ही लांघी जा सकती है, जबकि प्रदेश में ऐसी कोई स्थिति नहीं है। यहां आरक्षण को 63% से बढ़ाकर 73% करने की कोशिश की जा रही है।

बहस में यह मुद्दा भी उठा कि सरकार ने ▶▶ शेष पेज 2 पर

- आंसू गैस के गोले हमारे (भाजपा) कार्यालय पर क्यों दागे गए?
- क्या हमारे कार्यालय की बिल्डिंग सड़क पर खड़ी थी?

दतिया उपचुनाव : पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा के तीखे तेवर

## मंच से एसपी को चेताया- मैं भूलने वाला नहीं, दोस्ती और दुश्मनी दोनों याद रखता हूं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दतिया



नरोत्तम के साथ आशुतोष तिवारी

दतिया विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर सियासी पारा चरम पर है। भाजपा उम्मीदवार आशुतोष तिवारी के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने पुलिस प्रशासन को सीधे आड़े हाथों लिया। मंच से माइक संभालते ही डॉ. मिश्रा ने दतिया एसपी को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यह जो माइक से सारी रिकॉर्डिंग हो रही है, इसे पुलिस वाले ध्यान से सुनें और खासकर एसपी साहब सुनें। मैं भूलने वाला प्राणी नहीं हूं, मैं सब याद रखता हूं। मैं दोस्ती और दुश्मनी दोनों याद रखता हूं। मिश्रा के इस तीखे बयान के बाद सभा में मौजूद समर्थकों ने जोरदार नारेबाजी की और तालियों की गड़गड़ाहट से पूरे पंडाल को गुंजा दिया। नरोत्तम मिश्रा ने टिकट कटने के बाद भड़के जन-आक्रोश और उस पर हुई पुलिसिया कार्रवाई को ▶▶ शेष पेज 2 पर

### *नरोत्तम समर्थकों पर 6 दिन बाद मामला दर्ज*

इसी उग्र प्रदर्शन से जुड़े एक मामले में दतिया की कोतवाली पुलिस ने नया एक्शन लिया है। घटना के छह दिन बाद पुलिस ने 8 से 10 अज्ञात प्रदर्शनकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। फरियादी कार्तिक रायकवार निवासी सपा पहाड़ ने शिकायत दर्ज कराई कि 10 जुलाई की रात करीब 8 बजे किला चौक पर कुछ अज्ञात युवकों ने जबरन बाजार बंद कराने का प्रयास किया। दुकानदारों द्वारा विरोध किए जाने पर आरोपियों ने ▶▶ शेष पेज 2 पर

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शुक्रवार 17 जुलाई 2026



सत्यमेव जयते
भारत सरकार



# विकसित भारत

## के लिए आधुनिक रेल बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर

### मध्य प्रदेश के 13 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों सहित

## देशभर के 75 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों

का उद्घाटन

अशोक नगर



बालाघाट



ब्योहारी



भिंड



विदिशा



हरपालपुर



जुन्नारदेव



छतरपुर




नैनपुर जंक्शन



छिंदवाड़ा



साँची



शिवपुरी



टीकमगढ़



**मुख्य विशेषताएं**

- सिटी सेन्टर के तौर पर विकसित स्टेशन
- क्षेत्र में पर्यटन, रोजगार और व्यापार को बढ़ावा
- यात्री अनुकूल आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित
- स्थानीय संस्कृति और वास्तुकला से प्रेरित बिल्डिंग डिजाइन
- बेहतर पार्किंग और प्रतिक्षालय से युक्त
- जल संरक्षण, सौर ऊर्जा और हरित क्षेत्र का प्रबंध

प्रधानमंत्री

# नरेन्द्र मोदी

के द्वारा

17 जुलाई, 2026 | अपराह्न 03:30 बजे | जालंधर छावनी रेलवे स्टेशन

**वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से**

**गरिमामयी उपस्थिति**

**मंगुभाई पटेल** राज्यपाल, मध्य प्रदेश

**डॉ. मोहन यादव** मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश

**शिवराज सिंह चौहान** कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री

**अश्विनी वैष्णव** रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**डॉ. वीरेंद्र कुमार** सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री

**ज्योतिरादित्य एम सिंधिया** संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री

**दुर्गादास डी डी उइके** जनजातीय कार्य राज्य मंत्री

**सावित्री ठाकुर** महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री

**रवनीत सिंह** रेल एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्यमंत्री

**राजेंद्र शुक्ला** उप मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश

**जगदीश देवड़ा** उप मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश

**डॉ. राजेश मिश्रा** सांसद, लोकसभा

**बंटी विवेक साहू** सांसद, लोकसभा

**भारती पारधी** सांसद, लोकसभा

/RailminIndia पर हमें फॉलो करें

# भारतीय रेल

www.indianrailways.gov.in

DD NEWS डीडी न्यूज पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखें

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 17 जुलाई 2026



मतदान पेटी में अपना वोट डालती महिला अधिवक्ता।

# जिला अभिभाषक संघ चुनावः 4402 वोटर ने डाले वोट, यह 74 प्रतिशत

## इससे पहले 81 वोटर ने डाले थे टेंडर वोट, मप्र में पहली बार स्कैनर मशीन से कराई जाएगी मतगणना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जिला अभिभाषक संघ के द्विवार्षिक चुनाव गुरुवार को उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न कराए गए। न्यायाधीशगण और वरिष्ठ अधिवक्ताओं की निगरानी में कराए गए इस चुनाव में 4321 मतदाताओं ने वोट डाले। 81 मतदाताओं ने पूर्व में टेंडर वोट डाले थे। इस प्रकार 4402 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया, जो चुनाव का लगभग 74 प्रतिशत था। अतिरिक्त मुख्य चुनाव अधिकारी और मीडिया प्रभारी खालिद हफीज ने बताया कि जिला अभिभाषक संघ में लगभग 10, 200 अधिवक्ता पंजीकृत हैं। मप्र स्टेट बार कौंसिल की लिस्ट के अनुसार 5 681 वोटर को ही मतदान का अधिकार दिया गया था। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव, कोषाध्यक्ष एवं पुस्तकालय अध्यक्ष सहित कार्यकारिणी सदस्यों के 30 पदों के लिए 89 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला था। मुख्य चुनाव अधिकारी वासू वासवानी के नेतृत्व में अतिरिक्त एवं सहायक चुनाव अधिकारियों ने चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराए। मतदान के बाद मतपेटियों को न्यायाधीशगण और प्रत्याशियों के सामने सील बंद कर जिला न्यायालय के मालखाने में रखा गया है। मतगणना शुक्रवार को सुबह 8 बजे से होगी। मप्र में पहली बार स्कैनर मशीन से मतगणना कराई जाएगी। पहला रुझान दोपहर 2 बजे तक आने की संभावना है। चुनाव परिणाम रात 9 बजे तक घोषित कर दिए जाएंगे। परिणाम अगर शुक्रवार तक नहीं आए तो फिर अगले दिन शनिवार को घोषित किए जाएंगें। मतदान के लिए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे।

### एग्जिट पोल में रावत अध्यक्ष, मुकेश सचिव



जिला न्यायालय में वोट डालने के लिए लगी अभिवक्ताओं की भीड़।

मतदान के तुरंत बाद अधिवक्तागणों द्वारा मतदाताओं से उनके द्वारा दिए गए मतों की जानकारी के आधार पर एग्जिट पोल के परिणाम जारी किए गए। एग्जिट पोल के परिणाम में देवेंद्र रावत को अध्यक्ष , सिद्धार्थ त्रिलोक त्यागी को उपाध्यक्ष, मीरा चरार को महिला उपाध्यक्ष ,मुकेश नागपुरे को सचिव, अब्दुल खालिक को पुस्तकालय अध्यक्ष, अनीता पाराशर को कोषाध्यक्ष और बारिज को सहसचिव पद पर विजयी बताया गया है।

## पुलिस कमिश्नर संजय कुमार के दफ्तर में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में बोले सांसद शर्मा

# दस करोड़ रुपए में सुधरेगा शहर का ट्रैफिक, खत्म हो जाएंगे 16 ब्लैक स्पॉट, सुधरेंगे 38 लेफ्ट टर्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पिछले दो महीने से शहर के ट्रैफिक को सुधारने की जद्दोजहद जारी है, जिसके तहत शहर के 16 ब्लैक स्पॉट खत्म करने और 37 लेफ्ट टर्न को सुधारे जाने हैं। जिसके लिए दस करोड़ का बजट भी मंजूर हो गया है। अगले दो महीने में शहर के ट्रैफिक के सुधरने की उम्मीद जताई जा रही है। गुरुवार को पुलिस कमिश्नर संजय कुमार के दफ्तर में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक रखी गई, जिसमें बेटरी रिक्शा के रूट को लेकर दोबारा से सख्ती करने के निर्देश दिए गए।

सांसद आलोक शर्मा ने बैठक में शहर के 16 ब्लैक स्पॉट समाप्त करने, 37 लेफ्ट टर्न ठीक करने, ट्रैफिक सिग्नलों को चालू करने, यातायात में बाधा बन रहे अतिक्रमण, कंडम वाहन हटाने, बिजली पोल हटाने और और ई-रिक्शा के रूट पर सख्ती करने की बात कही। सांसद ने कहा कि बाजार, स्कूल, कार्यालय, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और अन्य स्थानों तक आने-जाने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

*बैटरी रिक्शा को लेकर फिर होगी सख्ती*

*बारिश में होगी सड़कों की मरम्मत*



बैठक में पुलिस कमिश्नर और महापौर से चर्चा करते सांसद शर्मा।

### सड़कों पर जलभराव हुआ तो अफसर होंगे जिम्मेदार

बैठक में शहर की विभिन्न सड़कों पर जलभराव के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। सांसद ने महापौर मालती राय को लिस्ट सौंपते हुए कहा कि जलभराव वाले स्थानों पर नगर निगम अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दें, अधिकारी मौके पर जाएं और सड़कों को ठीक कराने का काम करें। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान भी सड़कों की मरम्मत की जाए।

### सदर मंजिल से काली मंदिर तक अतिक्रमण

बैठक के दौरान महापौर मालती राय ने सदर मंजिल से बुधवारा और काली मंदिर चौराहे तक सड़क पर अतिक्रमण की बात कही। जिस पर सांसद ने एक सप्ताह के अंदर पूरे क्षेत्र से अतिक्रमण हटाकर यातायात को सुचारु बनाने की हिदायत दी।

## काजी कैंप और करोंद की 10 करोड़ की स्मार्ट सड़क पर गड्ढों का जाल, थोड़ी से बारिश से ही उखड़ गई सड़क

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। करीब 10 करोड़ रुपए की लागत से बनाई गई स्मार्ट सड़क महज 12 महीनों के भीतर बदहाल हो गई है। काजी कैंप और करोंद क्षेत्र में लगभग दो किमी के दायरे में सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे बन चुके हैं। कई स्थानों पर डामर पूरी तरह उखड़ गया है और सिर्फ बजरी ही दिखाई दे रही है। ऐसे में वाहन चालकों और राहगीरों को हर दिन परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क बनने के बाद आज तक इसकी मरम्मत नहीं कराई गई। पहली ही बारिश में सड़क की ऊपरी परत उखड़ गई। गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई दिखाई नहीं देती, जिससे दोपहिया वाहन चालक सबसे ज्यादा हादसों का शिकार हो रहे हैं। कई लोग फिसलकर घायल भी हो चुके हैं, लेकिन विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। स्थानीय निवासी अनिल अहीरे का कहना है कि सड़क की खराब स्थिति को लेकर कई बार शिकायत की गई, लेकिन अधिकारियों ने सिर्फ आश्वासन दिया। सड़क किनारे बने नालों की सफाई भी लंबे समय से नहीं हुई है। नालियां जाम होने से बारिश का पानी सड़क पर भर जाता है, जिससे सड़क और तेजी से टूट रही है।



करोंद हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र की सड़क में गड्ढे ही गड्ढे हो गए हैं।

### गड्ढों से भरी करोड़ों की स्मार्ट सड़क...

हालांकि सवाल यह है कि जब करोड़ों रुपये खर्च कर स्मार्ट सड़क बनाई गई थी तो उसकी गुणवत्ता और रखरखाव की जिम्मेदारी कौन निभाएगा। बारिश के बीच पीडब्ल्यूडी की लापरवाही आम लोगों की सुरक्षा पर भारी पड़ रही है। लोगों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी मौके पर कभी नजर नहीं आते। फोन पर संपर्क करने पर गोलमोल जवाब देकर बात टाल दी जाती है। हजारों शिकायतों के बावजूद जमीनी स्तर पर कोई कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही। नतीजा यह है कि रोज हजारों लोग जान जोखिम में डालकर गड्ढों से भरी इस सड़क से गुजरने को मजबूर हैं।

## अमले को मिला 3 फीट का इमरजेंसी गेट

# भोपाल एकेडमी को किया सील, 21 कोचिंग संस्थानों ने नहीं दिया जवाब



कोचिंग सेंटर में कार्रवाई करता निगम का अमला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आग से बचाव को लेकर नगर निगम ने शहर की कोचिंग संस्थानों पर सख्ती शुरू कर दी है। जिसके तहत गुरुवार को एमपी नगर स्थित करीब 6 कोचिंग का निरीक्षण किया गया। भोपाल एकेडमी कोचिंग में इमरजेंसी गेट सिर्फ 3 फीट का निकला। इस कोचिंग को सील कर दिया गया है। इधर, गुरुवार तक नोटिस पाने वाले 61 संस्थानों में से करीब 40 ने ही स्टांप पर शपथ पत्र के साथ फायर प्लान जमा किया, जबकि 21 ने कोई जवाब नहीं दिया।

फायर ऑफिसर सौरभ पटेल ने बताया कि एमपी नगर जोन-2 स्थित स्टेप अप कोचिंग क्लासेस, नेट मिंटोरा कोचिंग, ला पेग, आकाश कोचिंग और भोपाल एकेडमी का निरीक्षण कर अग्नि सुरक्षा प्रबंधों की जांच की। वहीं, इस संबंध में पूर्व में जारी नोटिस के जवाब के संबंध में जानकारी ली। निगम अमले ने स्टेप अप कोचिंग क्लासेस के संचालक द्वारा 2 दिन में अग्नि सुरक्षा प्रबंध करने का समय दिया। इसके अतिरिक्त निगम अमले ने नेट मिंटोरा कोचिंग क्लासेस व ला पेग कोचिंग क्लासेस को नोटिस का जवाब पेश करने दो-दो दिन का समय दिया गया है।

### आकाश कोचिंग संचालक ने मौके पर दिया जवाब

निगम अमले ने आकाश कोचिंग क्लॉसेस के संचालक द्वारा नोटिस का जवाब न देने पर कोचिंग को सील करने की कार्रवाई की गई। जिस पर संचालक ने तुरंत शपथ पत्र पेश करने पर सील करने की कार्रवाई स्थगित की गई।

## बैंक की ईएमआई भर रहे हितग्राही

# 'हाउसिंग फॉर ऑल' में घर नहीं, सिर्फ आश्वासन... 8 साल बाद भी नहीं मिला पजेशन



12 नंबर मल्टी में चल रहा निर्माण।

*महापौर के निरीक्षण के 8 महीने बाद भी इंतजार खत्म नहीं, बढ़ती जा रही पजेशन की तारीख*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नगर निगम की हाउसिंग फॉर ऑल परियोजना में सैकड़ो हितग्राहियों का अपने घर का सपना अब भी अधूरा है। जाटखेड़ी, बागमुगलिया और 12 नंबर बस स्टॉप स्थित आवासीय परियोजनाओं में लंबे समय से पजेशन नहीं दिया गया है। आठ महीने पहले महापौर मालती राय ने परियोजना का निरीक्षण कर जल्द पजेशन दिलाने का आश्वासन दिया था, लेकिन बरसात आने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।

### निगम की नई तारीख और पजेशन टला

आवेदकों का कहना है कि निगम हर बार नई तारीख देकर पजेशन टाल देता है। कई परिवार बैंक से लिए गए होम लोन की हर महीने ईएमआई भर रहे हैं, जबकि रहने के लिए अब भी किराए के मकान में रहना पड़ रहा है। इससे उन पर दोहरी आर्थिक मार पड़ रही है।

### 2017 में शुरू हुआ प्रोजेक्ट 2026 में भी अधूरा...

12 नंबर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना परियोजना की शुरुआत वर्ष 2017 में हुई थी। यहां 216 एमआईजी, 576 एलआईजी और 1008 ईडब्ल्यूएस फ्लैट बनाए जा रहे हैं। निगम ने उसी वर्ष फ्लैटों की बुकिंग भी शुरू कर दी थी। उस समय हितग्राहियों से कहा गया था कि दो साल में यानी 2019 तक मकानों का पजेशन मिल जाएगा। लेकिन अब आठ साल बीत चुके हैं और परियोजना अब भी पूरी नहीं हो सकी।

### हाउसिंग फॉर ऑल के अधिकारी गोयल ने नहीं रिसीव किया कॉल

मौके पर कई इमारतों में निर्माण कार्य अधूरा दिखाई दिया। कहीं फिनिशिंग का काम बाकी है तो कहीं मूलभूत सुविधाएं पूरी नहीं हैं। हितग्राहियों का कहना है कि उन्हें बार-बार सिर्फ आश्वासन मिल रहा है, लेकिन पजेशन की निश्चित तारीख कोई नहीं बता रहा। भोपाल शहर की महापौर मालती राय ने फोन नहीं उठाया और न ही नगर निगम हाउसिंग फॉर आल के अधिकारी आरके गोयल अपने ऑफिस में मिले। वहीं उन्होंने फोन भी रिसीव नहीं किया।

## समीक्षा के बाद निगम कमिश्नर ने लिया एक्शन

# फर्जी नक्शे से जारी कराई भवन अनुमति दो आर्किटेक्ट के लाइसेंस हुए सस्पेंड

*नक्शा और निर्माण में अंतर मिलने के बाद की गई कार्रवाई*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगर निगम सीमा में तीन हजार वर्गफीट एरिया तक की बिल्डिंग परमिशन जारी करने वाले आर्केटेक्ट फर्जी नक्शा और एरिया के आधार पर बिल्डिंग परमिशन जारी कर रहे हैं। यह खुलासा गुरुवार को बिल्डिंग परमिशन की जांच में सामने आया। जिसके बाद निगम कमिश्नर संस्कृति जैन ने आर्किटैक्ट पीयूष जोशी और सतीश शर्मा का लाइसेंस सस्पेंड कर दिया है।

मुख्य नगर निवेशक नीरज आनंद लिखान ने जांच के बाद आर्किटैक्ट पीयूष जोशी द्वारा नवंबर 2022 को प्लॉट नंबर बी-93 पर भवन निर्माण की परमिशन जारी की थी, जिसमें सबमिट किए गए नक्शे के विपरीत परमिशन जारी की गई है। इसी तरह सितंबर 2023 को प्लॉट नंबर बी-63 पर भवन निर्माण के लिए नक्शा और निर्माण में अंतर मिलने पर दोनों के लाइसेंस सस्पेंड कर दिए गए हैं।

### दस्तावेज नहीं तो सिस्टम नक्शा नहीं लेगा

इधर, नगर निगम के बिल्डिंग परमिशन के साफ्टवेयर को भी अपडेट किया गया है। जिसके तहत पूरा सिस्टम एक सर्वर से चलेगा। सर्वर में नियमों, मास्टर प्लान, टीएंडसीपी से मंजूर कॉलोनियों के ले-आउट सहित सभी जानकारी फीड है। नक्शे के साथ रजिस्ट्री, लिंक रजिस्ट्री, नामांतरण, टीएंडसीपी के दस्तावेज, संपत्ति व जलकर रसीद स्कैन कर लगाई जाएगी। छोटे प्लॉट के नक्शों की डिजाइन भी रहेगी। व्यक्ति नक्शा लगाते समय इन डिजाइन में से एक सिलेक्ट कर दस्तावेजों की स्कैन कॉपी सबमिट कर सकेगा। ये प्रक्रिया चार स्टेप्स में बने डिजिटल फॉर्म सहित ऑनलाइन दर्ज होगी। फॉर्म के साथ कोई दस्तावेज नहीं लगाया तो सिस्टम नक्शा नहीं लेगा।

# 10 दिन के ब्रेक के बाद लौटी बारिश, पूर्वी मप्र से शुरू शनिवार तक भीगेगा भोपाल, 3 डिग्री गिरेगा पारा

## 24 घंटे में 30 से अधिक शहरों में बारिश, तेज हवाओं के साथ बौछारें पड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में बीते करीब 10 दिन से मानसून की बारिश पर ब्रेक जैसे हालात रहे हैं, जो गुरुवार से खत्म हो गए हैं। पूर्वी मध्य प्रदेश से बारिश एक बार फिर जोर पकड़ रही है, जो रविवार तक भोपाल सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्सों को भिगोना शुरू कर देगी। बारिश के असर से दिन के तापमान में रविवार तक औसतन 2 से 3 डिग्री तक कमी आने की उम्मीद है। अभी प्रदेश में औसत पारा 32 डिग्री तक है, जो 29 से 30 डिग्री तक पहुंच जाएगा।इससे तेज गर्मी और उमस से काफी राहत मिलेगी। इससे पहले 7 जुलाई तक प्रदेशभर में बारिश की झमाझम रही थी। 9 जुलाई को मानसून ने पूरे देश को कवर किया था, जिसके बाद से प्रदेश में बारिश में कमी आना शुरू हुई थी। मौसम केंद्र के अनुसार गुरुवार को सुबह से देर शाम तक करीब 20 से अधिक शहरों में बौछारें पड़ीं, जबकि पिछले 24 घंटे में कुल लगभग 30 से ज्यादा स्थानों पर बादल-बौछारें पड़ी हैं। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार मानसूनी सिस्टम अब सक्रिय है, जो धीरे धीरे पूरे प्रदेश में बारिश की गतिविधियों को बढ़ाएगा। भोपाल में भी शनिवार से रविवार तक बारिश की उम्मीद है।



राजधानी में शाम के वक्त बादल छाये रहे। चित्र मानसरोवर कॉम्प्लेक्स का।

### प्रदेशभर में सुबह से शाम तक यहां पड़ीं बौछारें

विदिशा, दमोह, सागर, मैहर, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, डिंडोरी, जबलपुर, शहडोल, अनूपपुर में गरज चमक के साथ बौछारें पड़ीं। हरदा, नर्मदापुरम, गुना, अशोकनगर, रायसेन, सीहोर, छतरपुर, पन्ना, पांढुर्ना, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी, नरसिंहपुर, कटनी, उमरिया जिले में भी कुछ स्थानों पर बारिश दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटे में मैहर में 87.3 मिमी बारिश दर्ज हुई।

### आज यहां अलर्ट

शुक्रवार तक रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, दतिया, भिंड, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, कटनी, जबलपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, पन्ना, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, मैहर में बारिश होगी।

## पानी और मेस व्यवस्था पर सवाल, प्रबंधन बोला-पानी ठीक, मौसम में बदलाव कारण

# उल्टी और पेटदर्द की शिकायत के बाद मैनिट हॉस्टल के तीन छात्र पहुंचे अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) हॉस्टल में कुछ छात्रों की तबियत बिगड़ गई, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाना पड़ा। छात्रों का आरोप है कि होस्टल में पीने का पानी, साफ सफाई की कमी से छात्रों से तबियत बिगड़ी है। मेस में भोजन व्यवस्था पर भी छात्रों ने सवाल उठाए हैं। छात्रों का कहना है कि यहां दूषित पानी व भोजन से कई छात्र बीमार हो गए, जिन्हें विभिन्न अस्पतालों में इलाज के बाद गुरुवार को छुट्टी दे दी गई। इधर, मैनिट प्रशासन का कहना है कि पानी और सफाई की कोई शिकायत नहीं है। निगम से पानी आता है, जिसका उपयोग हम भी करते हैं। मैनिट पीआरओ डॉ. राहुल तिवारी के अनुसार छात्र अभी बाहर से आए हैं, जिनमें से 3 छात्रों को उल्टी दस्त और पेट दर्द की शिकायत थी। उन्होंने अस्पताल से इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है।



अस्पताल में इलाज कराता मैनिट का एक छात्र।

### क्या है पूरा मामला

हॉस्टल नंबर-9 और 11 में रहने वाले छात्रों का आरोप है कि लंबे समय से पानी की अनियमित आपूर्ति, गंदगी, खराब भोजन और जर्जर छात्रावास की वजह से हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। उनका कहना है कि दूषित पानी और भोजन के कारण अब तक कई छात्र बीमार पड़ चुके हैं। कई छात्रों का उपचार शारदा अस्पताल और अन्य निजी अस्पतालों में चला है। छात्रों का कहना है कि समय रहते व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।

### गंदे पानी से बढ़ी परेशानी

छात्रों के अनुसार हॉस्टल में नियमित रूप से पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। सुबह पानी नहीं आने से नहाने, शौच और अन्य दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। वहीं अधिकांश शौचालयों की नियमित सफाई नहीं होने से वे उपयोग के योग्य नहीं रह गए हैं। गंदगी और बदबू से संक्रमण का खतरा भी बढ़ गया है। कई छात्रों ने बताया कि हॉस्टल परिसर में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं।

### दूषित पानी से बीमार नहीं

छात्र अभी बाहर से आए हैं, मौसम में बदलाव के कारण कुछ छात्रों की तबियत खराब हुई थी। 3 छात्रों को उल्टी दस्त और पेट दर्द की शिकायत थी, उन्हें अस्पताल से इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। हॉस्टल में दूषित पानी की शिकायत नहीं है। नगर निगम से जो पानी आता है, उसे हम भी इस्तेमाल करते हैं।

डॉ. राहुल तिवारी, पीआरओ मैनिट, भोपाल

भोपाल
शुक्रवार, 17 जुलाई 2026
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष-3
वर्ष : 13, अंक : 106
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 33
न्यून. 27

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और प्रत्याशी कुंवर घनश्याम सिंह से 'हरिभूमि व आईएनएच' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी की खास बातचीत

उनसे सवाल था
आपका दावा है कि नरोत्तम अच्छे संगठक हैं तो वे ढाई साल पहले हार क्यों गए?

# उनका जवाब-उनमें बहुत अहंकार आ गया था, वे अपने राजनैतिक 'विरोधियों' को व्यक्तिगत दुश्मन मान बैठे थे, अब जो सामने है वे उस पर भी हमला करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दतिया उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह का कहना है कि मेरी शराफत ही तो भाजपा पर भारी पड़ रही है। मैं शरीफ हूं लेकिन कमजोर नहीं हूं अंदर से बहुत मजबूत हूं। बहुत स्ट्रांग हूं। कोई मुझ पर अनुचित वार करेगा तो उसका मैं उचित राजनैतिक वार देना जानता हूं। मैंने कई बार इस मामले में अपनी ताकत दिखाई भी है। मैं जल्दी किसी के दबाव में नहीं आता। नरोत्तम अपनी राजनैतिक गलतियों के कारण हारे। वे लंबे समय से सत्ता में थे, मंत्री थे उनको बहुत अहंकार आ गया था। उन्होंने राजनैतिक विरोधियों को व्यक्तिगत दुश्मन मानते हुए परेशान किया। मेरे साथ भी हुआ, मैंने मुकाबला कर लिया। राजनैतिक रूप से अब वो सामने नहीं हैं। अब जो सामने हैं उस पर हमला करेंगे। अब जनता मेरे साथ है। हमारे कार्यकर्ता घूम रहे हैं। हमारे कार्यकर्ता कम से कम दो बार प्रत्येक पोलिंग पर हो आए हैं। वरिष्ठ नेताओं ने कमान संभाली हुई है। पिछले 10 दिन से 50 वरिष्ठ नेता दतिया में हैं। गांव-गांव में सेक्टर बना दिए गए हैं। तीन पोलिंग का एक सेक्टर है। एक सेक्टर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री, वर्तमान विधायक और वर्तमान जिलाध्यक्ष दो बार घर हो आए हैं। चुनाव होगा तब तक 10 बार घर जा चुके होंगे। दतिया

दतिया का दम

### यह भी बोले घनश्याम सिंह

- *90 प्रतिशत वोटरों ने आशुतोष तिवारी का कभी नाम ही नहीं सुना, वे बाहरी हैं*
- *अवधेश नायक आज भी पार्टी के साथ हैं और पार्टी उनके साथ है*
- *भाजपा के खिलाफ इनकंबेंसी है, हर वर्ग के लोग उनके खिलाफ*




विधानसभा उप चुनाव में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रत्याशी वरिष्ठ नेता और दतिया राजघराने के कुंवर घनश्याम सिंह जो पहले भी दो बार दतिया क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं से डॉ. हिमांशु द्विवेदी की खास बातचीत।

### उनसे सीधी बातचीत

- **प्रश्नः एक बार फिर दतिया क्यों?**

**उत्तरः** उप चुनाव आ गया। पार्टी को उम्मीदवार चाहिए था। मैं विगत 12-13 वर्षों से सेवढ़ा क्षेत्र में काम कर रहा था। इसलिए, दतिया में मैं चुनाव लड़ने का इच्छुक नहीं था, लेकिन पार्टी के नेताओं ने आग्रह किया आप चुनाव लड़े। पार्टी के आग्रह पर दतिया विधानसभा उप चुनाव में उम्मीदवार के तौर पर हूं।

- **प्रश्नः जिनकी चुनाव लड़ने की इच्छा थी उनको छोड़कर पार्टी ने जिनकी इच्छा नहीं थी, उनको चुन लिया ऐसा क्यों?**

**उत्तरः** पार्टी ने देखा कि सबसे ताकतवर उम्मीदवार मैं ही हूं। पार्टी ने जनता और कार्यकर्ताओं में सर्वे कराया। सबने कहा इनको आप टिकट दीजिए। सबसे ताकतवर मैं ही था इसलिए पार्टी ने मुझे चुना। हालांकि, नरोत्तम मिश्रा होते तो वास्तव में टफ फाइट होती, चुनौतीपूर्ण फाइट होती, अच्छा मुकाबला होता, मजा भी आता। वो ताकतवर थे, अब वे मैदान में नहीं है तो मेरी लिए ये ▶▶ शेष पेज 11 पर

### खबर संक्षेप

#### जैन मंदिर में चोरी के आरोप में पुजारी गिरफ्तार



**सीहोर।** खजांची लाइन स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में लाखों की चोरी के आरोप में पुलिस ने मंदिर के पुजारी कपिल जैन को गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले तीन वर्षों से मंदिर में पूजा-पाठ कर रहा था। मंदिर के अध्यक्ष अजय कुमार जैन की शिकायत पर पुलिस ने पुजारी के कब्जे से चोरी गया करीब 8 लाख का सामान बरामद किया है। इसमें 50 ग्राम सोने का छत्र व 500 ग्राम वजनी चांदी की थाली शामिल है।

#### ई20 से वाहन खराब देना होगी नई कार




**रायपुर।** रायपुर जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने वाहन निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड और उसके डीलर को एक ग्राहक की ग्रैंड विटारा स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड कार को बदलकर उसी मॉडल का नया ई20-कंपैटिबल (अनुकूल) वाहन देने का कड़ा आदेश जारी किया है। उपभोक्ता आयोग ने इस मामले में कंपनी और डीलर दोनों को 'सेवा में कमी' और 'अनुचित व्यापार व्यवहार' का दोषी माना है।

#### नीटः आंसर-शीट देख छात्रा ने की आत्महत्या



**फरीदाबाद।** हरियाणा के फरीदाबाद की एसआरएस रॉयल हिल्स सोसाइटी में गुरुवार को 20 वर्षीय छात्रा ने इमारत की छत से कूदकर आत्महत्या कर ली। भूपानी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। परिजनों के अनुसार, दानविटा ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर ली थी, लेकिन जारी हुई आंसर-शीट को चेक करने पर उसे मनमुताबिक अंक नहीं मिले। जिससे वह तनाव में थी।

गगनयान समेत राष्ट्रीय महत्व के मिशनों से जुड़े वैज्ञानिकों के बढ़ते इस्तीफों से सरकार चिंतित

# 100 से अधिक वैज्ञानिकों के इस्तीफों से हिला इसरो, सरकार ने वीआरएस रोकी

अब इसरो के ऐसे वैज्ञानिकों के इस्तीफे और वीआरएस पर अंतिम फैसला सीधे अंतरिक्ष विभाग करेगा, ताकि अहम अंतरिक्ष परियोजनाओं की रफ्तार प्रभावित न हो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गगनयान मिशन समेत भारत के कई अहम स्पेस प्रोजेक्ट के बीच इसरो में 100 से ज्यादा वैज्ञानिकों के लगातार इस्तीफों और वीआरएस ने सरकार की चिंता बढ़ा दी है। इसी को देखते हुए अंतरिक्ष विभाग ने नया निर्देश जारी कर दिया है। अब गगनयान और अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं से जुड़े वैज्ञानिकों के इस्तीफे या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) को सामान्य प्रक्रिया के तहत मंजूरी नहीं दी जाएगी।

हर मामले में अंतिम फैसला अंतरिक्ष विभाग करेगा। 14 जुलाई को यूआर राव सैटेलाइट सेंटर और विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर जैसे केंद्रों को जारी किए गए मेमोरेंडम में निर्देश दिया गया कि वे 'ग्रुप ए' के वैज्ञानिक और तकनीकी कर्मचारियों के इस्तीफे या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के अनुरोधों को सामान्य प्रक्रिया के तहत स्वीकार न करें। ऐसे सभी मामलों को संबंधित केंद्र के निदेशक की सिफारिश के साथ अंतरिक्ष विभाग भेजा जाएगा, जहां अंतिम निर्णय लिया जाएगा। दरअसल ये कर्मचारी भारत के प्रतिष्ठित मानव अंतरिक्ष ▶▶ शेष पेज 2 पर

ज्यादातर वैज्ञानिक स्पेस स्टार्टअप में शामिल हो गए




एआई इमेज

- **इसरो को अपने मिशनों में भी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा**
- **केवल प्रशासनिक सख्ती लगाने से समस्या पूरी तरह हल नहीं होगी**

### निजी स्पेस कंपनियां बन रहीं नई पसंद

2020 में अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने और 2023 की भारतीय अंतरिक्ष नीति के बाद पिक्सेल, ध्रुव स्पेस, स्काईरूट एयरोस्पेस, अग्निकुल कॉसमॉस और बेलाट्रिक्स एयरोस्पेस जैसी कंपनियां तेजी से उभरी हैं, जिससे वैज्ञानिकों के लिए नए अवसर बढ़े हैं।

#### हालिया मिशनों को भी झटके

वैज्ञानिकों के इस्तीफों के बीच इसरो को अपने मिशनों में भी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। संगठन का भरोसेमंद पीएसएलवी रॉकेट पिछले एक वर्ष में लगातार दो मिशनों में अपेक्षित सफलता हासिल नहीं कर सका। जनवरी में पीएसएलवी-सी 62 मिशन निर्धारित मार्ग से भटक गया, जबकि पिछले वर्ष पीएसएलवी-सी 61/ईओएस-09 मिशन भी तीसरे चरण में तकनीकी खराबी के कारण सफल नहीं हो पाया। इन घटनाओं ने संगठन के सामने तकनीकी और ▶▶ शेष पेज 2 पर

#### आगे कई बड़े मिशनों की जिम्मेदारी

इन चुनौतियों के बावजूद इसरो के सामने आने वाले वर्षों में कई महत्वाकांक्षी परियोजनाएं हैं। इनमें गगनयान, चंद्रयान-4, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन और मंगलयान-2 जैसे मिशन शामिल हैं। इन परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए अनुभवी वैज्ञानिकों की भूमिका बेहद अहम मानी जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि केवल इस्तीफों पर प्रशासनिक सख्ती लगाने से समस्या पूरी तरह हल नहीं होगी। यदि इसरो को अपने अनुभवी वैज्ञानिकों को लंबे समय तक संगठन में बनाए रखना है, तो बेहतर करियर ग्रोथ, प्रतिस्पर्धी वेतन, आधुनिक शोध सुविधाएं और निजी क्षेत्र के बराबर अवसर उपलब्ध कराने पर भी ध्यान देना होगा। फिलहाल सरकार का नया फैसला इस बात का संकेत है कि राष्ट्रीय महत्व के अंतरिक्ष मिशनों में अनुभवी वैज्ञानिकों को बनाए रखना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता बन गया है।

सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट निर्देश

# 70 वर्ष से अधिक उम्र और बीमार कैदियों की रिहाई को राज्य 3 महीने में बनाएं नीति



रिहाई के आवेदन ई-प्रिजन्स पोर्टल के माध्यम से संसाधित किए जाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश देते हुए कहा कि 70 वर्ष से अधिक उम्र, लाइलाज बीमारी, गंभीर बीमारी या शारीरिक रूप से अक्षम कैदियों की मानवीय आधार पर समय से पहले रिहाई के लिए तीन महीने के भीतर एक स्पष्ट नीति तैयार की जाए। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने यह आदेश राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (एनएएलएसए) की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। याचिका में देशभर में ऐसे कैदियों की दयापूर्ण रिहाई के लिए एक समान दिशा-निर्देश बनाने की मांग की गई थी। याचिका में कहा गया था कि जेलों में बुजुर्ग और शारीरिक रूप से कमजोर कैदियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। कई कैदी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं, लेकिन उन्हें पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। ऐसे कैदियों को जेल में बनाए रखना संविधान के ▶▶ शेष पेज 2 पर

#### पोर्टल पर अलर्ट सिस्टम और डेडलाइन मॉनिटरिंग की सुविधा हो

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि पोर्टल में समय-सीमा का पालन सुनिश्चित करने के लिए अलर्ट सिस्टम और डेडलाइन मॉनिटरिंग की सुविधा होनी चाहिए। साथ ही यह पोर्टल अनुपालन रिपोर्ट तैयार कर सके और राज्य सरकारों, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों तथा अन्य सक्षम अधिकारियों को निगरानी की सुविधा दे। अदालत ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि कैदियों की चिकित्सकीय और व्यक्तिगत जानकारी पूरी तरह सुरक्षित रहे। इन निर्देशों को लागू करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के कानून एवं न्याय मंत्रालय, गृह मंत्रालय और राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र को राज्यों और ▶▶ शेष पेज 2 पर

बालाघाट में भीषण सड़क हादसा

## सीमेंट से भरे बेकाबू ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, तीन की मौत



तीनों मृतक भरवेली माइंस के कर्मचारी व मजदूर थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालाघाट

जिले के भरवेली थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। ग्राम मानेगांव के पास बुधवार देर शाम एक तेज रफ्तार और सीमेंट से भरे अनियंत्रित ट्रक ने सामने से आ रही मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक चला रहे युवक गोविंद मर्सकोले (41) को ट्रक करीब 50 मीटर तक घसीटता ले गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में गंभीर ▶▶ शेष पेज 2 पर

फिर दिखी सिस्टम की संवेदनहीनता

## भिंड में कार में बंधक बनाकर युवती से गैंगरेप, 3 पर आरोप



पीड़िता को मेडिकल के लिए 7 घंटे तड़पाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिंड

प्रदेश के भिंड जिले के सुरपुरा थाना क्षेत्र में एक 29 वर्षीय युवती को कार में बंधक बनाकर गैंगरेप करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि बुधवार शाम जब युवती मंदिर के रास्ते से गुजर रही थी, तभी नावली गांव के सुमित यादव ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर उसका रास्ता रोका और उसे जबरन सफेद रंग की कार में खींच लिया। आरोपी उसे बीहड़ के सुनसान इलाके में ले गए, जहां तीनों ने ▶▶ शेष पेज 2 पर

## कटनी में देश की सबसे बड़ी जल सुरंग तैयार



- 12 किमी लंबी स्लीमनाबाद जल-सुरंग अब पूर्णता के अंतिम चरण में
- 1450 गांवों की 2.45 लाख हेक्टेयर भूमि को स्थायी सिंचाई सुविधा मिलेगी

#### सीएम डॉ. यादव आज करेंगे निरीक्षण

**कटनी।** मध्यप्रदेश के सिंचाई इतिहास की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में शामिल स्लीमनाबाद जल-सुरंग अब पूर्णता के अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। सीएम डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को कटनी जिले में देश की सबसे लंबी और तकनीकी रूप से सबसे जटिल जल-सुरंग का निरीक्षण करेंगे। लगभग 12 किलोमीटर लंबी यह सुरंग विंध्य पर्वतमाला के भीतर से नर्मदा के जल को गुरुत्वाकर्षण के आधार पर सोन नदी के कछार तक पहुंचाने वाली देश की अनूठी इंजीनियरिंग ▶▶ शेष पेज 2 पर

नीट यूजी 2026 का रिजल्ट घोषित

# 11.21 लाख उम्मीदवार हुए पास, पंजाब के आर्यन और हरियाणा के पांशुल ने किया टॉप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने नीट यूजी 2026 के परिणाम जारी कर दिए हैं। करीब 20 लाख में से 11.21 लाख उम्मीदवारों ने मेडिकल, डेंटल और आयुष जैसे कोर्सेज में दाखिले के लिए क्वालिफाई किया है। पंजाब के आर्यन गुप्ता और हरियाणा के पांशुल बंसल ने 720 में से 715 अंक हासिल कर ऑल इंडिया टॉप किया है। छात्राओं का प्रदर्शन छात्रों से बेहतर रहा, जहां क्वालिफाई करने वालों में 58% से अधिक छात्राएं शामिल हैं। टॉप रैंकर्स में 99% छात्रों की उम्र 17 से 19 साल के बीच है। इनमें से 93% से ज्यादा ने पहले ही प्रयास में सफल रहे।

- छात्राओं ने फिर मारी बाजी टॉप स्कोरर्स में 93% फ्रेशर्स शामिल



आर्यन पांशुल

#### 13 भाषाओं और 551 शहरों में आयोजित हुई थी परीक्षा

ये परीक्षा 21 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक ऑफलाइन (पेन-एंड-पेपर) मोड में आयोजित की गई थी। यह परीक्षा देश और विदेश के 551 शहरों में बनाए गए 5,440 केंद्रों पर संपन्न हुई। कुल 13 भाषाओं में आयोजित इस परीक्षा में देश के सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों के साथ-साथ विदेशी छात्रों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था।

पं शास्त्री पर सपा का बड़ा हमलाः भाई से संबंध न होने के दावों पर उठाए सवाल

गोलीकांड से जुड़े सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

- सपा नेता डॉ. यादव ने सभी रजिस्ट्रियों के दस्तावेज मौजूद होने का किया दावा
- गोलीकांड के आरोपी को वीआईपी ट्रीटमेंट देने का आरोप

# 350 एकड़ जमीन और ट्रस्ट की संपत्तियां धीरेंद्र शास्त्री के भाई शालिग्राम के ही नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



शालिग्राम गर्ग



समाजवादी पार्टी के मध्य प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बागेश्वर धाम और पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के परिवार पर तीखा हमला बोला है। सपा का दावा है कि बागेश्वर धाम से जुड़ी लगभग 350 एकड़ जमीन, अचल संपत्तियां और मुंबई स्थित एक ट्रस्ट की संपत्तियां धीरेंद्र शास्त्री के भाई शालिग्राम गर्ग के नाम पर दर्ज हैं। डॉ. यादव ने कहा कि उनके पास इन सभी रजिस्ट्रियों के दस्तावेज मौजूद हैं। उन्होंने धीरेंद्र शास्त्री के उस बयान पर भी सवाल उठाया जिसमें उन्होंने भाई से दो साल से कोई संबंध न होने की बात कही थी। सपा ने पूछा कि यदि संबंध नहीं हैं, तो संपत्तियां उनके नाम कैसे ट्रांसफर हो रही हैं? छतरपुर गोलीकांड में शालिग्राम गर्ग की गिरफ्तारी को लेकर समाजवादी पार्टी ने स्थानीय पुलिस और प्रशासन को आड़े हाथों लिया है। सपा का आरोप है कि आरोपी ▶▶ शेष पेज 2 पर

#### अभी भी कुछ आरोपी फरार

सपा ने आरोप लगाया कि पीड़ित पक्ष की शिकायत पहले ही पुलिस के पास पहुंच गई थी, लेकिन समय पर कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद आरोपियों ने गांव पहुंचकर मारपीट की और गोलीबारी की। पार्टी ने दावा किया कि इस मामले में अभी भी कुछ आरोपी फरार हैं।

#### सपा का प्रशासन को 48 घंटे का अल्टीमेटम

सपा ने पुलिस प्रशासन को फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए 48 घंटे का समय दिया है। यादव ने चेतावनी दी है कि यदि तय समय सीमा के भीतर सभी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया और संबंधित जेल अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो सपा सभी एक बड़ा आंदोलन शुरू करेगी।

## जैकेट दो का शेष...

### आस्था का अटूट ...

पड़ी। लेकिन इस दुखद घड़ी में भी, महाप्रभु जगन्नाथ के प्रति भक्तों का विश्वास डगमगाया नहीं है। रथयात्रा के दौरान भगदड़ जैसे हालत हो गए। जिसमें कई लोग घायल हो गए। हालांकि, प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह हादसा किसी भगदड़ की वजह से नहीं, बल्कि अत्यधिक भीड़ के कारण दम घुटने और अचानक तबीयत बिगड़ने से हुआ है। कई अन्य श्रद्धालु बेहोश और घायल हुए हैं, जिन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। प्रशासन ने आधिकारिक तौर पर भगदड़ की खबरों का खंडन किया है। उनके अनुसार, यह अत्यधिक भीड़ के कारण दम घुटने की घटना है। सुरक्षा बलों और मेडिकल टीमों को अलर्ट पर रखा गया है।

### 20,193 करोड़ के निवेश ..

है। इस अवसर पर केंद्रीय टैक्टाइल मंत्री गिरिराज किशोर, प्रमुख टैक्टाइल उद्योग प्रतिनिधि, केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय के अधिकारी तथा राज्य सरकार के अधिकारी उपस्थित थे।

**विश्व में सबसे सस्ती बिजली मप्र में** : मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने उद्योगपति और निवेशकों से किए अपने सभी वादे पूरे किए हैं। सभी सेक्टर्स में उद्योगपतियों और निवेशकों को सब्सिडी के रूप में उनके हक की राशि डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर की जा चुकी है। राज्य सरकार ने राशि देकर मई 2026 तक की सभी देनदारियां खत्म कर दी हैं। प्रदेश सरकार ने डेढ़ साल में लगभग 5500 करोड़ रुपए की राशि उद्योगपतियों को सब्सिडी के रूप में दी है। उन्होंने कहा कि बीते समय बिजली की नीलामी हुई थी। उसके आधार पर इस वक्त विश्व में सबसे सस्ती बिजली कहीं मिल रही है तो वो मध्यप्रदेश में। हमारे यहां पानी और बिजली है। जिससे उद्योग संचालन आसान हो गया है।

### केंद्र और वैश्विक ब्रांड्स के साथ ...

सरकार को तेजी से और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धार जिले में देश के पहले पीएम मित्र पार्क की आधारशिला रखी है। इससे खेत से लेकर कारखाने और यहां से गारमेंट इंडस्ट्री और वैश्विक बाजार तक पहुंच आसान होगी।

**निवेश, उत्पादन, और रोजगार सृजन पर चर्चा** : डॉ. यादव ने टैक्सटाइल उद्योग के प्रमुख प्रतिनिधियों के साथ वन-टू-वन बैठक कर निवेश, उत्पादन, निर्यात और रोजगार सृजन से जुड़े विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर अपैरल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल, मैनमेड एंड टेक्निकल टैक्सटाइल्स एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल तथा द कॉटन ट्रैसटाइल्स एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के साथ सहयोग संबंधी एमओयू पर हस्ताक्षर भी किए गए। मुख्यमंत्री ने भारत टैक्स-2026 में लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया और देश के प्रमुख टैक्सटाइल उद्योग प्रतिनिधियों के साथ राउंड टेबल चर्चा में हिस्सा लिया।

### निवेश संवाद में ...

18,601 करोड़ के प्रस्ताव प्राप्त हुए। कार्यक्रम के दौरान औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए एमपीआईडीसी ने निर्यात संवर्धन, ई-कॉमर्स और वैश्विक व्यापार जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सात महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए। यह पहल राज्य में औद्योगिक सहयोग और कौशल विकास को नई दिशा देगी।

### 105 किग्रा सोना व 29 ...

समिति के बैंक खातों, लॉकर, दस्तावेजों और अभिलेखों की गहनता से जांच की थी और समिति के सदस्यों से भी पूछताछ की थी। जांच पूरी होने के बाद अब समिति की संपत्ति को सरकारी नियंत्रण में लिया जा रहा है। समिति के पास मौजूद 29 किलोग्राम चांदी और 105 ग्राम सोना अब मंदिर की शासकीय प्रबंध समिति के सुपुर्द किया जाएगा। समिति के पास जमा समस्त कैश को भी शासकीय समिति को ट्रांसफर किया जाएगा। इस पूरी राशि और कीमती आभूषणों को शासकीय बैंक खातों और सरकारी लॉकर में पूरी सुरक्षा के साथ रखा जाएगा। मंदिर में आने वाले पाई-पाई के दान की कड़ी निगरानी की जाएगी।

### 100 से अधिक ...

बिजली, पानी और भोजन आपूर्ति विभाग के कर्मचारी भी जांच के दायरे में हैं।

### महज 24 घंटे के भीतर ...

वाली कई वीआईपी और विशेष सुविधाएं अब आजीवन नहीं रहेंगी, बल्कि उन्हें एक सीमित अवधि के लिए तय कर दिया गया है। यही कारण रहा कि हजारों श्रद्धालुओं ने नई पॉलिसी के लागू होने से ठीक पहले भारी-भरकम दान देकर पुराने नियमों के तहत मिलने वाले आजीवन लाभों को हमेशा के लिए सुरक्षित कर लिया। आंकड़ों के अनुसार, इस विशेष दिन कुल 2,460 दानदाताओं ने मंदिर के खजाने में अपना योगदान दिया। इसमें से 1,212 श्रद्धालुओं ने 1 लाख से 10 लाख के बीच की राशि दान की, जबकि 1,246 लोगों ने 10 लाख से 25 लाख तक का बड़ा योगदान दिया।

### 10 कोच और 2600 ...

में यात्रा कर सकते हैं। यह दुनिया की सबसे लंबी हाइड्रोजन ट्रेन में 10 कोच हैं, एक बार में 2638 यात्री सफर कर सकते हैं। 110 से 140 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से रफ्तार भरेगी। 1200 किलोवाट का हाइड्रोजन फ्यूल सेल सिस्टम है। डीजल की बजाए हाइड्रोजन से बिजली का उत्पादन होगा। कार्बन उत्सर्जन लगभग शून्य है।

### 75 पुनर्विकसित अमृत ...

शुक्रवार को देशभर के 75 पुनर्विकसित अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। इस क्रम में उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के जैसलमेर, बाड़मेर और गोटन स्टेशनों का भी उद्घाटन होगा।

### आर्मी लिखी बोलेरो से ...

से कमाया गया बताया जा रहा है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मुमताज शाह (19), दीपक सिंह (21), संजू सिंह (28), रंजीत सिंह (28) और प्रिंस (22) के रूप में हुई है। कोतवाली पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और मध्य प्रदेश ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है ताकि इस अवैध नेटवर्क के मुख्य सरगना का पता लगाया जा सके।

### सामान्य वर्ग ने कहा- बिना ...

पिछड़ा वर्ग आयोग से सलाह लिए बिना ही नियम बना दिए। जब कोर्ट ने पूछा कि क्या अब दोबारा सलाह लेने से स्थिति बदलेगी, तो सामान्य वर्ग ने असहमति जताते हुए कहा कि बाद में प्रक्रिया पूरी करके शुरुआती बड़ी कमियों को सही नहीं ठहराया जा सकता। अब इस मामले में राज्य सरकार और ओबीसी वर्ग के वकील अपनी दलीलें पेश करेंगे।

### मंच से एसपी को चेताया ...

लेकर गंभीर सवाल उठाए। पुलिस प्रशासन पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि चक्काजाम खुलवाना पुलिस की जिम्मेदारी थी, लेकिन आंसू गैस के गोले हमारे (भाजपा) कार्यालय पर क्यों दागे गए? क्या हमारे कार्यालय की बिल्डिंग सड़क पर खड़ी थी? मैं इन सब बातों को भूला नहीं हूं और वक्त आने पर इसका हिसाब रखा जाएगा। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि निर्दोष कार्यकर्ताओं पर बेवजह की कार्रवाई और उनके साथ की गई बर्बरता को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### नरोत्तम समर्थकों पर ...

गाली-गलौज और अभद्रता की। फरियादी ने बताया कि वह उस वक्त डर गया था, इसलिए उसने 15 जुलाई को थाने जाकर शिकायत दर्ज कराई।

## पेज एक का शेष...

### 100 से अधिक...

उड़ान कार्यक्रम 'गगनयान' और अन्य 'महत्वपूर्ण मिशनों' से जुड़े हैं। जिन अन्य केंद्रों को यह निर्देश जारी किया गया, उनमें सतीश धवन स्पेस सेंटर, लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम्स सेंटर, स्पेस एप्लीकेशन सेंटर, नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर, इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग एंड कमांड नेटवर्क और मास्टर कंट्रोल फैसिलिटी शामिल हैं। इनमें बेंगलुरु स्थित यूआरएससी और तिरुवनंतपुरम स्थित वीएसएससी से सबसे ज्यादा कर्मचारियों ने नौकरी छोड़ी है। छोड़ने वालों में सीनियर साइंटिस्ट विक्टर जोसेफ टी भी शामिल थे, जो वीएसएससी में जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल एमके 3 प्रोजेक्ट के प्रोजेक्ट डायरेक्टर के तौर पर काम कर रहे थे। नौकरी छोड़ने वाले कुछ साइंटिस्ट्स के बारे में कहा जाता है कि वे स्पेस स्टार्टअप्स में शामिल हो गए हैं। ये स्टार्टअप्स तब से तेजी से आगे बढ़े हैं जब सरकार ने 2020 में प्राइवेट कंपनियों के लिए स्पेस सेक्टर खोला और 2023 में इंडियन स्पेस पॉलिसी लॉन्च की।

### हालिया मिशनों को ...

मानव संसाधन-दोनों मोर्चों पर चुनौतियां खड़ी कर दी हैं।

### 70 वर्ष से ...

अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) और अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार) का उल्लंघन है। यह अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार मानकों के भी अनुरूप नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि नई नीति में पात्रता की शर्तें, 'टर्मिनल इलनेस' (लाइलाज बीमारी) की स्पष्ट परिभाषा और स्वतंत्र मेडिकल बोर्ड द्वारा निष्पक्ष स्वास्थ्य जांच की अनिवार्य व्यवस्था शामिल होनी चाहिए। अदालत ने यह भी कहा कि समय से पहले रिहाई से जुड़े सभी आवेदनों का बिना किसी अनावश्यक देरी के निपटारा किया जाए। कोर्ट ने निर्देश दिया कि ऐसे सभी आवेदन ई-प्रिजन्स पोर्टल के माध्यम से संसाधित किए जाएं।

### पोर्टल पर अलर्ट....

केंद्र शासित प्रदेशों को तकनीकी सहायता, डिजिटल ढांचा, सॉफ्टवेयर सहयोग और प्रशिक्षण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को छह महीने के भीतर अनुपालन हलफनामा दाखिल करने का भी निर्देश दिया है। इस हलफनामे में अदालत के आदेशों के पालन के लिए उठाए गए कदम, नई नीति की स्थिति, रिहाई के लिए चिह्नित कैदियों की संख्या और विचाराधीन मामलों का पूरा विवरण देना होगा।

### सीमेंट से भरे...

रूप से घायल दो अन्य युवकों प्रकाश चौरे (42) और धानेश्वर मर्सकोले (23) ने अस्पताल ले जाते समय और इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। तीनों मृतक भरवेली माइंस के कर्मचारी व मजदूर थे, जो एक ही मोहल्ले के निवासी थे और चाय-नाश्ता करके लौट रहे थे। पुलिस ने तीनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और आरोपी ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया है।

### भिंड में कार...

बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया और रात करीब 11 बजे उसे छोड़कर फरार हो गए। घटना की शिकायत पर पुलिस ने मामला तो दर्ज कर लिया, लेकिन इसके बाद सिस्टम की बड़ी संवेदनहीनता सामने आई। पुलिस रात करीब 12 बजे पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची, जहां उसे और उसके परिजनों को रातभर इंतजार करना पड़ा। पीड़िता का आरोप है कि अस्पताल स्टाफ और पुलिसकर्मियों से मिन्नतें करने के बाद भी सुनवाई नहीं हुई। आखिरकार, अगली सुबह भिंड कलेक्टर से संपर्क करने के बाद ही, करीब 7 घंटे के लंबे इंतजार के बाद पीड़िता का मेडिकल परीक्षण हो सका। इस मामले में अस्पताल प्रबंधन और सुरपुरा थाना प्रभारी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

### कटनी में देश....

उपलब्धि है। इसके पूरा होने के साथ ही जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, रीवा और पन्ना के करीब 1450 गांवों की 2.45 लाख हेक्टेयर भूमि को स्थायी सिंचाई सुविधा मिलेगी, जिससे विंध्य और महाकौशल क्षेत्र की कृषि अर्थव्यवस्था में ऐतिहासिक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त होगा। इस पर अब तक कुल 1610.47 करोड़ रुपए का व्यय किया जा चुका है।

विंध्य और महाकौशल के 5 जिलों में समृद्धिः यह विशाल जल-सुरंग देश की पहली ऐसी इंजीनियरिंग मिसाल बनने जा रही है, जहां 10.14 मीटर व्यास की टनल से लाखों क्यूसेक नर्मदा जल बिना किसी बिजली या भारी पंपों के, केवल प्राकृतिक गुरुत्वाकर्षण यानी ग्रेविटी फ्लो के सहारे बहेगा। बरगी दायीं तट मुख्य नहर के माध्यम से जबलपुर, कटनी, सतना, मैहर, रीवा और पन्ना जिलों के लगभग 1450 गांवों की 2 लाख 45 हजार हैक्टेयर भूमि हमेशा के लिए सिंचित हो जाएगी। टनल के क्रियाशील होते ही इसके सीधे कमांड क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कटनी जिले की 21 हजार 823 हैक्टेयर, मैहर जिले की 54 हजार 227 हैक्टेयर, सतना जिले की 1 लाख 4 हजार 970 हैक्टेयर, रीवा जिले की 3 हजार 84 हैक्टेयर और पन्ना जिले की 448 हैक्टेयर सूखी भूमि को हरा-भरा जीवन मिल जाएगा।

### 350 एकड़ जमीन ...

शालिग्राम गर्ग को पुलिस वाहन के बजाए एक निजी इनोवा गाड़ी से लाया गया और उन्हें हथकड़ी भी नहीं लगाई गई। पीड़ित पक्ष द्वारा पहले ही शिकायत दर्ज कराने के बावजूद पुलिस ने समय पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया, जिसके चलते आरोपियों ने गांव जाकर मारपीट और गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया। गिरफ्तारी की कवरेज के दौरान पत्रकारों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया और उन्हें रोकने की कोशिश की गई।


बिहार सरकार

## समाहरणालय, मुजफ्फरपुर
### ( मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग)
### —: अल्पकालीन आम नीलामी सूचना :—

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 (यथा संशोधित) के अधीन विभिन्न थाना कांडो / उत्पाद वादो में जब्त एवं समाहर्त्ता–सह–जिला दंडाधिकारी, मुजफ्फरपुर एवं अन्य गठित अधिहरण न्यायालय द्वारा सुसंगत प्रावधानों के तहत् राज्यसात् करने के उपरांत मोटरयान निरीक्षक, मुजफ्फरपुर के द्वारा समर्पित मूल्यांकन प्रतिवेदन के आलोक में मूल्यांकन समिति के बैठक में मूल्यांकन राशि पर अंतिम रूप से सहमति के उपरांत वाहनों की सार्वजनिक नीलामी **"जहाँ है, जैसे है, उसी स्वरूप में"** के आधार पर गठित समिति (अध्यक्ष एवं सदस्यगण) के द्वारा अधोलिखित सारणी के अनुसार संपन्न की जाएगी। निर्धारित तिथि को किसी कारणवश नीलामी की प्रक्रिया अपूर्ण रहने की स्थिति में आवश्यकतानुसार उसके अगले कार्य दिवस को जाएगी।

| क्र० सं० | विवरण | वाहनों की सूची क्रमांक | नीलामी का स्थान | आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | नीलामी की तिथि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | प्रथम नीलामी | 1 से 21 तक | जिला परिषद भवन, मुजफ्फरपुर। | 25.07.2026 | 31.07.2026 | प्रथम नीलामी के पश्चात् शेष बचे वाहनों की सूची नीलामी की तिथि के पूर्व जिला के बेवसाईट www.muzaffarpur.bih.nic.in पर देखा जा सकता है। |
| 2 | द्वितीय नीलामी | प्रथम नीलामी के पश्चात् शेष बचे वाहन | | 07.08.2026 | 11.08.2026 | |
| 3 | तृतीय नीलामी | द्वितीय नीलामी के पश्चात् शेष बचे वाहन | | 18.08.2026 | 21.08.2026 | |
| तृतीय नीलामी के पश्चात् शेष बचे वाहनों की नीलामी विभागीय पत्रांक–809, दिनांक–03 .02.2026 के साथ संलग्न मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) के अनुसार मूल्यांकन राशि से 10 प्रतिशत कम करते हुए पुनः 4th (चतुर्थ) अथवा तब तक नीलामी की जाएगी, जबतक की वाहन नीलामी न हो जाए। | | | | | | |
| 4 | 4th नीलामी | 22 से 175 तक | जिला परिषद भवन, मुजफ्फरपुर। | 25.07.2026 | 31.07.2026 | चतुर्थ नीलामी के पश्चात् शेष बचे वाहनों की सूची नीलामी की तिथि के पूर्व जिला के बेवसाईट www.muzaffarpur.bih.nic.in पर देखा जा सकता है। |
| 5 | 5th नीलामी | चतुर्थ नीलामी के पश्चात् शेष बचे वाहन | | 07.08.2026 | 11.08.2026 | |
| 6 | 6th नीलामी | पाँचवी नीलामी के पश्चात् शेष बचे वाहन | | 18.08.2026 | 21.08.2026 | |

#### —: नीलामी हेतु वाहनों का विवरण :—

| क्र० | वाहन निबंधन संख्या / चेसिस संख्या / ईजन संख्या | निबंधन की तिथि | वाहन का प्रकार | अधिहरण वाद संख्या / थाना कांड / पी0आर0 संख्या | वाहन का न्यूनतम निर्धारित मूल्य | सुरक्षित जमा राशि (20%) | वाहन स्थल संबंधित थाना / परिसर | वाहन स्वामी का नाम एवं पता | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | MP07MN-3185 Chasis No-MD625MF51B1N10982 Engine No-CF5NB1720266 | 23.02.2012 | टी0वी0एस0 स्पोर्ट मोटरसाईकिल | अधिहरण वाद संख्या–150 / 2024–25 उत्पाद थाना कांड संख्या–1718 / 24, दिनांक–23.09.2024 | 5040.00 | 1008.00 | मद्यनिषेध थाना | आशीष कुमार, पिता–विनय कुमार, सा0–कैलाश बिहार, सिटी सेन्टर, मध्य प्रदेश। | – |

1. उक्त नीलामी से संबंधित विस्तृत जानकारी जिला के वेबसाईट www.muzaffarpur.bih.nic.in पर देखा जा सकता है।

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

सहायक आयुक्त मद्यनिषेध,
मुजफ्फरपुर

PR. No. 007806 (Excise) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।









हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस





### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

– व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** – मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृष** – परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**मिथुन** – आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**कर्क** – क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

**सिंह** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कन्या** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**तुला** – किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।


**धनु** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

**मकर** – क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

**कुंभ** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मीन** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी।

## शब्द पहेली - 6289



**बाएँ से दाएँ**
1.यश प्राप्त करना–5
5.चतुर, जहीन–5
9.दया, तरस–3
10.कामदेव–3
11.लीन, तल्लीन–2
13.बोली, आवाज–2
14.राजदुर्वा–2
15.एक प्रकार का बिस्किट–2,3
18.मत, सलाह–2
19.जो लायक न हो–4
20.अधीनस्थ–4
21.कहानी, गाथा–2
22.श्रवणेंद्रिय–2
23.कुएं से पानी भरने का चबूतरा–4
26.दान देने वाला–4
29.वरदान, दूल्हा–2
30.पत्नी का नाना–2,3
33.सूर्य, दिनकर–2
34.भीगा हुआ–2
35.सुर आलाप–2
36.फूलों का रस,अर्क–3
38.तरंग, हिलोर–3
41.जरूरतमंद–5
42.सेंधमार–5

**ऊपर से नीचे**
1.नामकरण–5
2.टैक्स,हाथ–2
3.महीना, मास–2
4.नामवर, प्रसिद्ध–4
5.संधि, सामंजस्य–4
6.सरुर, नशा–2
7.झंकार–2
8.रमण योग्य–5
12.तगारी, नांद–3
13.सुअर–3
15.अभिमान मर्दित होना –2,3
16.समाप्त–2
17.नेकनीयत–5
23.हनुमान–3,2
24.मुलायम–3
25.उम्मीद, आशा–2
27.बहादुरी–3
28.शिव, रविलोचन–2,3
31.नामचीन–4
32.सुसंचालन–4
36.चेहरे का तेज, दर्प–2
37.रिश्तेदार–2
39.अधिकार–2
40.ईश्वर, भगवान–2

### शब्द पहेली- 6288 का हल



## सूडोकू नवताल - 6299



### सूडोकू नवताल - 6298 का हल



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

MANGAL SENACHA, BANGALORE

# भारत बनेगा ग्लोबल सेमीकंडक्टर हब, अब अपनी 'चिप' बनाएगा देश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार की ओर से हाल ही में मंजूर की गई सेमीकॉन 2.0 और मोबाइल फोन मैन्युफैक्चरिंग स्कीम (एमपीएमएस) को लेकर उद्योग जगत ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। इंडस्ट्री संगठनों का मानना है कि ये दोनों योजनाएं भारत को केवल मोबाइल असेंबली केंद्र से आगे बढ़ाकर संपूर्ण सेमीकंडक्टर वैल्यू चेन विकसित करने में मदद करेंगी और 3.6 लाख से अधिक नए रोजगार सृजित कर सकती हैं।

उद्योग निकायों के अनुसार, सेमीकॉन 2.0 के तहत 40 से 50 अरब डॉलर तक का नया निवेश आकर्षित होने की संभावना है, जिससे 2 से 3 लाख उच्च कौशल (हाई-स्किल्ड) रोजगार पैदा हो सकते हैं। वहीं, मोबाइल फोन मैन्युफैक्चरिंग स्कीम (एमपीएमएस) के जरिए देश में मोबाइल निर्माण को और गति मिलेगी, जिससे 60,000 अतिरिक्त प्रत्यक्ष नौकरियां बनने का अनुमान है। इस योजना से मोबाइल उत्पादन का कुल मूल्य बढ़कर लगभग 39 लाख करोड़ रुपए और निर्यात बढ़कर करीब 15 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है।

**1.90 लाख करोड़ रुपए का महा बूस्टर प्लान**

**सेमीकॉन 2.0 में 40-50 अरब डॉलर का नया निवेश संभव**


फाइल फोटो

## बढ़ेगा सेमीकंडक्टर निर्माण उपकरणों पर खर्च

आईईएसए और एसईएमआई इंडिया के अध्यक्ष अशोक चंदक ने कहा कि सेमीकॉन 2.0 भारत के लिए नीति निर्माण से बड़े पैमाने पर क्रियान्वयन की दिशा में निर्णायक कदम है। उनके अनुसार, पहले चरण ने भारत की विश्वसनीयता स्थापित की, जबकि दूसरा चरण देश की दीर्घकालिक क्षमता निर्माण पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि दुनिया में सेमीकंडक्टर निर्माण उपकरणों पर खर्च 2028 तक लगभग 230 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है और भारत इस अवसर का लाभ उठाने की मजबूत स्थिति में है। इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) के चेयरमैन पंकज मोहिंद्रू ने कहा कि सरकार की यह नीति निरंतरता भारत को सेमीकंडक्टर उद्योग में वैश्विक स्किल कैपिटल बनाने में मदद करेगी।

### सेमीकॉन 2.0 के लिए 1.27 लाख करोड़ रुपए की मंजूरी

सरकार ने सेमीकॉन 2.0 के लिए 1.27 लाख करोड़ रुपए और एमपीएमएस के लिए 62,500 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। उद्योग संगठनों का कहना है कि इन योजनाओं से घरेलू वैल्यू एडिशन में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी और भारत वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स सप्लाई चेन में मजबूत स्थिति हासिल करेगा। इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सेमीकंडक्टर एसोसिएशन ने कहा कि सेमीकॉन 1.0 के तहत पहले ही 20 अरब डॉलर से अधिक के सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट घोषित हो चुके हैं। अब सेमीकॉन 2.0 में सेमीकंडक्टर फैब, एडवांस पैकेजिंग, चिप डिजाइन आदि पर अधिक जोर दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### फार्मा इनोवेटर डॉ. गुलाटी ने नई दवा विकसित की

**नई दिल्ली।** स्ट्रोक के इलाज के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर भारतीय मूल के वैज्ञानिक और फार्मास्युटिकल इनोवेटर डॉ. अनिल गुलाटी ने एक नई दवा विकसित की है। यह दवा दुनिया भर में एक्यूट इस्केमिक स्ट्रोक के इलाज के तरीके को काफी हद तक बदल सकती है। डॉ. गुलाटी सोवाटेलटाइड' के आविष्कारक हैं। यह अपनी तरह की पहली दवा है जिसे एक्यूट सेरेब्रल इस्केमिक स्ट्रोक से पीड़ित मरीजों के लिए बनाया गया है। यह स्ट्रोक का सबसे आम प्रकार है, जो मस्तिष्क में रक्त का प्रवाह कम होने के कारण होता है।

### गुजरात इंजेक्ट मुनाफा 1,600 फीसदी बढ़ा

**वडोदरा।** गुजरात इंजेक्ट (केरल) लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में मजबूत वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया है। कंपनी का परिचालन राजस्व साल-दर-साल आधार पर 414 प्रतिशत बढ़कर 12.45 करोड़ रुपए पहुंच गया, जबकि शुद्ध लाभ में करीब 1,600 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। पहली तिमाही में कंपनी का स्टैंडअलोन शुद्ध लाभ 1.25 करोड़ रुपए रहा, जबकि वित्त वर्ष 2025-26 की समान अवधि में यह केवल 7.35 लाख रुपए था। कंपनी की प्रति शेयर आय में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

### कोटक बिजलैब्स का स्टार्टअप प्रोग्राम घोषित

**मुंबई।** कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड ने अपनी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी पहल के तहत कोटक बिजलैब्स के सहयोग से संचालित एनएसआरसीईएल के महिला स्टार्टअप प्रोग्राम के अगले संस्करण की घोषणा की है। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को आइडिया से लेकर व्यवसाय के विस्तार (स्केल-अप) तक हर चरण में मार्गदर्शन, नेटवर्किंग और आवश्यक संसाधनों का सहयोग उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम का विशेष फोकस टियर-2 और टियर-3 शहरों की महिला उद्यमियों पर रखा गया है।

**एक महत्वपूर्ण पहल**

## यूनियन बैंक के 'पंचायत दर्पण' पोर्टल में ऑनलाइन पेमेंट गेटवे शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में ग्रामीण सुशासन और डिजिटल गवर्नेंस को मजबूत बनाने की दिशा में मंत्रालय में एक महत्वपूर्ण पहल की गई।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कैबिनेट बैठक से पूर्व पंचायत दर्पण पोर्टल पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के एकीकृत पेमेंट गेटवे का सिंगल क्लिक से शुभारंभ किया। इस सुविधा के शुरू होने से अब प्रदेश की ग्राम पंचायतों के नागरिक घर बैठे सुरक्षित तरीके से पंचायत करों का ऑनलाइन भुगतान कर सकेंगे।


शुभारंभ अवसर

मंत्रालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री सहित मंत्रिमंडल के सदस्यों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के अंचल प्रमुख प्रभात कुमार, इकोसिस्टम हब प्रमुख देवेन्द्र चौबे तथा सहायक महाप्रबंधक पार्थिव सहित बैंक के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

### पंचायतें ऑनलाइन टैक्स बिल जनरेट कर सकेंगी

नई व्यवस्था के तहत ग्राम पंचायतें अब नागरिकों के नाम से ऑनलाइन टैक्स बिल जनरेट कर सकेंगी। बिल जारी होने के बाद नागरिक किसी भी डिजिटल माध्यम से घर बैठे भुगतान कर सकेंगे और तत्काल ऑनलाइन रसीद भी प्राप्त कर सकेंगे। इससे पंचायत कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं होगी तथा समय और श्रम दोनों की बचत होगी। सरकार का कहना है कि यह प्रणाली ग्राम पंचायतों की स्वयं की आय बढ़ाने में भी सहायक होगी। केंद्रीय वित्त आयोग की अनुशंसाओं के अनुसार पंचायतों को अपनी आंतरिक आय बढ़ाना आवश्यक है, उन्हें अनुदान की अंतिम किस्त प्राप्त होती है। इस उद्देश्य से पंचायती राज संचालनालय ने एनआईसी, जल निगम और यूनियन बैंक के सहयोग से यह पेमेंट गेटवे विकसित किया है। प्रदेश की 23,011 ग्राम पंचायतों में से 21,365 पंचायतों ने इस व्यवस्था को लागू करने पर सहमति दे दी है।

**50 बड़ी मंडियों में 5 और 10 टीपीएच क्षमता के प्लांट लगाए जा रहे**

# क्लीनिंग, ग्रेडिंग और पैकेजिंग यूनिट्स की स्थापना का मिशन, 20 मंडियों में काम शुरू

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सरकार ने किसानों को उनकी फसलों का बेहतर और पारदर्शी मूल्य दिलाने के लिए प्रदेश की सभी 259 मंडी समितियों में क्लीनिंग, ग्रेडिंग और पैकेजिंग सुविधाओं के विकास का काम मिशन मोड में शुरू किया है। यह पूरा कार्य इस वित्तीय वर्ष में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि खरीफ सीजन से पहले किसानों को इसका लाभ मिल सके।

मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक सह आयुक्त कुमार पुरुषोत्तम के मुताबिक इस परियोजना को तीन चरणों में पूरा किया जाएगा। पहले चरण में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना योजना के तहत प्रदेश की 50 बड़ी मंडियों में 5 और 10 टीपीएच क्षमता के प्लांट लगाए जा रहे हैं। इनमें से 20 मंडियों में निविदा प्रक्रिया पूरी होकर काम शुरू हो चुका है, जबकि 30 मंडियों में प्रक्रिया जारी है। इन प्लांट्स का संचालन एक वर्ष तक अनुबंधित कंपनी करेगी और किसानों को क्लीनिंग व ग्रेडिंग सुविधा निशुल्क प्रदान की जाएगी। दूसरे चरण में 89 मंडियों में बीओटी हाइब्रिड वार्षिकी मॉडल (एचएएम) 5 टीपीएच के अंतर्गत आता है क्षमता के प्लांट स्थापित किए जाएंगे। इसमें प्लांट स्थापना और 10 वर्षों तक संचालन शामिल होगा।


फसलों की क्लीनिंग, ग्रेडिंग

### ग्रेन एनालाइजर से होगी जांच

मंडी प्रांगणों में फसलों की गुणवत्ता जांच के लिए ग्रेन एनालाइजर लगाने की प्रक्रिया भी तेजी से चल रही है। ई-नाम से जुड़ी मंडियों में यह सुविधा अगले दो माह में पूरी कर ली जाएगी। इस उपकरण से फसलों की वैज्ञानिक जांच की जाएगी, जिससे गुणवत्ता का निष्पक्ष मूल्यांकन होगा और किसानों को उनकी उपज का उचित और पारदर्शी मूल्य मिल सकेगा। यह सुविधा किसानों के लिए निःशुल्क रहेगी।

### लगभग 40 लाख रुपए की सहायता, ई-नाम योजना या मंडी बोर्ड निधि से

प्रत्येक प्लांट के लिए लगभग 40 लाख रुपए की पूंजीगत सहायता ई-नाम योजना या मंडी बोर्ड निधि से दी जाएगी। संचालन के दौरान सेवा शुल्क के रूप में 15 रुपए प्रति क्विंटल की दर निर्धारित की गई है। तीसरे चरण में 120 मंडियों में 2 टीपीएच क्षमता के छोटे क्लीनिंग, ग्रेडिंग और पैकेजिंग प्लांट स्थापित किए जाएंगे। इनकी स्थापना ई-नाम योजना और मंडी बोर्ड निधि से की जाएगी।

**भारत का पहला मल्टी-न्यू एनर्जी व्हीकल (एनईवी) प्लेटफॉर्म**

## एमजी एडॉप्ट का अनावरण, न्यू एनर्जी व्हीकल पोर्टफोलियो को किया मजबूत

एजेंसी ▶▶ गुरुग्राम

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने एमजी एडाप्ट (एडवांस ड्राइव आर्किटेक्चर प्लेटफॉर्म टेक्नोलॉजी) का अनावरण किया है। यह भारत का पहला मल्टी-न्यू एनर्जी व्हीकल (एनईवी) प्लेटफॉर्म है। फ्यूचर रेडी मॉड्यूलर आर्किटेक्चर के रूप में डिजाइन किया गया एमजी एडाप्ट, इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी), हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों (एचईवी), प्लग-इन हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों (पीएचईवी) और रेंज एक्सटेंडर इलेक्ट्रिक वाहनों (आरईईवी) का प्रयोग करता है, जो सिंगल इंटेलीजेंट प्लेटफॉर्म पर कई ऊर्जा समाधानों को एक साथ लाता है। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक, अनुराग मेहरोत्रा ने कहा कि जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया में, हम मानते हैं कि मोबिलिटी का भविष्य ग्राहकों को उनकी जीवनशैली के लिए सबसे उपयुक्त ऊर्जा समाधान चुनने की स्वतंत्रता देने में है। वह भी बिना प्रदर्शन, दक्षता या ड्राइविंग अनुभव से समझौता किए हुए। एमजी एडाप्ट हमारी न्यू एनर्जी व्हीकल यात्रा में एक निर्णायक मील का पत्थर है और भारतीय ग्राहकों की बदलती जरूरतों के लिए प्रासंगिक विश्व स्तर पर उन्नत प्रौद्योगिकियों को लाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।




### टाटा मोटर्स और यूको बैंक ने साझेदारी की



टाटा मोटर्स ने यूको बैंक के साथ एक समझौता ज्ञापन पर साइन किया है। यूको बैंक भारत के प्रमुख पब्लिक सेक्टर बैंकों में से एक है, जिसकी पूरे देश में मज़बूत मौजूदगी और ब्रांच का बड़ा नेटवर्क है। इस समझौते का मकसद देश भर के ग्राहकों को कमर्शियल गाड़ियों के लिए व्यवस्थित फाइनेंसिंग सुविधाएँ उपलब्ध कराना है। इस साझेदारी से यूको बैंक की मजबूत फाइनेंशियल पहुँच और टाटा मोटर्स का बेहतरीन कमर्शियल गाड़ी पोर्टफोलियो एक साथ आ रहे हैं।

## डीजल और एटीएफ निर्यात पर बढ़ाया विंडफॉल टैक्स, पेट्रोल पर शुल्क घटाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात पर लगने वाले विंडफॉल टैक्स में बड़ा बदलाव किया है। पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच वित्त मंत्रालय ने डीजल और विमान ईंधन के निर्यात पर कर बढ़ा दिया है, पेट्रोल के निर्यात शुल्क में कटौती की गई है। अधिसूचना के अनुसार, डीजल के निर्यात पर स्पेशल एडिशनल एक्साइज ड्यूटी को 8.5 रुपए प्रति लीटर से बढ़ाकर 15.5 रुपए प्रति लीटर कर दिया गया है।


## बिजनेस न्यूज

### डाक विभाग ने शुरू की 'इंडिया पोस्ट ऑफिशियल शुभंकर डिजाइन प्रतियोगिता'

**भोपाल।** भारतीय डाक विभाग ने रचनात्मक प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से 'इंडिया पोस्ट ऑफिसियल शुभंकर डिजाइन प्रतियोगिता' शुरू की है। प्रतियोगिता का आयोजन डाक विभाग के माईजीओवी प्लेटफॉर्म के माध्यम से किया जा रहा है। डाक विभाग मध्यप्रदेश परिमंडल, भोपाल की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार यह ऑनलाइन प्रतियोगिता 15 जुलाई 2026 से 15 अगस्त 2026 तक आयोजित की जाएगी। इसमें देश का कोई भी नागरिक भाग ले सकता है। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को डाक विभाग के लिए एक आकर्षक और प्रभावी शुभंकर डिजाइन तैयार करना होगा। इसके साथ ही शुभंकर का नाम और 150 से 200 शब्दों का एक कॉन्सेप्ट नोट भी प्रस्तुत करना होगा।प्रतियोगिता में शुभंकर डिजाइन और शुभंकर नाम के लिए अलग-अलग पुरस्कार रखे गए हैं। शुभंकर डिजाइन श्रेणी में प्रथम पुरस्कार 75 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार 50 हजार रुपए और तृतीय पुरस्कार 25 हजार रुपये निर्धारित किया गया है। वहीं शुभंकर नाम श्रेणी में प्रथम पुरस्कार 25 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार 15 हजार रुपये और तृतीय पुरस्कार 10 हजार रुपए दिए जाएंगे। विजेताओं को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।

### मंत्री सिलावट ने की जल संरक्षण पर डॉ. द्विवेदी के सुझावों की सराहना

**भोपाल।** मध्यप्रदेश शासन के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक, शिक्षाविद एवं कार्यपरिषद सदस्य, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय डॉ. एके द्विवेदी द्वारा जल संरक्षण एवं जन-जागरूकता को लेकर प्रस्तुत सुझावों की मुक्त कंठ से सराहना की। मंत्री सिलावट ने कहा कि यह सुझाव अगली पीढ़ी के भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा प्रदेश और देश दोनों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। जल संरक्षण को जन-आंदोलन बनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। डॉ. द्विवेदी ने मंत्री सिलावट से भेंट कर प्रदेश के समस्त शासकीय एवं निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों में प्रतिवर्ष "जल ही जीवन है विषय पर व्यापक जन-जागरूकता अभियान संचालित किए जाने का प्रस्ताव सौंपा।



### भोपाल पहुंचा डाबर ग्लूकोज का 'एनर्जाइज़ इंडिया' अभियान



**भोपाल।** युवाओं में खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने और फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से डाबर के इंस्टेंट एनर्जी ड्रिंक डाबर ग्लूकोज ने अपने राष्ट्रव्यापी 'एनर्जाइज इंडिया' अभियान की शुरुआत की है। अभियान के तहत गुरुवार को भोपाल में युवा खिलाड़ियों के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। आरडी स्पोर्ट्स अकादमी, भोपाल में आयोजित सत्र के दौरान खिलाड़ियों को खेल के दौरान ऊर्जा, स्टैमिना और बेहतर प्रदर्शन के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि उचित ऊर्जा प्रबंधन के जरिए खिलाड़ी अपनी क्षमता का बेहतर उपयोग कर सकते हैं। इस अवसर पर अकादमी के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया गया। बाद में भोपाल स्थित संस्कार भारती विद्यापीठ हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में डाबर इंडिया लिमिटेड के मार्केटिंग हेड (हेल्थ सप्लीमेंट्स) बिनीत कुमार ने कहा कि 'एनर्जाइज़ इंडिया' अभियान का उद्देश्य युवा खिलाड़ियों को ऊर्जा और स्टैमिना के महत्व के प्रति जागरूक करना है, ताकि वे अपने खेल में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। डाबर इंडिया लिमिटेड के सीएसआर एवं कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस प्रमुख ब्यास आनंद ने कहा कि कंपनी हमेशा से युवाओं को स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करती रही है।

### पैराक्वाट डाइक्लोराइड खरपतवारनाशी पर लगा तत्काल प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले गंभीर दुष्प्रभावों को देखते हुए व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले खरपतवारनाशी पैराक्वाट डाइक्लोराइड पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। लंबे समय से इस रसायन पर प्रतिबंध को लेकर विचार-विमर्श चल रहा था। सरकार का कहना है कि इसकी विषाक्तता, पॉइजनिंग के बढ़ते मामलों और प्रभावी एंटीडोट की अनुपलब्धता के कारण यह कदम उठाया गया है। सरकारी अधिसूचना के अनुसार, पैराक्वाट डाइक्लोराइड पर दुनिया के 70 से अधिक देशों में पहले ही प्रतिबंध लगाया जा चुका है।

### वंदे भारतम अभियान में 50 हजार छात्रों ने दिखाई रुचि

**अहमदाबाद।** अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी की पहल वंदे भारतम को देशभर के युवाओं से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिल रही है। देश के प्रमुख आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी और अन्य प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में चलाए गए अभियान के बाद 10 दिनों से भी कम समय में 50 हजार से अधिक छात्र इस पहल से जुड़ चुके हैं। अभियान के तहत लखनऊ, कानपुर, भुवनेश्वर, बेंगलुरु, पटना, कोच्चि, भोपाल और इंदौर सहित आठ शहरों के 48 शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**DIRECTORATE, WOMEN & CHILD DEVELOPMENT**

"Vijayaraje Vatsalya Bhawan" 28-A, ARERA HILLS, BHOPAL (M.P.)462011
Phone:0755-2550909, 2550910 Fax: 0755-2550912
Email: directorate.wcd@mp.gov.in
Website: www.mpwcdmis.gov.in

No./WCD/Poshan Abhiyan/2026/2825 Bhopal, Dated: 14/07/2026

:: Notice Inviting Tender ( NIT ) ::

RFP for selection of Agency for Hiring Skilled Manpower for WCD, Saksham Anganwadi Poshan 2.0 (Poshan Abhiyan), Mission Shakti (HEW) and Child Helpline

Women and Child Development Department, M.P. invites Request for Proposals (RFP) from qualified and experienced bidders. Interested Bidders, who qualify as per the criteria mentioned in the document, may submit their proposals through mptenders.gov.in. The details of published bid are as follows:

BID NO: 2026-MPWCD_521327-1
Items: Manpower Outsourcing Services - Fixed Remuneration.
Quantity Required: 1410
Department Name and Address: Women and Child Development Department Madhya Pradesh
Start Date: 16-07-2026
End Date: 31-07-2026
(Approved by Commissioner)

Joint Director
Women & Child Development
Madhya Pradesh, Bhopal

G-15698/26

**कार्यालय नगर पालिका परिषद मंडीदीप जिला - रायसेन**

दूरभाष एवं फैक्स नम्बर 07480-407022 Email- cmomandideep@mpurban.gov.in

क्र./2429/न.पा.प./2026 मंडीदीप, दिनांक 15.07.2026

// द्वितीय ई-निविदा सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाईड https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_514742_2 | Various Fabrication work and all other maintanance work under water supply department, nagar palika mandideep | 13,12,000/- | 9,840/- | 2000/- | 31 july 2026 05.30 PM |

1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

प्रियंका राजेन्द्र अग्रवाल, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद मंडीदीप
पुष्पा प्रेमशंकर साहू, उपाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद मंडीदीप
सुधीर उपाध्याय, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद मंडीदीप

**कार्यालय नगर परिषद् कोठरी जिला-सीहोर म.प्र.)**

क्रमांक / 708/लोक निर्माण/2026 दिनांक 15.07.2026

ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्यों के लिए ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्नानुसार है :

| क्रं. सं. | निर्माण कार्य का विवरण | अनुमानित लागत राशि प्रति माह (रू लाख में) | कार्य की अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | पूर्णता अवधि (माह) | ऑनलाइन निविदा क्रं. | एनआईटी क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Municipal Solid Waste Management, Awareness Activities and Documentation MUNICIPAL COUNCIL KOTHRI under SBM 2.0 | 1.50 लाख | 10000 | 2000 | 12 माह | 2026_UAD_521534_1 | 701 दिनांक 14.07.2026 |

1. निविदा प्रपत्र दिनांक 16.07.2026 समय प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 30.07.2026 समय सायं 06:00 बजे तक वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान कर प्राप्त हो सकेगे ।
2. निविदा में संशोधन, यदि कोई होता है, तो केवल, वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा और समाचार पत्र में नहीं।
3. उपरोक्त कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

श्रीमति नगीना / राधेश्याम दलपति, अध्यक्ष, नगर परिषद् कोठरी
राहुल शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद् कोठरी

खंड - I
ई-निविदा आमंत्रण सूचना

**मध्यप्रदेश शासन**
**कार्यालय-दक्षिण बैतूल (सा.) वनमंडल मध्य प्रदेश**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 4897/ ई-टेंडरिंग/2026-27
दिनांक 10/07/2026

वनमंडलाधिकारी, दक्षिण बैतूल (सा.) वनमंडल द्वारा म.प्र. भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित-2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है ।

| क्र. | सामग्री / कार्य का नाम | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | River Sand (High Quality) | 15,000 | 1000/- |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते है।
2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का आनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 14.07.2026 शाम 5:00 बजे से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है।
3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगी।
4. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं।
5. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टलः https://www.mptenders.gov.in

वनमंडलाधिकारी
दक्षिण बैतूल (सा.) वनमंडल

G-15669/26 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

## चिंतन

# रथयात्रा में कुशल प्रबंधन के साथ सतर्कता जरूरी

ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ रथयात्रा के दौरान भगदड़ में एक महिला की मौत और 100 से अधिक लोगों का घायल होना एक ताजा खबर है, लेकिन हम लोग ऐसी खबरें लगातार सुनते रहते हैं। इन बड़े आयोजनों में अक्सर ऐसी दुर्घटनाएं होती रहती हैं। लोगों की श्रद्धा को देखते हुए यह तो नहीं कहा जा सकता कि ऐसे आयोजनों में नहीं जाएं, लेकिन ऐसे कार्यक्रमों में जाते समय सावधानी और सतर्कता जरूरी है। धार्मिक आस्था भारत की सबसे बड़ी सामाजिक शक्ति है। हर वर्ष करोड़ों श्रद्धालु विभिन्न तीर्थस्थलों, मेलों और धार्मिक जुलूसों में भाग लेते हैं। जब श्रद्धा के साथ सुव्यवस्थित प्रबंधन नहीं जुड़ता, तब यही आयोजन बड़े हादसों का कारण बन जाते हैं। पुरी की ताजा घटना एक बार फिर यही संदेश देती है कि भीड़ प्रबंधन केवल प्रशासनिक औपचारिकता नहीं, बल्कि जीवन बचाने की पहली शर्त है। पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के दौरान पहाड़ी रस्म के समय अचानक बड़ी संख्या में श्रद्धालु रथों के करीब पहुंचने लगे। वॉलेंटियर भीड़ को नियंत्रित करने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन धक्का-मुक्की के कारण भगदड़ जैसे हालात बन गए। इस हादसे में एक श्रद्धालु की मौत हो गई, जबकि 100 से अधिक लोग घायल या बेहोश हो गए। तेज बारिश के बावजूद लगभग 10 लाख श्रद्धालु यात्रा मार्ग पर मौजूद थे। यह घटना बताती है कि केवल सुरक्षा बलों की तैनाती पर्याप्त नहीं होती, बल्कि भीड़ के प्रवाह को वैज्ञानिक तरीके से नियंत्रित करना भी उतना ही आवश्यक है। दुर्भाग्य से यह कोई पहली घटना नहीं है। मार्च 2026 में बिहार शरीफ के माता शीतला मंदिर में अष्टमी मेले के दौरान भगदड़ में आठ महिलाओं की जान चली गई थी। फरवरी 2025 में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ के लिए प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों का इंतजार कर रही भीड़ अनियंत्रित हो गई, जिसमें 18 लोगों की मौत हो गई। जुलाई 2024 में उत्तर प्रदेश के हाथरस में आयोजित एक सत्संग में मची भीषण भगदड़ ने 100 से अधिक लोगों की जान ले ली। ये घटनाएं अलग-अलग स्थानों की जरूर हैं, लेकिन इनकी वजह लगभग एक जैसी रही अनियंत्रित भीड़, अपर्याप्त प्रबंधन और समय रहते प्रभावी हस्तक्षेप का अभाव। हर बड़े धार्मिक आयोजन से पहले प्रशासन को केवल सुरक्षा व्यवस्था तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि व्यापक आपदा प्रबंधन योजना भी तैयार करनी चाहिए। श्रद्धालुओं की संख्या का वास्तविक आकलन, प्रवेश और निकास के अलग-अलग मार्ग, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी निगरानी, सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली और प्रशिक्षित स्वयंसेवकों की पर्याप्त तैनाती जैसे कदम अनिवार्य होने चाहिए। भीड़ को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाना और एक स्थान पर अत्यधिक लोगों के एकत्र होने से रोकना सबसे प्रभावी उपायों में शामिल है। हालांकि केवल प्रशासन पर जिम्मेदारी डालकर समस्या का समाधान नहीं होगा। श्रद्धालुओं की भी समान जिम्मेदारी है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें, धक्का-मुक्की से बचें, प्रशासन और स्वयंसेवकों के निर्देशों का पालन करें। थोड़ी-सी असावधानी सैकड़ों परिवारों की खुशियां छीन सकती है। हर हादसे के बाद जांच समितियां बनती हैं, मुआवजे की घोषणाएं होती हैं और भविष्य में सुधार के वादे किए जाते हैं, लेकिन यदि इन सिफारिशों को धरातल पर लागू नहीं किया गया तो ऐसी घटनाएं दोहराई जाती रहेंगी। सरकारों की संवेदनशीलता पर सवाल नहीं उठाया जा सकता, लेकिन सुरक्षा प्रबंधन की निरंतर समीक्षा और जवाबदेही तय करना भी उतना ही जरूरी है।



अर्थव्यवस्था
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# ईरान युद्ध से बढ़ी आर्थिक चुनौतियां

अमेरिका-ईरान सैन्य टकराव और होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने से कच्चे तेल के दाम तेजी से बढ़ने लगे हैं। महंगाई और बाजार जोखिमें बढ़ गई हैं। बढ़ते आयातों के कारण भारत का व्यापार घाटा चिंता का विषय बन गया है। हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार देश का व्यापार घाटा जून में पिछले 5 महीनों के उच्चतम स्तर 30.43 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इस समय एक और बड़ी चिंता अमेरिका की ओर से आते हुए दिखाई दे रही है। अमेरिका में दोनों दलों के सीनेटरों के एक समूह ने रूस पर प्रतिबंध विधेयक का संशोधित मसौदा पेश किया है, जिसमें रूस के कच्चे तेल एवं गैस के पांच सबसे बड़े खरीदारों पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने का प्रस्ताव है। इन पांच खरीदारों में भारत भी शामिल है।

इन दिनों अमेरिका- ईरान सैन्य टकराव और होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने से कच्चे तेल के दाम तेजी से बढ़ने लगे हैं। महंगाई और बाजार जोखिमें बढ़ गई हैं। बढ़ते आयातों के कारण भारत का व्यापार घाटा चिंता का विषय बन गया है। हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार देश का व्यापार घाटा जून में पिछले 5 महीनों के उच्चतम स्तर 30.43 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इस समय एक और बड़ी चिंता अमेरिका की ओर से आते हुए दिखाई दे रही है। 15 जुलाई को अमेरिका में दोनों दलों के सीनेटरों के एक समूह ने रूस पर प्रतिबंध विधेयक का संशोधित मसौदा पेश किया है, जिसमें रूस के कच्चे तेल एवं गैस के पांच सबसे बड़े खरीदारों पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने का प्रस्ताव है। इन पांच खरीदारों में भारत भी शामिल है। ऐसे में एक बार फिर वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर की चुनौती है।

एशियाई विकास बैंक ( एडीबी) के द्वारा जारी हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि पश्चिम एशियाई संकट और लॉजिस्टिक कीमतों में बढ़ोतरी का भारत की विकास दर पर प्रतिकूल असर होगा। ऐसे में एडीबी ने भारत के लिए इस वित्त वर्ष 2026-27 के लिए पूर्व में निर्धारित की गई 6.9 प्रतिशत विकास दर को घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। इसी तरह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अपनी रिपोर्ट में वर्ष 2026-27 के लिए भारत की विकास दर का अनुमान घटाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया है। आईएमएफ का मानना है कि ऊर्जा की ऊंची कीमतें भारत में आर्थिक चुनौतियां बढ़ा सकती हैं। हालांकि इस समय भारत आपूर्ति चुनौतियों से निपटने के लिए पहले से बेहतर स्थिति में है, फिर भी चालू वित्त वर्ष में देश की आर्थिक विकास दर को 7 प्रतिशत तक ले जाने के लिए रणनीतिपूर्वक नए आर्थिक उपायों के साथ आगे बढ़ना होगा। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में भारत ने 7.7 प्रतिशत की शानदार दर से वृद्धि दर्ज की थी, जो कि 2024-25 की 7.1 प्रतिशत की दर से काफी बेहतर थी। निसंदेह इस समय वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और घरेलू आर्थिक मुश्किलों के बीच-बीच अर्थव्यवस्था को गतिशील रखना और विकास दर बढ़ाना चुनौती है। उल्लेखनीय है कि सरकार इन आर्थिक चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ते हुए दिखाई भी दे रही है। हाल ही में 15 जुलाई को केंद्रीय कैबिनेट ने आयात घटाने और आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने के लिए 2.19 लाख करोड़ रुपये से अधिक के फैसलों को मंजूरी दी है। देश की उर्वरक आयात पर निर्भरता कम करने के लिए फैसले को मंजूरी मिली है। इसके तहत नए गैस-आधारित यूरिया संयंत्रों के लिए घरेलू निवेश को आकर्षित किया जाएगा। चिप और इलेक्ट्रॉनिक्स मिशन के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स और चिप के भारी आयात को कम करने के लिए 1.27 लाख करोड़ रुपये के बजट के साथ इस मिशन के दूसरे चरण को मंजूरी दी गई है, ताकि देश को वैश्विक केंद्र बनाया जा सके। मोबाइल फोन निर्माण अभियान के तहत विदेशी फोन पर निर्भरता खत्म करने के लिए 62,500 करोड़ रुपये की योजना स्वीकृत की गई है।

अभी आर्थिक चुनौतियों के चक्रव्यूह से निकलने के लिए सरकार को 'सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन' के मंत्र को और अधिक रणनीतिक ढंग से उपयोग में लाना



होगा। वैश्विक झटके और तेल की बढ़ती कीमतों के बीच भारत को अपनी समष्टि-आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के लिए अपनी रणनीतियों में बदलाव करना होगा। तेल की वैश्विक कीमतों में फिर से आए उछाल के कारण भारतीय रिजर्व बैंक के सामने असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। केंद्रीय बैंक को अब महंगाई को नियंत्रण में रखने के साथ-साथ विकास की गति को थमने से बचाना होगा। वैश्विक संकट के समय निजी निवेश में सुस्ती आना स्वाभाविक है। ऐसे में आर्थिक गतिविधियों को सहारा देने के लिए सरकार को अपने पूंजीगत व्यय को लक्ष्य के अनुरूप तेजी से कारगर बनाना होगा।

बुनियादी ढांचा परियोजनाओं-जैसे रेलवे, राष्ट्रीय राजमार्ग, नए बंदरगाहों और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में निवेश को प्राथमिकता देनी होगी। बुनियादी ढांचे में सरकारी निवेश बढ़ने से इस्पात, सीमेंट और निर्माण जैसे मुख्य क्षेत्रों में मांग बनी रहती है, जिससे ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर नए रोजगार पैदा होते हैं और अर्थव्यवस्था का चक्र घूमता रहता है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में नए सिरे से व्यवधान आने की आशंका को देखते हुए भारत को घरेलू विनिर्माण पर अपनी निर्भरता बढ़ानी होगी। उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन योजनाओं का दायरा बढ़ाकर उन क्षेत्रों को शामिल करना चाहिए जो आयात पर अत्यधिक निर्भर हैं। भारत को अपनी निवेश नीतियों को और अधिक सरल बनाकर वैश्विक कंपनियों को आकर्षित करना होगा। अब बढ़ती आर्थिक चुनौतियों के बीच मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को भी ढाल बनाना होगा। अप्रैल-मई 2026 में भारत का निर्यात पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले लगभग 15 प्रतिशत बढ़ा है। वैश्विक अनिश्चितता के इस दौर में भारत द्वारा तेजी से बढ़ाए जा रहे 'मुक्त व्यापार समझौते' नए बाजार खोलने में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाले साबित हो रहे हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अनुसार, भारत आगामी 10 महीनों में 9 नए व्यापार समझौतों को धरातल पर उतारने की तैयारी में है। उल्लेखनीय है कि 15 जुलाई का दिन भारत और ब्रिटेन के आर्थिक एवं व्यापारिक इतिहास में एक स्वर्णिम दिन के रूप में दर्ज हो गया है। इस दिन दोनों देशों के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित और कई दौर की बेहद जटिल वार्ताओं के बाद तैयार किया गया ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता ( एफटीए) लागू हुआ है, जिसे व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता ( सीटा) कहा गया है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि जिस ब्रिटेन ने कभी भारत पर लंबे समय तक शासन किया था, उसी ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था का आज भारत एक बड़ा रणनीतिक साझेदार बन गया है।

यह मुक्त व्यापार समझौता ऐसे समय में लागू हुआ है, जब वैश्विक अर्थव्यवस्था पश्चिम एशिया संघर्ष और भू-राजनीतिक तनावों के दौर से गुजर रही है। ऐसे में भारत और ब्रिटेन का एक साथ आना दोनों देशों के आर्थिक परिदृश्य को बदलने की क्षमता रखता है। वर्तमान में भारत और ब्रिटेन के बीच वस्तुओं तथा सेवाओं का कुल सालाना व्यापार 55 से 60 अरब डॉलर मूल्य का है, जिसे वर्ष 2030 तक 100 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। उम्मीद करें कि अब न्यूजीलैंड और यूरोपीय संघ के साथ एफटीए शीघ्र कार्यान्वित होगा। सरकार महंगाई नियंत्रण और सात प्रतिशत विकास दर के लक्ष्य को पाने के मद्देनजर नए सरल श्रम कानूनों के परिपालन, मुक्त व्यापार समझौतों के प्रभावी क्रियान्वयन, विशाल घरेलू बाजार की ताकत, नीतिगत सुधारों, बुनियादी ढांचे पर अधिक सरकारी खर्च, खेती- किसानी को प्रभावी सहारा देने के साथ-साथ पेट्रोलियम पदार्थों व जरूरी वस्तुओं की उपयुक्त आपूर्ति की राह पर रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ेगी।

( लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मानसून



योगेश कुमार सोनी


# महानगरों में जल-भराव रोकने बने रणनीति

हाल ही के दिनों में देशभर में वर्षा आ रही है। कई जगह बेहद प्रभावित हुई हैं। महानगरों के संदर्भ में बात करें तो हालात बेहद खराब हैं और इस बार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की स्थिति सबसे ज्यादा बेकार है। दिल्ली यमुना नदी खतरे से प्रभावित हो रही है। दिल्ली व मुंबई के कई इलाके इतने जलमग्न हैं कि लोगों के घरों में पानी घुस चुका है और वे बहुत कठिनाइयों के साथ समय निकाल रहे हैं। कोई रिश्तेदार के जा रहा है तो कोई होटल में रुका है और जिसकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है, वह सड़कों पर डेरा डाले हुए है। दिल्ली को कनेक्ट करने वाले मुख्य मार्ग आईटीओ, लाल किला और रिंग रोड पर भी पानी भरने से दिल्ली पूरी तरह ठप हो गई । राजधानी होने की वजह से एक दिन में ही बहुत बड़ा आर्थिक नुकसान होता है। बहरहाल, यमुना में बाढ़ का विशेष कारण हथिनी कुंड बैराज से छोड़ा गया पानी बताया जाता है। हालांकि इस मामले में सभी राजनीतिक दल एक-दूसरे पर आरोप मढ़ते दिख रहे हैं। इस मामले पर राजनीतिक बयानबाज़ी जारी है। इस तरह के बयान जनता को बेवकूफ बनाने या पल्ला झाड़ने तक को सही है लेकिन यदि इसकी सच्चाई को देखें तो इन दोनों पार्टियों में से किसी एक ने भी इस ओर जरा सा भी काम नहीं किया। चूंकि स्पष्ट है कि हथिनी कुंड बैराज को अपग्रेड करने की बात हो रही है, लेकिन इस ओर एक कदम भी नही बढ़ा। वहीं दूसरी ओर दिल्ली से यूपी व हरियाणा जाने का सारा रास्ता अवैध प्रॉपर्टियों से बाधित है जिस पर कोई न कुछ कहता है और न ही कुछ करता है। कुल मिलाकर हालात यह हैं कि दिल्ली वालों को अपनी जान व माल की रक्षा व सुरक्षा स्वयं करनी पड़ रही है। इस बार भी देख लिया कि बाढ़ से निपटने की हमारे पास कोई व्यवस्था नही है। कोई भी ऐसा तंत्र या सिस्टम नहीं है जो आकस्मिक स्थिति में लोगों को बचा सके। दिल्ली के सबसे बड़े श्मशान घाट निगमबोध में लोग अपनों की चिता भी नहीं जला पा रहे हैं। चूंकि बाढ़ के पानी से पूरा घाट डूब चुका है, वहीं अस्पतालों में पानी भरने के कारण मरीजों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। दिल्ली की स्थिति को तकनीकी से समझा जाए तो विशेषज्ञों के अनुसार लगभग 20 किलोमीटर की नदी पर पुल के निर्माण के कारण पानी का प्रवाह रुकता है।

यमुना में वजीराबाद से ओखला तक बीस से अधिक पुल 20 किलोमीटर के दायरे में आए पानी के बहाव को बाधित करते हैं। इससे नदी के तल में गाद जमा हो जाती है और रेतीले चट्टानों का निर्माण हो जाता है। यमुना के जलस्तर में बड़े स्तर पर बढ़ने का एक प्रमुख कारण गाद जमना है जिसके कारण पानी में ठहरावट कम हो जाती है और गति बढ़ जाती है। इस वजह से पानी एकदम प्रवाह में आकर अपना रौद्र रूप धारण कर लेता है। इसके अलावा दिल्ली में अपनी क्षमता से अधिक प्रॉपर्टी बन गई रही है जिसकी वजह से पानी की के ठहरने व बहने की जगह खत्म होती जा रही है। हालात यह है कि लोगों ने दिल्ली नगर निगम व सभी संबंधित विभागों से मिलकर तालाब, जोहड़ व अन्य सभी सरकारी खाली जगहों पर बिल्डिंग बना लीं जिससे स्थिति यह है कि दिल्ली में एक इंच जगह भी नहीं बची। नोएडा से दिल्ली जाने वाले डीएनडी एक्सप्रेस-वे पर खादर पर लोगों ने चार मंजिला इमारतें बना ली। सबको यह भलि-भांति पता है कि यह खादर की जगह है और यहां बाढ़ या थोड़ा सा भी पानी का स्तर बढ़ जाने पर जान-माल का खतरा हो सकता है। फिर भी विभागों की मिलीभगत से खुलेआम हर रोज कई प्रॉपर्टी बन जाती हैं। इसके अलावा महानगरों में जंगल के नाम पर कुछ नहीं बचा और जनसंख्या वृद्धि की वजह से जंगलों का विनाश लगातार जारी है। हम इस बात से जानकर भी अंजान बने हुए हैं कि पेड़ हमारी जिंदगी के पर्यायवाची है। जैसा कि हम यह बात बचपन से पढ़ते व समझते आ रहे हैं कि पेड़ों से हमें ऑक्सीजन मिलती है, जो इंसान की जिंदगी के लिए बेहद जरूरी है, लेकिन हम इस बात को शायद विनाश के बाद ही समझ पाएंगे। दुष्परिणाम अब लगातार देखने को मिल रहे हैं। जंगल, तालाब, झील व अन्य सभी प्राकृतिक स्त्रोत प्रकृति की सबसे बड़ी देन मानी जाती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में हर साल एक करोड़ हेक्टेयर इलाके के वन काटे जा रहे हैं। अकेले भारत में 10 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में फैले जंगल कट रहे हैं। इस वजह से हर देश के हर राज्य का मौसम प्रभावित होने लगा है। शहरीकरण के लालच व विकास की भूख ने हमारे जीवन से हरियाली को खत्म कर दिया। यदि इस मामले को लेकर शासन-प्रशासन समय से नहीं जागा तो आने वाला समय बेहद खतरनाक व चिंताजनक हो जाएगा, चूंकि प्राकृतिक आपदा संभलने का मौका बार-बार नहीं देती है।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आवश्यक है समर्पण



संकलित
**दर्शन**

समर्पण प्रत्येक प्राणी के लिए अत्यंत आवश्यक भाव है। यही वह भाव है जिसके माध्यम से हम अपने आत्मीय जनों के प्रिय बन सकते हैं। यह स्मरण रहे कि राग, द्वेष, घृणा तथा स्वार्थ का त्याग किए बिना समर्पण की कल्पना व्यर्थ है। हमारे जीवन के प्रत्येक पहलू में समर्पण का भाव आवश्यक है। समर्पण हमारे लौकिक एवं पारलौकिक दोनों जीवन की उन्नति के लिए आवश्यक है। संबंधों में मधुरता के लिए हमें परस्पर समर्पण भाव रखते हुए रिश्तों का निर्वहन करना होता है। स्वार्थ की दृष्टि से बनाए गए रिश्ते अल्पावधि के उपरांत समाप्त हो जाते हैं। इसी प्रकार लक्ष्य की प्राप्ति के लिए भी समर्पण भाव का होना अत्यंत आवश्यक है। जब हम अपने संपूर्ण समर्पण के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए समर्पित हो जाते हैं, तब कोई भी लक्ष्य हमसे दूर नहीं रहता। समर्पण के साथ-साथ विश्वास का होना भी आवश्यक है। जिस प्रकार एक बीज धरती में रोपित किया जाता है, तो वह संपूर्ण रूप से खुद को धरती मां की गोद में समर्पित कर देता है। तभी उसमें विकास के नए अंकुर फूट पड़ते हैं। भास्कर की किरणों उसे शक्ति प्रदान करती हैं। पवन की शीतलता उसे दुलारती है। मेघ उसका अभिसिंचन करते हैं। इस प्रकार उसे संपूर्ण प्रकृति का सहयोग एवं साहचर्य मिलने लगता है। उसके बाद वह धीरे-धीरे एक संपूर्ण वृक्ष का आकार ले लेता है। एक ऐसे वृक्ष का, जिसके आश्रय में तमाम प्राणी शीतलता प्राप्त करते हैं। यही नहीं, वह वृक्ष सैकड़ों बीजों के जनक होने का गौरव भी प्राप्त करता है।

# हमारी लालसाएं और वृत्तियां नहीं बदलती



संकलित
**प्रेरणा**

एक पेड़ पर दो बाज रहते थे। दोनों अक्सर एक साथ शिकार की तलाश में निकलते और जो भी पाते, उसे शाम को मिल-बांट कर खाते। एक दिन दोनों शिकार के लिए निकले, तो एक को एक सांप मिला और दूसरे को एक चूहा। अपना-अपना शिकार चोंच में दबाए दोनों पेड़ पर वापस लौटे। दोनों ने अपना शिकार पकड़ा था और उन्हें बस चोंच में दबा रखा था, इसलिए साँप और चूहा- दोनों ही शिकार तब तक जीवित थे। सांप, चूहे का स्वादिष्ट भोजन पाने के लिए जीभ लपलपाने लगा और चूहा सांप के प्रयत्नों को देखकर अपने ही शिकारी बाज के डैनों में छिपने का उपक्रम करने लगा। दूसरे ने उससे पूछा, दोस्त! यह दार्शनिकों की तरह किस चिंतन में डूब गए? पहले बाज ने अपने पकड़े हुए सांप की ओर संकेत करते हुए कहा, देखते नहीं यह कैसा मूर्ख प्राणी है। जीभ की लिप्सा के आगे इसे अपनी मौत का विस्मरण हो रहा है। तब दूसरे बाज ने अपने चूहे की ओर देखते हुए कहा, यह भी तो उतना ही नासमझ है। भय इसे प्रत्यक्ष मौत से भी अधिक डरावना लगता है। पता है कि अगले ही पल मेरा निवाला बनने वाला है, तब भी साँप को देख कर मेरे डैनों में छुपने की कोशिश कर रहा है। वहीं पेड़ के नीचे एक मुसाफिर बैठा सुस्ता रहा था। उसने दोनों बाजों की बात सुनी और सोचने लगा, हम मनुष्यों की दशा भी इसी सांप और चूहे की तरह है। अंतिम क्षणों तक जीवन की आशा नहीं छूटती और न हमारी लालसाएं और वृत्तियां ही बदलती हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### एथेनॉल का प्रयोग कितना जरूरी?

देश को ईंधन के मामले में आत्मनिर्भर बनाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए वाहनों के लिए एथेनॉल का प्रयोग करना जरूरी है, लेकिन विपक्ष, कुछ राजनीतिक दल और अन्य लोग इस ईंधन का विरोध भी कर रहे हैं। ऐसे विरोधियों को इन बातों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए, जैसे कि अमरीका और ईरान के बीच फिर से युद्ध छिड़ गया है, इसलिए हो सकता है कि देश में पेट्रोल और डीजल के लिए सरकार कुछ और नियम तय कर दे या फिर से यह चीजें महंगी हो जाएं। कुछ समय पहले कनाडा यूनिवर्सिटी ऑफ क्यूबेक के जैव रसायन प्रोफेसर एवं वैज्ञानिक मार्क ब्यूरेगार्ड ने बताया था कि धरती पर वर्ष 2070 तक पेट्रोल-डीजल खत्म हो जाएगा। इसलिए पेट्रोल और डीजल का संरक्षण जरूरी है।

*- मांगेराम, रोहतक*

## ट्रेंड

### भगवान जगन्नाथ यात्रा



भगवान जगन्नाथ की पवित्र रथ यात्रा के अवसर पर, मेरी कामना है कि उनका आशीर्वाद हम सभी पर सदैव बना रहे। उनकी दिव्य कृपा हमारे सभी देशवासियों के जीवन में नई ऊर्जा का संचार करे।

**- नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### आईसीएआर



आईसीएआर ने अपने 98 वर्षों के सफर में चमत्कार कर दिखाए हैं। इसलिए, मैं उस तपस्या को नमन करता हूं जिसने भूख को परास्त किया। उस तपस्या को नमन जिसने अभाव को आत्मनिर्भरता में बदल दिया। उस तपस्या को नमन जिसने संकट को समाधान में बदल दिया।

**-शिवराज सिंह चौहान,** केंद्रीय कृषि मंत्री

### आधुनिक बस टर्मिनल



हमारी सरकार लगभग 130 करोड़ की लागत से हमीरपुर में राज्य का सबसे बड़ा और आधुनिक बस टर्मिनल बना रही है। मौजूदा बस टर्मिनल की जगह पर लगभग 200 करोड़ की लागत से एक आधुनिक सिटी सेंटर भी विकसित किया जाएगा।

**-सुखविंदर सिंह सुखु,** सीएम, हिमाचल प्रदेश

### 3 खदानों की नीलामी




झारखंड देश की लगभग 40% खनिज संपदा वाला राज्य है, लेकिन विडंबना यह है कि पिछले साढ़े छह वर्षों में हेमंत सरकार केवल 3 खदानों की ही नीलामी कर पाई है। इसके विपरीत, इसी दौरान पूरे देश में 434 खनिज ब्लॉकों की नीलामी हुई है।

**-बाबूलाल मरांडी,** पूर्व सीएम, झारखंड

## करंट अफेयर

# ट्रंप की तस्वीर वाले स्मारक सिक्के का उत्पादन शुरू



अमेरिकी टकसाल ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तस्वीर वाले एक डॉलर के नए स्मारक सिक्के का उत्पादन शुरू कर दिया है। अमेरिका की स्वतंत्रता की 250वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जारी किए जा रहे इस स्मारक सिक्के के अंतिम डिजाइन को इस वर्ष की शुरुआत में अमेरिकी आयोग ( यूएस कमीशन ऑफ फाइन आर्ट्स) ने मंजूरी दी थी। अमेरिकी वित्त विभाग ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि आयोग के सदस्यों की नियुक्ति राष्ट्रपति ट्रंप ने की थी। हालांकि, बुधवार को जारी अंतिम सिक्का पहले स्वीकृत डिजाइन से कुछ मामलों में अलग है। सबसे प्रमुख अंतर यह है कि यह शुद्ध सोने का नहीं है, बल्कि इसे सुनहरी परत ( गोल्ड फिनिश) दी गई है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि यह सिक्का ''स्वतंत्रता की स्थायी विरासत और देशभक्ति के स्थायी प्रतीक'' के सम्मान में जारी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप की तस्वीर वाला यह सिक्का अमेरिकी मूल्यों की मजबूती और सभी के लिए स्वतंत्रता बनाए रखने के राष्ट्र के संकल्प का प्रतीक है। रिपब्लिकन नेता ट्रंप अपने नाम और छवि को ऐतिहासिक रिकॉर्ड का हिस्सा बनाने के लिए जाने जाते हैं।

## ऑफ बीट

# कार्डियो वजन उठाने से पहले करना चाहिए या बाद में



फिटनेस के प्रति जुनूनी लोग दशकों से इस प्रश्न पर बहस करते रहे हैं कि 'कार्डियो' करना वजन उठाने से पहले बेहतर होता है या बाद में? हाल तक, इसका उत्तर काफी हद तक पसंद पर निर्भर करता था - कुछ लोग वजन उठाने से पहले जॉगिंग करते थे, जबकि अन्य लोगों का मानना था कि पहले वजन उठाना वसा को खत्म करने के लिए बेहतर है। लेकिन एक नए शोध ने अंततः इस लंबे समय से विवादित प्रश्न का उत्तर दे दिया है। शोध के अनुसार, आपके व्यायाम का क्रम इस बात को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करता है कि आप कितनी चर्बी कम करते हैं। जिन प्रतिभागियों ने वजन उठाने के बाद कार्डियो किया, उनमें कार्डियो करने के बाद वजन उठाने वालों की तुलना में काफी अधिक चर्बी कम हुई और वे पूरे दिन शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय रहे। शोधकर्ताओं ने प्रतिभागियों को 12 सप्ताह के लिए तीन समूहों में विभाजित किया। दोनों व्यायाम समूहों ने एक जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम अपनाए, केवल व्यायाम क्रम में अंतर था। प्रतिभागियों ने बेंच प्रेस, डेडलिफ्ट, बाइसेप कर्ल और स्क्वाट जैसे व्यायाम किए। कार्डियो सत्र में 30 मिनट तक 'साइकिलिंग' शामिल थी। दोनों समूहों के प्रतिभागियों ने अपनी हृदय संबंधी फिटनेस, मांसपेशियों की ताकत और शारीरिक बनावट में सुधार का अनुभव किया।

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

दिल्ली बना सियासी चहलकदमी का बड़ा केंद्र, कई अटकलों का भी बाजार हो गया गरम

# शाह ने संसद में एनडीए की ताकत बढ़ाने के लिए खुद संभाला मोर्चा, पीएम मोदी से मिलने के बाद नबीन और संतोष से भी की मुलाकात और गुफ्तगू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अलग-अलग राज्यों में चल रही सियासी चहलकदमी का केंद्र अब दिल्ली शिफ्ट होता नजर आ रहा है। 20 जुलाई को शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र से ठीक पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का एक्शन में आना कई बड़े सियासी घटनाक्रम का संकेत दे रहा है। मंगलवार को दिल्ली में अमित शाह से उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ की मुलाकात हुई थी। भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन भी उनसे मिले। महाराष्ट्र में अहम किरदार उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मुलाकात भी गृहमंत्री से हुई। इन मुलाकातों से बाजार गरम है। आने वाले दिनों में बड़े बदलावों और चुनौतियों के लिए राज्य और केंद्र की तैयारियां एक लाइन पर आ सकती हैं।

## बैठकें कुछ बड़ा होने का संकेत दे रहीं


भाजपा के दिग्गज नेताओं की महत्वपूर्ण मुलाकात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विदेश से लौटने के बाद शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात की। इसी बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष भी शामिल रहे। इस मीटिंग से एक दिन पहले ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली जाकर गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। वहीं कुछ दिन पहले ही नबीन ने लखनऊ का दौरा किया था। तमाम मीटिंगों की कड़ियों को जोड़कर देखने पर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं।

भगवान जगन्नाथ की 149वीं रथ यात्रा का आगाज

## शाह ने की मंगला आरती और अहमदाबाद में रथयात्रा शुरू

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में भगवान जगन्नाथ की 149वीं रथ यात्रा का आगाज हो गया है। जय जगन्नाथ के उद्घोष के साथ यात्रा धीरे-धीरे आगे बढ़ी। शुभारंभ से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पत्नी सोनल शाह के साथ मंगला आरती की। शाह ने एक्स पर लिखा इस पावन अवसर पर जगन्नाथ जी मंदिर की मंगला आरती में सम्मिलित हुआ।



### इस अवसर पर सभी की खुशी, समृद्धि की कामना की

यात्रा से पहले शाह ने अन्य पोस्ट में लिखा कि सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। विश्व-प्रसिद्ध जगन्नाथ रथ यात्रा अटूट आस्था, विश्वास और भक्ति का प्रतीक है। भगवान सभी को खुशी दें।

**मुख्यमंत्री ने निभाई पहिंद रस्म** इस मौके पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल अहमदाबाद के श्री जगन्नाथजी मंदिर में रथ खींचने में शामिल हुए। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल पारंपरिक 'पहिंद विधि' रस्म भी निभाई।

## खबर संक्षेप

### धारवाड़ में डॉक्टर की हत्या, बेटा घायल

**धारवाड़।** कर्नाटक के धारवाड़ में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। 45 वर्षीय



एनेस्थेटिस्ट डॉक्टर किरण होन्नन्नावर की उनके फ्लैट में चाकू मारकर हत्या कर दी गई, जबकि उनका 8 वर्षीय बेटा भी गंभीर है। पुलिस ने डॉक्टर की पत्नी डॉ. प्रिया को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पुलिस इसकी हर पहलू से जांच कर रही है।

### टीएमसी की 'कोयल' का सांसद पद से इस्तीफा

**कोलकाता।** बंगाल में विधानसभा चुनाव के बाद से ममता बेनर्जी का साथ छोड़ने वाले नेताओं की होड़



लगी है। पहले विधानसभा में तमाम विधायकों ने अलग गुट बनाया, फिर शुखेंदु शेखर राय, सुष्मिता देव और प्रकाश चिक बाहर हुए। फिर 20 सांसदों ने नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी का दामन थाम लिया। अब राज्यसभा सांसद कोयल मलिक ने पद छोड़ दिया है।

### ट्रैक्टर से टकराई स्कूटी 5 लोगों की मौत

**भिलाई।** भिलाई में हाईवे पर बड़ा हादसा हो गया। खड़े ट्रैक्टर से एक स्कूटी टकरा गई। हादसे में एक



महिला, उसकी बहन और उनके 2 बच्चों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा रायपुर से सटे कुम्हारी पुलिस थाना क्षेत्र में हुआ। पुलिस ने बताया कि परिवार के 5 लोग स्कूटर से रायपुर अपने मामा के घर जा रहे थे।

### मुजफ्फरनगर में कांवड़ यात्रा में हंगामा, तोड़फोड़

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में कांवड़ियों ने बीच बाजार भारी उत्पात मचाया है। एक



गाड़ी पर कांवड़ियों का जत्था टूट पड़ा। गाड़ी टच हो जाने से कांवड़िए भड़क गए और उन्होंने बीच सड़क पर ही गाड़ी को बुरी तरह से तोड़ दिया, शीशे तोड़ डाले, गाड़ी पर लाठी डंडों से वार कर दिया। इससे पहले भी ऐसी घटनाएं देखने को मिली हैं।

### डिलीवरी बॉयज ने ट्रैफिक रूल्स तोड़े तो सजा देंगे

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में डिलीवरी बॉयज के लिए पुलिस ने नया नियम बनाया है। डिलीवरी एप्स के




लिए काम करने वाले वालों को अब ट्रैफिक रूल्स तोड़ने पर फाइन नहीं देना होगा। इसके बदले में इन्हें 4 घंटे का लेक्चर सुनना पड़ेगा, जिसमें इन्हें ट्रैफिक रूल्स से जुड़ीं बातों के बारे में बताया जाएगा। पुलिस का मानना है नियम तोड़ने की संभावना खत्म हो जाएगी।

## मानसून सत्र में परिसीमन विधेयक आने की चर्चा जोरों पर

यह भी कहा पार्टी में किसी तरह की टूट की आशंका नहीं

# सुले के बाद राउत ने भी दिए सरकार को समर्थन के संकेत-हम विचार करेंगे

### संसद में बिल आएगा या नहीं फिलहाल तय नहीं, बैठकर फैसला करेंगे



एजेंसी ▶▶ नागपुर

संसद का मानसून सत्र कुछ ही दिनों में शुरू होने वाला है और ऐसे में परिसीमन विधेयक पर चर्चा जोरों पर है। इस बीच शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने गुरुवार को कहा कि विपक्षी दल प्रस्तावित परिसीमन विधेयक का विरोध करेंगे लेकिन अगर सरकार उनके सुझाए गए संशोधनों को शामिल करती है तो वे साथ बैठकर इस पर विचार करेंगे। वे अयोध्या में राम मंदिर के लिए मिले दान में कथित हेराफेरी के विरोध में शिवसेना (यूबीटी) के राम रक्षा आंदोलन से पहले नागपुर में पत्रकारों से बात कर रहे थे। खास बात यह है कि एनसीपी (एसपी) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने बुधवार को कहा कि अगर परिसीमन बिल सभी राज्यों में सीटों में एक समान 50 प्रतिशत बढ़ोतरी पर आधारित है तो इसके विरोध का कोई खास कारण नहीं होगा।

**सरकार संशोधन करे तो हम भी तैयार**

सुप्रिया ने कहा था 50% बढ़ोतरी पर विरोध नहीं होगा

### शरद के बयान पर बढ़ी सियासी हलचल



संसद के मानसून सत्र में लोकसभा परिसीमन बिल को समर्थन देने के संकेत देकर शरद पवार ने विपक्ष में हलचल मचा दी है। सुले ने शर्त जोड़ी है कि बिल देखेंगे और फैसला लेंगे। इस सब के बीच महाराष्ट्र में राजनीति में गरमा गई है। संभावना जताई जा रही है कि कांग्रेस के 13 सांसदों के अलावा बाकी सभी का 35 सांसदों का सपोर्ट मोदी सरकार को मिल सकता है। महाराष्ट्र से कुल 48 लोकसभा सांसद हैं क्योंकि शरद पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के इस मुद्दे पर नरम होने के बाद उद्धव ठाकरे की पार्टी नतमस्तक होती दिख रही है।

सोनिया के घर पर बैठक के बाद बड़ा ऐलान

## परिसीमन बिल का विरोध करेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि सरकार जिन प्रमुख विधेयकों को लाने की तैयारी कर रही है, उनका पार्टी पुरजोर विरोध करेगी।



कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पार्टी ने बैठक में कई प्रस्तावित विधेयकों पर चर्चा की और तय किया कि विपक्षी दलों के साथ मिलकर इनके खिलाफ आवाज उठाई जाएगी। जयराम ने कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि केंद्रीय गृह मंत्री परिसीमन विधेयक को फिर से संसद में लाने की कोशिश कर रहे हैं।

### संविधान संशोधन विधेयक पर भी किया मंथन

उन्होंने कहा कि न्यायाधीशों को हटाने से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक पर भी बैठक में चर्चा हुई। इस विधेयक की जांच के लिए जेपीसी बनाई गई है, लेकिन विपक्षी दलों ने इसका बहिष्कार किया है। कांग्रेस इस विधेयक का भी मजबूती से विरोध करेगी। जयराम रमेश ने बताया कि 'वन नेशन, वन इलेक्शन' के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई।

### एफसीआरए का भी विरोध करेगी कांग्रेस

उन्होंने कहा कि यदि सरकार 'विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक' मानसून सत्र में लाती है तो कांग्रेस इसका पूरी तरह विरोध करेगी। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) संशोधन विधेयक दोबारा लाया जा सकता है। कांग्रेस ने पहले भी इस विधेयक का विरोध किया था।



### भड़के खरगे, पीएम मोदी को लिखा पत्र

संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होने जा रहा है। इस दौरान केंद्र की मोदी सरकार फिर से महिला आरक्षण और लोकसभा की सीटों को बढ़ाने वाले परिसीमन बिल को पेश कर सकती है। इस बीच कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संशोधित 131वें संविधान संशोधन विधेयक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की। खरगे ने अपने पत्र में लिखा, मैं माननीय संसदीय कार्य मंत्री को पत्र लिखकर यह अनुरोध करता रहा कि केंद्र सरकार परिसीमन आदि के संबंध में अपने प्रस्तावों पर चर्चा करने के लिए एक सर्वदलीय बैठक बुलाए। हमारे इन अनुरोधों को स्वीकार नहीं किया गया।

प्रधानमंत्री पंजाब को देंगे करोड़ों की सौगात

## देश में पुनर्विकसित 75 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे

### 5470 करोड़ की विकास परियोजनाएं देंगे



एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को पंजाब में 5470 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी चंडीगढ़ और जालंधर जाने वाले हैं। यह इस वर्ष जालंधर की उनकी दूसरी यात्रा होगी। इससे पहले मोदी ने फरवरी में जालंधर स्थित डेरा सचखंड बल्लां का दौरा किया था। जालंधर कैंट स्टेशन पर आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश में पुनर्विकसित 75 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे। इन स्टेशनों के विकास पर 1570 करोड़ की लागत आई है। इन स्टेशनों में पंजाब के 3 अन्य स्टेशन एसएएस नगर मोहाली, श्री मुक्तसर साहिब और श्री आनंदपुर साहिब भी शामिल हैं।

### नई रेल लाइन का भी लोकार्पण करेंगे

प्रधानमंत्री दौलतपुर चौक-करतोली नई रेल लाइन का भी उद्घाटन करेंगे। नांगल डैम-तलवाड़ा-मुकेरियां नई रेल लाइन प्रोजेक्ट के तहत यह 830 करोड़ की लागत से बनी है। इससे पंजाब और हिमाचल प्रदेश के बीच रेल संपर्क मजबूत होगा। मोदी अमृतसर (छेहरटा)-वाराणसी ट्रेन सर्विस को भी हरी झंडी दिखाएंगे, जिससे भारत के दो सबसे पवित्र आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्रों के बीच सीधा रेल संपर्क बनेगा। प्रधानमंत्री 3,070 करोड़ से अधिक लागत वाली राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इनमें चार-लेन ग्रीनफील्ड दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे का 30.9 किलोमीटर लंबा पैकेज-6 का उद्घाटन और 25.2 किलोमीटर लंबे छह-लेन वाले ग्रीनफील्ड दक्षिणी लुधियाना बाईपास के विकास की आधारशिला भी रखी जाएगी।

### चंडीगढ़ में स्वास्थ्य सेवाएं शुरू करेंगे

जालंधर से पहले प्रधानमंत्री चंडीगढ़ में स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और सड़क बुनियादी ढांचे से जुड़ी 4,700 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। वे पीजीआई चंडीगढ़ में एडवांस्ड मदर एंड चाइल्ड सेंटर और एडवांस्ड न्यूरोसाइंसेज सेंटर का उद्घाटन करेंगे। यह 300 बिस्तरों वाला अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से लैस अस्पताल है। 150 बिस्तरों वाले अत्याधुनिक क्रिटिकल केयर ब्लॉक की आधारशिला भी रखेंगे।

# नई भाषा जोड़ने से छात्रों पर पढ़ाई का अतिरिक्त दबाव पड़ेगा, छात्रों पर बढ़ेगा अनावश्यक तनाव

### नौवीं कक्षा में तीसरी भाषा पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सीबीएसई के तहत कक्षा 9 में तीसरी भाषा शुरू करने पर चिंता जताई। कोर्ट ने कहा कि नौवीं में नई भाषा जोड़ने से छात्रों पर पढ़ाई का अतिरिक्त दबाव पड़ सकता है। उनका तनाव बढ़ सकता है। कोर्ट ने सुझाव दिया कि तीसरी भाषा की पढ़ाई कक्षा 5 या 6 से शुरू की जानी चाहिए, ताकि बच्चे इसे आसानी से सीख सकें। जस्टिस बीवी नागरत्ना और आर. महादेवन की बेंच ने केंद्र से मौखिक रूप से कहा कि वे 9वीं क्लास में तीसरी भाषा शुरू न करें। केंद्र की ओर से पेश वकील से कहा, भारत सरकार, कृपया 9वीं क्लास के लेवल पर तीसरी भाषा न लाए।

**सर्वोच्च अदालत ने इस विषय पर जताई चिंता**



### तमिलनाडु सरकार की याचिका पर यह टिप्पणी की

ये टिप्पणियां तमिलनाडु सरकार की उस याचिका पर सुनवाई के दौरान की गईं, जिसमें मद्रास हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई थी जिसमें राज्य के हर जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय खोलने की सुविधा देने को कहा गया था। तमिलनाडु सरकार लगातार जेएनवी खोलने का विरोध करती रही है, क्योंकि उसे इन स्कूलों में अपनाई जाने वाली 'तीन-भाषा नीति' वाले करिकुलम को लेकर चिंता है। पीठ सीधे तौर पर सीबीएसई की नई नीति के मुद्दे पर विचार नहीं कर रही थी।

**6वीं से शुरू की जाए त्रिभाषा** बेंच ने बोर्ड की थ्री लैंग्वेज पॉलिसी को लेकर चिंता जाहिर की। कोर्ट ने कहा कि इससे बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों पर बिना वजह का स्ट्रेस पड़ेगा। तीसरी भाषा को 9वीं से नहीं बल्कि 6वीं से अनिवार्य करना चाहिए, 9वीं में शुरू नहीं कर सकते, क्योंकि 9वीं कक्षा काफी तनावपूर्ण होती है।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने नई दिल्ली में 98वां स्थापना दिवस आयोजित

## पिछले एक वर्ष में भाकृअनुप ने 44 फसलों की 386 उन्नत किस्में विकसित कीः शिवराज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद



(भाकृअनुप) को भारत के कृषि परिवर्तन का अग्रदूत बताते हुए कहा कि परिषद के वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचारों ने देश में खाद्यान्न, बागवानी, दुग्ध एवं मत्स्य उत्पादन में रिकॉर्ड उपलब्धियां हासिल करने में अहम योगदान दिया है। उन्होंने बताया कि एक वर्ष में भाकृअनुप ने 44 फसलों की 386 उन्नत किस्में विकसित की हैं, जिनमें से 94 प्रतिशत जलवायु-अनुकूल हैं तथा 29 जैव-सुदृढ़ीकृत किस्में हैं। 'किसान कृषि की आत्मा हैं, जबकि वैज्ञानिक उसका मस्तिष्क हैं' पर बल देते हुए उन्होंने मांग-आधारित अनुसंधान, जलवायु-अनुकूल कृषि, दलहन एवं तिलहन में आत्मनिर्भरता, प्रौद्योगिकियों के व्यावसायीकरण तथा कृषि विज्ञान केंद्र से नवाचारों के प्रसार की आवश्यकता बताई।

### भाकृअनुप की विकसित भारत में अहम भूमिका

भाकृअनुप ने गुरुवार को नई दिल्ली में अपना 98वां स्थापना दिवस मनाया और विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए विज्ञान-आधारित, जलवायु-अनुकूल तथा किसान-केंद्रित कृषि विकास को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। भाकृअनुप ने भारत की कृषि अनुसंधान, शिक्षा और विस्तार प्रणाली को सुदृढ़ बनाने, तकनीकी नवाचारों को बढ़ावा देने, उत्पादकता बढ़ाने, किसानों की आजीविका में सुधार,पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाई है।

मौलाना जर्जिस का भड़काऊ बयान, पुलिस ने केस दर्ज किया

# हद है....भगवान श्रीकृष्ण पढ़ते थे 5 वक्त की नमाज

### श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोक की गलत व्याख्या की

एजेंसी ▶▶ रांची

उत्तर प्रदेश के मौलाना जर्जिस ने हिंदू धर्म को लेकर भड़काऊ बयान दिया है। मौलाना जर्जिस ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण 5 वक्त की नमाज पढ़ते थे। मौलाना ने अपने कुतर्क के लिए श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोक की गलत व्याख्या की। झारखंड में तकरीर करने पहुंचे जर्जिस ने हिंदुओं की पूजा के तरीके पर भी सवाल उठाया। मौलाना ने सीएम योगी पर भी अटैक किया और कहा कि अगर वे हिंदू ग्रंथ पढ़ेंगे तो इस्लाम से मोहब्बत करने लगेंगे। ये वीडियो 23 जून की तकरीर का बताया जा रहा है। मामला दर्ज हो गया है।

### छठा अध्याय का दसवां मंत्र बताया

मौलाना जर्जिस ने कहा था, हमारे भाई अगर बुरा ना मानें, तो कृष्ण जी भी पांचों वक्त की नमाज पढ़ा



करते थे। यकीन ना आए, तो श्रीमद्भगवद्गीता के छठा अध्याय का दसवां मंत्र देख लीजिए। 'योगी युञ्जीत सततमात्मानं रहसि स्थितः। एकाकी यतचित्तात्मा निराशीरपरिग्रहः', जिसमें कृष्ण जी अर्जुन से कह रहे हैं कि ऐ अर्जुन, ईश्वर की जब पूजा करो, तो पूरे शरीर का योग करो।

### हैदराबाद के प्राइवेट स्कूल का कारनामा

## दूसरी क्लास के हिंदू बच्चे को होम वर्क में 'कलमा और फातिहा' याद करने को दिया

**हैदराबाद।** यहां के एक प्राइवेट स्कूल की महिला टीचर द्वारा दूसरी के छात्रों को कथित रूप



से होमवर्क में कलमा और फातिहा पढ़ने के लिए कहा। मामला बढ़ता देख स्कूल ने महिला टीचर को नौकरी से निकाल दिया गया। बुधवार को सक्सेस स्कूल का एक मामला सामने आया। महिला टीचर ने होमवर्क दिया था।

### भाजपा ने कहा- प्राचार्य पर एफआईआर क्यों नहीं की?

भाजपा नेता और वकील करुणा सागर का कहना है कि मैं यहां पुलिस से यह पूछने आया हूं कि अब तक एफआईआर क्यों दर्ज नहीं की गई? प्रिंसिपल को गिरफ्तार किया जाए जो छात्रों को कुरान पढ़ने मजबूर कर रहा है।

उड़ान योजनाः 120 गंतव्यों को होगा लाभ

## 10 वर्षों में 4 करोड़ यात्रियों को मिलेगा लाभः राममोहन नायडू

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू ने कहा है कि उड़ान योजना के अगले चरण



का उद्देश्य देश में क्षेत्रीय हवाई संपर्क को और मजबूत बनाना है। इसके तहत अगले 10 वर्षों में 120 नए गंतव्यों को हवाई नेटवर्क से जोड़ने और चार करोड़ यात्रियों को हवाई यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। उड़ान योजना के अगले चरण पर आयोजित एक कार्यशाला को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि सरकार ने योजना को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए इसमें कई अहम बदलाव किए हैं। योजना के तहत वायबिलिटी गैप फंडिंग के दायरे का विस्तार किया गया है, जिससे अधिक एयरलाइनों और नए मार्गों को लाभ मिल सकेगा। पहले एयरलाइनों को तीन वर्षों तक सहायता दी जाती थी, जिसे अब बढ़ाकर पांच वर्ष कर दिया गया है। इसके अलावा चयनित टियर-2 और टियर-3 शहरों के हवाई अड्डों के लिए संचालन एवं रखरखाव सहायता का भी प्रावधान है।

**व्यापार और रक्षा सहयोग मजबूत करने पर सहमति**

# भारत-बेल्जियम रणनीतिक साझेदारी की नई शुरुआत: पहली बैठक में रक्षा, सेमीकंडक्टर और सप्लाई चेन पर हुआ मंथन

◆ पहली रणनीतिक वार्ता की सह-अध्यक्षता भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर और बेल्जियम के उप-प्रधानमंत्री व विदेश मंत्री मैक्सिम प्रिवो ने की

◆ दोनों देशों ने रक्षा, सेमीकंडक्टर, सप्लाई चेन (आपूर्ति श्रृंखला) व्यापार, निवेश, स्वच्छ ऊर्जा और मोबिलिटी की समीक्षा की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और बेल्जियम ने द्विपक्षीय संबंधों को नई दिशा देने के उद्देश्य से 15 जुलाई 2026 को पहली भारत-बेल्जियम रणनीतिक वार्ता आयोजित की। दोनों देशों ने बदलते वैश्विक परिदृश्य में राजनीतिक, आर्थिक और रणनीतिक सहयोग को और मजबूत बनाने पर सहमति जताई। यह रणनीतिक वार्ता भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) रणनीतिक साझेदारी के तहत नियमित और परिणामोन्मुख राजनीतिक संवाद का नया मंच बनेगी।


विदेश मंत्री एस जयशंकर बेल्जियम के उप प्रधानमंत्री प्रिवो से मिलते हुए

## पिछले साल से बन रही थी सहमति

बैठक की सह-अध्यक्षता भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और बेल्जियम के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री मैक्सिम प्रेवो ने की। बैठक के दौरान दोनों देशों ने व्यापार और निवेश, हरित ऊर्जा, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी, संपर्क, रक्षा, सुरक्षा, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों तथा लोगों के बीच आपसी संबंधों को और मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की। बेल्जियम के विदेश मंत्री मैक्सिम प्रेवो ने कहा कि मार्च 2025 का बेल्जियम आर्थिक मिशन दोनों देशों के व्यापार, निवेश और नवाचार भविष्य में सहयोग को और गति देंगे। वहीं विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि यूरोप के साथ भारत के संबंधों में बेल्जियम का विशेष स्थान है।

## अब उच्च स्तरीय बैठकें होंगी

दोनों पक्षों ने यह भी तय किया कि इस रणनीतिक वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए नियमित उच्चस्तरीय बैठकों का आयोजन किया जाएगा। वर्ष के अंत में प्रस्तावित उच्चस्तरीय यात्राओं के दौरान कई महत्वपूर्ण पहलों को आगे बढ़ाया जाएगा। रणनीतिक वार्ता के साथ ही भारत-यूरोपीय संघ व्यापार मंच का भी आयोजन किया गया, जिसमें भारत, बेल्जियम और अन्य यूरोपीय देशों के उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में भारत की ओर से विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और राज्य मंत्री जितिन प्रसाद शामिल हुए, जबकि बेल्जियम की ओर से फ्लैंडर्स और वालोनिया के प्रमुख नेताओं ने हिस्सा लिया।

### रणनीतिक साझेदारी के व्यापक दायरे

विदेश मंत्रालय (एमईए) के अनुसार, यह संवाद भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) रणनीतिक साझेदारी के व्यापक दायरे से जुड़ा है। यह दोनों देशों के बीच राजनीतिक जुड़ाव को नियमित और परिणाम-उन्मुख ढांचा प्रदान करेगा। भविष्य की रणनीतिः दोनों देशों ने व्यापार-निवेश, ग्रीन एनर्जी ट्रांजिशन, इनोवेशन और टेक्नोलॉजी के क्षेत्रों में सहयोग गहरा करने पर सहमति जताई। साथ ही, आगामी उच्च स्तरीय यात्राओं के जरिए साझा लक्ष्यों को जमीन पर उतारने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस रणनीतिक वार्ता के साथ ही भारत-ईयू बिजनेस फोरम की भी बैठक हुई।

---

## खबर संक्षेप

### जंजीबार के राष्ट्रपति डॉ. हुसैन आज से भारत दौरे पर


**नई दिल्ली।** भारत के उपराष्ट्रपति के आमंत्रण पर जंजीबार के राष्ट्रपति एवं रिवोल्यूशनरी



काउंसिल के अध्यक्ष डॉ. हुसैन अली म्विनी आज यानी 17 से 20 जुलाई तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे। उनके साथ उनकी पत्नी, कई मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी होगा। यात्रा के दौरान राष्ट्रपति डॉ. हुसैन अली म्विनी भारत के उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन से मुलाकात करेंगे। दोनों नेता भारत-तंजानिया संबंधों की समीक्षा करेंगे और भविष्य में सहयोग के नए क्षेत्रों पर चर्चा करेंगे।

### न्यूजीलैंड में 5.9 तीव्रता का आया भूकंप,हड़कंप

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के दक्षिणी द्वीप में गुरुवार रात स्थानीय समयानुसार 9:14 बजे 5.9 तीव्रता



का भूकंप आया। भूकंप के बाद प्रशासन ने एहतियातन सुनामी की चेतावनी जारी की, जिसे कुछ समय बाद वापस ले लिया गया। फिलहाल किसी के हताहत होने या बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के अनुसार, भूकंप का केंद्र ते अनाउ कस्बे से लगभग 40 किलोमीटर उत्तर में था। शुरुआती आकलन में इसकी तीव्रता 6.3 बताई गई थी, लेकिन बाद में इसे घटाकर 5.9 कर दिया गया।

### 13 बांग्लादेशी डिपोर्ट,बॉर्डर पर किए जाएंगे हैंडओवर

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में अवैध रूप से पकड़े गए बंगलादेश के 13 नागरिकों को डिपोर्ट करने के लिए



एक विशेष टीम इंटरनेशनल बॉर्डर पर हैंडओवर करेगी। इसके लिए एक इंस्पेक्टर के नेतृत्व में 23 पुलिसकर्मियों की एस्कॉर्ट टीम गठित की गई है। एस्कॉर्ट टीम विदेशी नागरिकों को पश्चिम बंगाल स्थित मालदा टाउन तक सुरक्षित पहुंचाएगी, जहां से निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उन्हें भारत-बांग्लादेश सीमा पर संबंधित अधिकारियों को सौंपा जाएगा। एसीपी क्राइम नवीन शर्मा ने बताया कि पुलिस द्वारा व्यक्तियों का सत्यापन किया जा रहा है।

---

**बिम्सटेक देशों के बीच सहयोग और सुरक्षा मजबूत करने पर जोर**

# डोभाल ने बिम्सटेक में समझाई नेबरहुड फर्स्ट-एक्ट इस्ट पॉलिसी, दिया सुरक्षा मंत्र


संबोधित करते हुए एनएसए डोभाल

### बिम्सटेक की खास बातें

- *मुख्य लक्ष्य: क्षेत्रीय सुरक्षा, कनेक्टिविटी और आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देना।*
- *रणनीतिक जुड़ाव: दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों के बीच संबंधों को मजबूत करना।*
- *सहयोग के क्षेत्र: समुद्री सुरक्षा और आपदा प्रबंधन में आपसी तालमेल बढ़ाना।*
- *आपसी एकजुटता: वैश्विक स्तर पर उभरती चुनौतियों का मिलकर सामना करना।*
- *भारत का संकल्प: क्षेत्र की समृद्धि और सुरक्षा के लिए भारत पूर्ण सहयोग देने को प्रतिबद्ध है।*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने बिम्सटेक देशों के बीच आपसी सहयोग को और अधिक मजबूत बनाने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया है। सुरक्षा प्रमुखों की बैठक में बोलते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय सुरक्षा, बेहतर कनेक्टिविटी, क्षमता निर्माण और आर्थिक सुरक्षा जैसे बिम्सटेक के मूल उद्देश्य सदस्य देशों के बीच सामूहिक प्रयासों को आगे बढ़ाने में हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे।

> ■ सामूहिक प्रयासों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे

डोभाल ने रेखांकित किया कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में क्षेत्रीय साझेदारी पहले से कहीं अधिक जरूरी हो गई है, और बिम्सटेक केवल एक क्षेत्रीय संगठन नहीं बल्कि सदस्य देशों के बीच आपसी विश्वास, सहयोग और साझा विकास का एक सशक्त मंच है। भारत की विदेश नीति में इस संगठन के महत्व को स्पष्ट करते हुए एनएसए अजीत डोभाल ने कहा कि बिम्सटेक भारत की प्रमुख पहलों से सीधे जुड़ा हुआ है।

### भारत अपनी प्रतिबद्धता के लिए समर्पित

यह एक तरफ जहां भारत के नेबरहुड फर्स्ट (पड़ोसी पहले) विजन को मजबूती देता है, वहीं दूसरी तरफ दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों के साथ आर्थिक, रणनीतिक व सांस्कृतिक संबंधों को प्रगाढ़ बनाने वाली 'एक्ट ईस्ट' नीति के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने भारत के महासागर (महासागर) विजन का भी विशेष उल्लेख किया, जो इस पूरे क्षेत्र के सभी देशों की सुरक्षा और समान विकास पर केंद्रित है। उन्होंने सदस्य देशों से समुद्री सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, आर्थिक प्रगति और कनेक्टिविटी जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम करने का आह्वान किया ताकि क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा मिले और लोगों को इसका सीधा लाभ मिल सके। डोभाल ने दोहराया कि भारत बिम्सटेक के साझा लक्ष्यों को हासिल करने और क्षेत्र को अधिक सुरक्षित व समृद्ध बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### बिम्सटेक के 5 खास मुद्दे

- **सहयोग और सुरक्षा पर विशेष बल:** एनएसए अजीत डोभाल ने बिम्सटेक देशों के बीच क्षेत्रीय सुरक्षा, बेहतर कनेक्टिविटी और आर्थिक सुरक्षा को मजबूत करने की जरूरत बताई है।
- **विश्वास और साझा प्रगति का मंच:** डोभाल के अनुसार, बिम्सटेक केवल एक क्षेत्रीय संगठन नहीं है, बल्कि यह सदस्य देशों के बीच आपसी विश्वास और साझा विकास का एक बेहद महत्वपूर्ण मंच है।
- **भारत की विदेश नीति का आधार:** बिम्सटेक भारत की दो प्रमुख नीतियों-नेबरहुड फर्स्ट (पड़ोसी पहले) और एक्ट ईस्ट (दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया के साथ जुड़ाव) को सीधे तौर पर मजबूती प्रदान करता है।
- **महासागर विजन की अहमियत:** इस बैठक में भारत के महासागर दृष्टिकोण को रेखांकित किया गया, जिसका लक्ष्य क्षेत्र के सभी देशों के लिए समान सुरक्षा, समुद्री सहयोग और आर्थिक प्रगति सुनिश्चित करना है।
- **साझा चुनौतियों का सामूहिक सामना:** बदलते वैश्विक परिदृश्य में साझा चुनौतियों से निपटने के लिए सभी सदस्य देशों को मिलकर काम करने और क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा देने का आह्वान किया गया।

### एक दूसरे से जुड़ रहे बिम्सटेक देश

एनएसए ने कहा कि बंगाल की खाड़ी सिर्फ भौगोलिक रूप से ही नहीं, बल्कि हजारों वर्षों से चली आ रही साझा सभ्यतागत और सांस्कृतिक विरासत के जरिए भी सदस्य देशों को जोड़ती है। उन्होंने कहा, इन्हीं ऐतिहासिक संबंधों के आधार पर बिम्सटेक ने विभिन्न क्षेत्रों में मजबूत सहयोग विकसित किया है। हमारा लक्ष्य सभी लोगों के लिए साझा समृद्धि और लचीलेपन के साथ बेहतर भविष्य का निर्माण करना है। डोभाल ने कहा कि बिम्सटेक देशों ने आतंकवाद, अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध, साइबर खतरों और समुद्री सुरक्षा जैसी चुनौतियों से निपटने में सहयोग को मजबूत किया है तथा भविष्य की नई और उभरती चुनौतियों का भी मिलकर सामना करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, बिम्सटेक के क्षेत्रीय सुरक्षा, संपर्क (कनेक्टिविटी), क्षमता निर्माण और आर्थिक सुरक्षा के दीर्घकालिक लक्ष्य हमारी सामूहिक कोशिशों का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

**ये है बिम्सटेक की ताकत**

*डोभाल ने कहा कि बिम्सटेक हिंद महासागर क्षेत्र के सबसे महत्वपूर्ण और गतिशील क्षेत्रों को एक साथ लाता है। उन्होंने कहा, बिम्सटेक के सदस्य देशों की कुल आबादी 1.7 अरब है, जो दुनिया की लगभग 22 प्रतिशत आबादी है। इन देशों की संयुक्त अर्थव्यवस्था करीब 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की है।*

---

**बीआरओ सम्मेलन में बोले राजनाथ**

# अत्याधुनिक तकनीक से बनी रहेगी सीमावर्ती अवसंरचना

*सड़क निर्माण करने वाला व्यक्ति भी राष्ट्रीय सुरक्षा का अहम संरक्षक*




हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को सीमावर्ती अवसंरचना के विकास के विषय को देश के सामने मजबूती से रखा है। जिसमें उन्होंने कहा कि भविष्य में प्रौद्योगिकी पर पूरी तरह से केंद्रित युद्धकला में सीमावर्ती अवसंरचना अपरिहार्य बनी रहेगी। आगामी समय में युद्ध की बदलती प्रकृति के बीच रक्षा बलों में अत्याधुनिक हथियार और उपकरणों को शामिल करने का सिलसिला जारी है। इसके बावजूद बंदरगाह, हवाई अड्डों, सड़कों और सुरंगों की महत्वपूर्ण भूमिका जस की तस बनी रहेगी। रक्षा मंत्री ने यह जानकारी राजधानी के मानेकशॉ केंद्र में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के दो दिवसीय रणनीतिक अवसंरचना सम्मेलन को संबोधित करते हुए दी।

### बीआरओ कर्मियों की सराहना की

राजनाथ सिंह ने कहा कि युद्ध का परिणाम बहुत हद तक सैन्य शक्ति, सटीक क्षमताओं और आधुनिक प्रौद्योगिकियों द्वारा तय होता है। फिर भी बुनियादी ढांचा सैन्य अभियानों को सक्षम बनाने के लिए काफी महत्व रखता है। राजनाथ ने बीआरओ कर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि कभी-कभी युद्ध का पहला मोर्चा सीमा पर नहीं बल्कि उस सड़क पर होता है। जो हमारे सैनिकों को अग्रिम पंक्ति तक ले जाती है। इसलिए सड़क निर्माण करने वाला व्यक्ति भी राष्ट्रीय सुरक्षा का उतना ही महत्वपूर्ण संरक्षक है। जितना की सीमा पर तैनात सैनिक है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के द्वारा विश्व-स्तरीय बुनियादी ढांचा निर्माण, राष्ट्रीय सुरक्षा को सशक्त बनाने की प्रशंसा की है।

### अवसंरचना विकास सामूहिक जिम्मेदारी

*रक्षा मंत्री ने जोर देते हुए कहा कि अवसंरचना विकास केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है। बल्कि यह एक सामूहिक प्रयास है। जिसके लिए उन्होंने उद्योगों से नवाचार करने, शिक्षाविदों से अनुसंधान में प्रगति करने, इंजीनियरों से समाधान विकसित करने और प्रशासकों से उन्हें जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करने का आग्रह किया। साथ ही कहा कि हम सभी को एकजुटता से एक ऐसा इकोसिस्टम बनाना पड़ेगा। जो उत्कृष्टता को बढ़ावा दे और जिसकी मदद से प्रत्येक हितधारक पूरी निष्ठा के साथ अपनी भूमिका को निभाए। कनेक्टिविटी सभ्यतागत विकास का एक अनिवार्य घटक है। इसलिए सरकार सड़क, रेल, हवाई और डिजिटल अवसंरचना प्रदान करने के लिए संकल्पबद्ध है। राजनाथ सिंह ने कांग्रेस व उसकी अगुवाई वाली संप्रग की पूर्ववर्ती सरकारों पर नाम लिए बगैर निशाना साधते हुए कहा कि देश की क्षमताओं और आवश्यकताओं के मद्देनजर 1947 में मिली आजादी के बाद से कोई खास ध्यान नहीं दिया गया है।*

---

**आतंकी फंडिंग पर ईडी की बड़ी कार्रवाई**

# 4 राज्यों में 13 ठिकानों पर छापे, 40 लाख नगद और सोने के सिक्के जब्त

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आतंकी फंडिंग और अवैध घुसपैठ से जुड़े एक बड़े नेटवर्क के खिलाफ देश के



चार राज्यों में व्यापक तलाशी अभियान चलाया। मामले में 13 स्थानों पर छापे मारे जिनमें पश्चिम बंगाल, हरियाणा, यूपी और दिल्ली के कई ठिकाने शामिल हैं। कार्रवाई पश्चिम बंगाल के कोलकाता, उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना और मुर्शिदाबाद, हरियाणा के फरीदाबाद (बल्लभगढ़), यूपी के सहारनपुर (देवबंद), दिल्ली तथा अन्य स्थानों पर की गई। ईडी ने बताया कि यह मामला यूपी एंटी टेररिस्ट स्क्वाड द्वारा दर्ज एफआईआर पर आधारित है। एक संगठित गिरोह कथित तौर पर रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिकों की भारत में अवैध घुसपैठ कराने, उनके लिए फर्जी भारतीय पहचान पत्र तैयार कराने और देश के विभिन्न हिस्सों में उन्हें बसाने का काम कर रहा था। तलाशी के दौरान पश्चिम बंगाल के हरोरा अल-जामियातुल इस्लामिया दारुल उलूम, खलीलकापुर परिसर से 40 लाख रुपए नकद और सोने के सिक्के जब्त किए।

---

**तारीफ में बोले अमेरिकी सांसद थानेदार**

# प्रधानमंत्री मोदी बेहद करिश्माई नेता भारत की प्रगति को दें उचित सम्मान

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारतीय मूल के अमेरिकी डेमोक्रेटिक सांसद थानेदार ने पीएम नरेंद्र मोदी की जमकर सराहना करते



हुए उन्हें एक बेहद करिश्माई नेता बताया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सहित वैश्विक नेताओं के साथ बेहतरीन संबंध हैं। पिछले एक दशक में भारत ने जिस तरह तेजी से आर्थिक और सामाजिक प्रगति की है, उसे अमेरिका में उचित पहचान और सम्मान मिलना चाहिए। मिशिगन से सांसद थानेदार ने वॉशिंगटन में आयोजित स्टेट डिनर के दौरान पीएम मोदी के साथ हुई अपनी मुलाकात को याद करते हुए बताया कि पीएम ने उनसे अमेरिकी सांसदों को भारत की समृद्ध विविधता, संस्कृति और विकास यात्रा से बेहतर तरीके से परिचित कराने का आग्रह किया था। इसी कड़ी में थानेदार अब रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक सांसदों के एक नए प्रतिनिधिमंडल को भारत दौरे पर लाने की योजना बना रहे हैं, ताकि वे खुद यहां हो रहे बड़े जमीनी बदलावों को देख सकें।

---

**भारत सरकार ने जारी की एडवाइजरी**

**नए नाविकों की नहीं होगी भर्ती**

# ईरान-अमेरिका तनाव के बीच होर्मुज रूट पर भारतीय नाविकों की तैनाती पर रोक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध की स्थिति दोबारा धधकने और खाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा हालात बेहद गंभीर होने के बाद भारत सरकार ने अपने नाविकों की सुरक्षा को लेकर एक बड़ा कदम उठाया है।

हाल ही में हुए समुद्री हमलों में 14 भारतीय नाविकों की दर्दनाक मौत के बाद पैदा हुई गंभीर स्थिति को देखते हुए जहाजरानी महानिदेशालय ने एक बेहद अहम और सख्त एडवाइजरी जारी की है। महानिदेशालय द्वारा जारी किए गए सर्कुलर नंबर 36/2026 के तहत सभी शिप ओनर्स, शिप मैनेजर्स और रिक्रूटमेंट एंड प्लेसमेंट सर्विसेज कंपनियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं कि अगले आदेश तक होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले किसी भी व्यावसायिक जहाज पर भारतीय नाविकों की तैनाती न की जाए।

डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ शिपिंग ने सोशल मीडिया पर इस फैसले की जानकारी देते हुए स्पष्ट किया कि खाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा हालात लगातार बिगड़ रहे हैं, जिसे देखते हुए यह एहतियाती कदम उठाना बेहद जरूरी हो गया था।

### सुरक्षा और सर्तकता बढ़ाने के निर्देश

सरकार ने इस आदेश के साथ ही फारस की खाड़ी और उसके आसपास के संवेदनशील समुद्री इलाकों में सुरक्षा सतर्कता को उच्चतम स्तर पर बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत सभी संबंधित जहाजों को नौवहन चेतावनियों की लगातार निगरानी करने और अंतरराष्ट्रीय जहाज एवं पोर्ट सुविधा सुरक्षा कोड को बेहद सख्ती से लागू करने के लिए कहा गया है।

---

**फिर शुरू हुआ ट्रेड वॉर, पिछले 15 वर्षों से ब्राजील से चल रहा है व्यापार**

# अमेरिका ने ब्राजील पर लगाया 25% टैरिफ लूला सरकार ने बताया नियम के खिलाफ

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका और ब्राजील के बीच व्यापारिक तनाव चरम पर पहुंच गया है, जिससे वैश्विक बाजार में एक बार फिर नए ट्रेड वॉर (व्यापार युद्ध) की सुगबुगाहट तेज हो गई है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर ने 1974 के व्यापार अधिनियम की धारा 301 के तहत ब्राजील से आयातित वस्तुओं पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बड़ी घोषणा की है।

अमेरिका का यह फैसला एक साल लंबी गहन जांच के बाद आया है, जिसमें निष्कर्ष निकाला गया कि ब्राजील की कई नीतियां अनुचित



और भेदभावपूर्ण हैं, जो अमेरिकी व्यवसायों और श्रमिकों को नुकसान पहुंचा रही हैं।

अमेरिकी जांच में मुख्य रूप से डिजिटल व्यापार, इलेक्ट्रॉनिक भुगतान सेवाओं, बौद्धिक संपदा संरक्षण, इथेनॉल बाजार पहुंच और अवैध वनों की कटाई से जुड़े मुद्दों को अमेरिकी हितों के खिलाफ पाया गया है।

### ब्राजील सरकार ने कड़ा रुख अपनाया

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रपति ट्रंप के निर्देश पर यह कदम उठाया गया है क्योंकि लूला सरकार ने बातचीत में सद्भावना नहीं दिखाई। दूसरी ओर, राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा के नेतृत्व वाली ब्राजील सरकार ने इस कदम पर कड़ा रुख अपनाते हुए अमेरिका पर तीखा पलटवार किया है। ब्राजील ने अमेरिकी फैसले को सिरे से खारिज करते हुए इसे द्विपक्षीय संबंधों के लिए एक दुखद मील का पत्थर और अंतरराष्ट्रीय बहुपक्षीय व्यापार नियमों का खुला उल्लंघन बताया है।

---

**कर्नाटक के कारवार में होगा समारोह, वायुसेना प्रमुख करेंगे अध्यक्षता**

# अगले सप्ताह 22 जुलाई को नौसेना में शामिल होगा 'मालवन' युद्धपोत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना की मारक क्षमता में जल्द ही और अधिक इजाफा देखने को मिलेगा। जिसकी वजह अगले सप्ताह 22 जुलाई को कर्नाटक के कारवार में होने वाले एक समारोह में समुद्री बल के जंगी बेड़े में आधिकारिक रूप से शामिल होने वाला नई पीढ़ी का स्वदेशी पनडुब्बी रोधी युद्धपोत 'मालवन' है। इस बाबत आयोजित किए जाने वाले समारोह की अध्यक्षता वायुसेना प्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी. सिंह करेंगे। उनके अलावा इसमें नौसेना की पश्चिमी- कमांड के प्रमुख (एफओसी-इन-सी) वाइस एडमिरल संजय वात्सायन, नौसेना के वरिष्ठ अधिकारी, कोचीन शिपयार्ड के प्रतिनिधि और पूर्व सैनिक भी मौजूद रहेंगे।

रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि मालवन, माहे श्रेणी का दूसरा युद्धपोत है। जिसे नौसेना पनडुब्बी रोधी उथले जल के युद्धपोत यानी एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी के रूप में परिभाषित करती है। पूर्व में नौसेना में माहे को कमीशन किया गया था। यहां बता दें कि इसी जुलाई महीने में नौसेना में शामिल किया जाने वाला मालवन दूसरा युद्धपोत है। इससे पहले बीते दिनों महेंद्रगिरी युद्धपोत नौसेना का हिस्सा बना था।


नई पीढ़ी का स्वदेशी पनडुब्बी रोधी युद्धपोत 'मालवन'

### लगाई गई 80% से अधिक स्वदेशी सामग्री

मालवन कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) द्वारा निर्मित है। जिसमें 80% से अधिक स्वदेशी सामग्री लगी हुई है। इसी के साथ यह युद्धपोतों के डिजाइन, निर्माण और एकीकरण के क्षेत्र में भारत की बढ़ती तकनीकी क्षमता तथा आत्मनिर्भरता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। साथ ही यह आधुनिक नौसैनिक युद्धपोत निर्माण और उसकी अभिकल्पना के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत अभियान का मजबूत प्रतीक है।

### मॉर्डन सोनार, रडार से लैस

मालवन आधुनिक सोनार, रडार, टारपीडो और पनडुब्बी रोधी रॉकेट लांचर से लैस है। जिनकी मदद से यह युद्धपोत हिंद-महासागर क्षेत्र में भारत की समुद्री सुरक्षा के पहलू को और अधिक चाक-चौबंद बनाएगा। यह युद्धपोत समुद्र में पानी की गहराई में घात लगाए बैठी शत्रु देशों की पनडुब्बियों का मौका मिलने पर तुरंत काम तमाम कर देगा। आकार में भले ही यह एक छोटा युद्धपोत है। लेकिन यह बेहद ताकत के साथ बहु-भूमिका निभाने में सक्षम है। मालवन की उच्च गतिशीलता, सटीक परिचालन और लंबे वक्त तक समुद्र में तैनाती की क्षमता इसे खासतौर पर उथले जल क्षेत्रों में प्रभावी संचालन में निपुणता प्रदान करती है।

## खबर संक्षेप



### आरती यादव ने मां की याद में किया पौधरोपण

**औबेदुल्लागंज।** भोजपुर नारी शक्ति समिति ग्यारस मंडल की सदस्यों ने खेड़ापति माता मंदिर पर एक सी पोशाक पहन कर पहुंची और पौधरोपण किया। यहां उन्होंने भंडारा भी कराया। इस दौरान अनीता पांडे, समिति अध्यक्ष आरती यादव, सुनीता सैनी, राज बाई, मल्होत्रा यादव, जानकी बाई, भगवती साहू, निर्मला शर्मा, कुसुम शर्मा उपस्थिति रही। समिति अध्यक्ष आरती यादव ने बताया कि आज मेरी मां की श्रद्धांजलि के रूप में पौधे लगाए हैं। इस दौरान आम और जामुन के पौधे रोपे।

### औबेदुल्लागंज व्यापार महासंघ में पसरा सन्नाटा

**औबेदुल्लागंज।** व्यापार महासंघ इन दिनों ठंडा पड़ा हुआ है, क्योंकि व्यापार संघ के उपाध्यक्ष कैलाश डब्बू नागर ने व्यापार महासंघ से दूरी बना ली है। वहीं दूसरी ओर किराना व्यापार संघ के अध्यक्ष विक्रम धाड़ी एवं व्यापार प्रकोष्ठ के मीडिया प्रभारी नीरज चावला भी मौन हैं। व्यापार संघ के नेताओं को जगाने का काम कौन करे, इधर व्यापार महासंघ के कोषाध्यक्ष आशीष दीक्षित भी ठंडे पड़े हैं। उपाध्यक्ष विवेक मित्तल, मनोज मेघानी, सिद्धार्थ मित्तल, संजय अग्रवाल, दिनेश सेन, राजू भाई पटेल, रतन मेघानी, अमित राय आदि काना फूसी कर रहे हैं कि वर्तमान समय में सचिव प्रदीप अरोरा को आगे आकर व्यापार संघ को सक्रिय और मजबूत बनाने का कार्य अपने हाथों में लेना चाहिए।

### आईईएचई में विलुप्तप्राय औषधीय पौधों का रोपण



**भोपाल।** राजधानी स्थित उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान में चल रहे आईएसओ फेज-2 ऑडिट के अवसर पर संस्थान में संचालित हरित वसुंधरा फ्लैगशिप कार्यक्रम के तहत हरित संकल्प अभियान के तहत विलुप्तप्राय एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। संस्थान परिसर स्थित विद्या वन में आईएसओ फेज-2 ऑडिट टीम के ऑडिटर डी. आर. शर्मा, राहुल कुमार एवं स्नेहलता ने अंकोल, शहतूत, आंवला एवं मोंगरा सहित विभिन्न औषधीय एवं पर्यावरणीय महत्व के पौधों का रोपण किया। अतिथियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता के संवर्धन तथा हरित परिसर के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर संस्थान के अधिकारियों, प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने विलुप्तप्राय एवं औषधीय पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 0527 | | |
| दिनः | 680 | 45 | 258 |
| रातः | 199 | 90 | 127 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 369 | 89 | 450 |
| रातः | 240 | 63 | 148 |

# माता-पिता के घर कथा सुनने गया परिवार, घर में घुसे चोर सवा 3 लाख का सामान ले भागे

## निशातपुरा में नगदी और जेवर लेकर फरार हो गए बदमाश

पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर नकबजनी का मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित पलासी रोड करोंद पर सूने मकान का ताला तोड़कर बदमाश बीस हजार रुपए की नगदी और जेवर चुराकर ले गए। घटना के समय परिवार थाना क्षेत्र की ही पंचवटी कॉलोनी में कथा सुनने गया था। वारदात 13 जुलाई से 15 जुलाई के बीच की है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर नकबजनी का मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार कामिनी खटीक पति कुल्दीप खटीक (29) गोपाल नगर, पलासी रोड करोंद में रहती हैं और गृहणी हैं, जबकि उनके पति प्राइवेट गाड़ी चलाते हैं। पंचवटी कॉलोनी निशातपुरा में उनकी मां का घर है।

### घर के मुख्य गेट का ताला टूटा मिला

मां के घर कथा का आयोजन था। गत 13 जुलाई को कामिनी परिवार के साथ कथा में शामिल होने गईं थीं और वहीं रुकीं थीं। कथा का समापन होने के बाद बुधवार दोपहर वह अपने घर लौटीं। इस दौरान घर के मुख्य गेट का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखने पर पता चला कि बदमाशों ने अमलारी का लॉकर तोड़ लिया है। बदमाश उनके घर से बीस हजार रुपए की नगदी और पुराने इस्तेमाली जेवर लेकर गए हैं। उनके घर से कुल सवा तीन लाख रुपए की चोरी हुई है।

# देह व्यापार के लिए नाबालिग लड़कियों की तस्करी करने वाले अंतरराज्जीय गिरोह का सरगना अरेस्ट

## पत्नी को भी दबोचा, एक साल से फरार चल रहे थे पति-पत्नी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

हनुमानगंज पुलिस ने देह व्यापार के लिए नाबालिग लड़कियों की तस्करी करने वाले अंतरराज्जीय गिरोह के सरगना और उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

घुमक्कड़ प्रजाति के दोनों आरोपी पति-पत्नी करीब एक साल से फरार थे। पुलिस सरगर्मी से उनकी तलाश कर रही थी। पुलिस ने पूर्व में दोनों लड़कियों को दस्तयाब कर गिरोह के 3 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक ग्राम छनेरा थाना छनेरा जिला खंडवा निवासी ममता बिढारे पत्नी जितेन्द्र (50) यहां दुलीचंद का बाग कारगिल कॉलोनी हनुमानगंज में सपरिवार किराए से रह रही हैं। विगत 24 जनवरी 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराते हुए ममता बिढारे ने बताया कि 10 जनवरी को उसकी नाबालिग बेटी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले गया है।

सूचना पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए।

### दर्जनों मोबाइल नंबरों का डेटा खंगाल कर पहुंचे

तलाश के दौरान तकनीकी साक्ष्यों के संकलन के आधार पर एक नाबालिग लड़की को बेड़िओं के डेरे जिला शिवपुरी और दूसरी बालिका को सपेरा बस्ती जिला गुना से दस्तयाब कर लिया। दर्जनों मोबाइल नंबरों का डेटा खंगालने के बाद आरोपी विनोद प्रजापति, रितिक सपेरा व बप्पानाथ सपेरा को गिरफ्तार किया था। विवेचना में पुलिस को पता चला कि हेमराज बाई (50) निवासी ग्राम गुर्जर तोड़ी थाना नजीराबाद व रमेश नाथ (40) निवासी ग्राम गुर्जर तोड़ी, ने दोनों लड़कियों को बहला-फुसलाकर ले जाकर देह व्यापार के लिए बेच दिया था।

### महिला को शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

छोला मंदिर पुलिस ने अधेड़ महिला की शिकायत पर कंस्ट्रक्शन कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी के खिलाफ दुष्कर्म व दैहिक शोषण की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। महिला अपने पति से अलग दो बेटियों के साथ रह रही है। आरोपी ने झांसा दिया कि वह उसकी दोनों बेटियों को भी अपना लेगा। लंबे समय तक शारीरिक शोषण करने के बाद आरोपी ने शादी करने से इनकार कर दिया। पुलिस के मुताबिक 40 साल की महिला छोला मंदिर क्षेत्र में अपनी दो बेटियों के साथ रहती हैं। साल 2011 में पति अलग हो गया था। उसने कहीं और शादी कर ली।

## हत्या के बाद अपनी बहन के घर हथियार छिपाकर गया था श्रीकांत

# रिटायर्ड दंपती की हत्या में इस्तेमाल की गई पिस्टल बड़े तालाब से बरामद

*श्रीकांत भाई शशिकांत के साथ हत्या करने के बाद घर पहुंचा था*

*पुलिस श्रीकांत की बहन और बेटे को भी आरोपी बना सकती है*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित ओल्ड सुभाष नगर में रिटायर्ड दंपती की हत्या करने वाले श्रीकांत और उसके भाई ने हत्या के बाद पिस्टल तलैया में रहने वाली अपनी बहन को दे दी थी। जब मामले ने तूल पकड़ लिया और हत्या की पुष्टि हो गई। श्रीकांत की बहन के घर से पत्नी और बेटे ने हत्या में इस्तेमाल पिस्टल बड़े तालाब में फेंक दी।

पुलिस रिमांड के दौरान श्रीकांत ने पिस्टल बहन के घर होने और उसे तालाब में फेंकने की बात स्वीकारी थी। गुरुवार को पुलिस ने गोताखोरों की मदद से पिस्टल बरामद कर ली है। पुलिस इस सनसनीखेज हत्याकांड में श्रीकांत की पत्नी और बेटे को भी आरोपी बना सकती है।

श्रीकांत अपने भाई शशिकांत के साथ हत्या करने के बाद अलग अलग माध्यम से अपने घर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने श्रीकांत के बेटे से भी मदद ली थी।



बड़े तालाब में पिस्टल को खोजती पुलिस की टीम।

### घर में सोफे से बरामद की थी बुजुर्ग दंपती की लाश

उल्लेखनीय है कि ओल्ड सुभाष नगर बी-35/2 निवासी 64 साल के हेमंत फिलेमोन की लाश बेड से और उनकी पत्नी शकुंतला फिलेमोन (62) की लाश घर में सौफे से बरामद की गई थी। हेमंत रेलवे से रिटायर्ड थे, जबकि उनकी पत्नी शकुंतला, स्टाफ नर्स थी और वह भी रिटायर्ड हो गईं थीं।

### पुलिस ने डेढ़ हजार सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किए

पुलिस ओल्ड सुभाष नगर और मुख्य सड़क पर लगे करीब डेढ़ हजार सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किए। फुटेज के आधार पर पुलिस को दो संदिग्ध नजर आए। पुलिस ने दोनों संदिग्धों से पूछताछ की, लेकिन उन्होंने पुलिस को गुमराह किया।

### शिवानी के प्लॉट में 11 लाख हड़पे

शकुंतला फिलेमोन की भाभी शिवानी की अब तक की जांच में कोई संदिग्ध भूमिका सामने नहीं आई है। शिवानी ने पुलिस को बताया कि प्रॉपर्टी डीलर श्रीकांत ने मदद के बहाने उन्हें 11 लाख रुपए का चूना लगाया है। उनके बेटे का स्टुडियों बनना था। रुपए की जरूरत होने पर श्रीकांत ने उनका एक प्लॉट 32 लाख रुपए में बिकवा दिया था। बाद में पता चला कि 32 लाख में बेचने की बात श्रीकांत ने उन्हें बताई, जबकि प्लॉट 43 लाख रुपए में बेचा गया था। 11 लाख रुपए की रकम श्रीकांत ने बीच में हड़प ली थी। शिवानी का प्लॉट बेचने के बाद ही श्रीकांत फिलेमोन दंपती के संपर्क में आया था और उनका इटारसी स्थित प्लॉट बेचने की बात की। इसी दौरान उसने फर्जी दानपत्र बनाकर डेढ़ करोड़ का बंगला अपने नाम करा लिया।

## एक्सिस बैंक के नाम की लिंक भेजकर क्रेडिट कार्ड की डिटेल मांगी

# क्रेडिट कार्ड पर कैशबैक का ऑफर कहकर सवा लाख रुपए की ठगी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

बागसेवनिया पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर अज्ञात साइबर जालसाज के खिलाफ ऑनलाइन ठगी का प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी ने एक्सिस बैंक के क्रेडिट कार्ड पर कैशबैक के ऑफर का लालच देकर भेजे लिंक में डिटेल भरवा ली और फिर दो बार में एक लाख 14 हजार रुपए निकाल लिए।

पुलिस के अनुसार रामेश्वरम एक्सटेंशन बाग सेवनियां निवासी ललिता कुमारी मीणा (25) मूलरूप से दौसा राजस्थान की रहने वाली हैं। विगत 12 जुलाई को उनके मोबाइल पर खुद को एक्सिस बैंक का कर्मचारी बताने वाले व्यक्ति का कॉल आया। उसने कहा कि आपके





क्रेडिट कार्ड में ऑफर चल रहे हैं। इसका कैशबैक आपको मिल सकता है और आज ऑफर का अंतिम दिन है। फिर उसने गूगल पर एक साइट खोलने के लिए कहा। ललिता कुमारी ने उसके कहे अनुसार गूगल पर साइट ओपन करने का प्रयास किया। साइट ओपन नहीं हुई तो जालसाज ने अपने व्हाट्सएप नंबर से ललिता कुमारी को एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड की लिंक शेयर की।

### एक्सिस बैंक की आईडी भी शेयर की

अपनी पहचान के लिए एक्सिस बैंक की आईडी भी शेयर की। उसमें विशाल बंसोडे नाम लिखा था। फरियादिया ने लिंक ओपन कर उसमें अपने क्रेडिट कार्ड की सारी डिटेल भर दी। डिटेल भरते ही मोबाइल पर 82 हजार और 32 हजार रुपए कटने का मैसेज आया, जबकि ललिता कुमारी ने क्रेडिट कार्ड से भुगतान नहीं किया था। इसके बाद एक्सिस बैंक के कस्टमर केयर से फोन आया है और क्रेडिट कार्ड से हुए भुगतान के बारे में पूछताछ की गई। ऑनलाइन साइबर ठगी का अहसास होते ही फरियादिया ने क्रेडिट कार्ड ब्लॉक करा दिया और साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई।

# होटल के स्टाफ रूम में कर्मचारी ने लगाई फांसी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित होटल सिट्रस के स्टाफ रूम में होटल कर्मचारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ड्यूटी से लौटे अन्य कर्मचारियों ने उसे फांसी के फंदे पर लटका देख पुलिस को सूचना दी थी। सुसाइड नोट नहीं मिलने के कारण आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। परिजन के उत्तर प्रदेश से भोपाल लौटने के बाद शव का पीएम कराया जाएगा। पुलिस के अनुसार रोमी पासी होटल सिट्रस के स्टाफ रूम में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को सूचना देते हुए बताया मोहम्मद साजिद पिता सलीम (22) नई बस्ती इस्लामाबाद जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश में रहता था।

साजिद इन दिनों होटल सिट्रस में नौकरी कर रहा था और होटल के स्टाफ रूम में रह रहा था। बुधवार रात 11 बजे तक उसकी ड्यूटी थी, लेकिन तबीयत खराब होने का कहकर वह होटल से 9 बजे ही स्टाफ रूम में चला गया। रात को 11 बजे उसके अन्य साथी रूम पर लौटे तो उन्होंने साजिद को फांसी के फंदे पर लटका देखा था। इसके बाद होटल मैनेजर को सूचना दी गई। इधर सूचना पर पहुंची पुलिस ने साजिद और स्टाफ रूम की तलाशी लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस ने साजिद का शव पीएम के लिए मर्चुरी भेज दिया है। उत्तर प्रदेश से परिजन के आने के बाद साजिद का पीएम कराया जाएगा।



हिरनिया खेड़ापति मंदिर तालाब परिसर में पौधरोपण करते हुए।

## बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भी लिया हिस्सा

# हिरनिया खेड़ापति मंदिर तालाब परिसर में किया पौधरोपण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज**

पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प के साथ गुरुवार को जय प्रकाश शर्मा द्वारा हिरनिया खेड़ापति मंदिर तालाब परिसर में पौधरोपण किया गया। इस अभियान में स्थानीय विद्यालय के छात्रों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर जय प्रकाश शर्मा ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक नागरिक को पौधरोपण के साथ उनकी देखभाल का भी संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उन्हें संरक्षित रखने का आह्वान किया।

### पार्वती नदी में डूबने से दो युवकों की मौत एक का शव मिला

**नजीराबाद।** नगर से 15 किलोमीटर दूर पार्वती नदी में बुधवार शाम करीब 4 बजे दो युवकों के डूबने मौत की सूचना है। पुलिस के अनुसार सोनू अहिरवार (26) गोलू अहिरवार (24) ग्राम मेगरा आम के रहने वाले हैं।

बताया जाता है कि पैर फिसलने से एक दोस्त पार्वती नदी में गिर गया, जिसे बचने दूसरा साथी नदी में कूदा, साथी को बचाने के चक्कर में दोनों गहरे पानी में चले गए और डूब गए। नजीराबाद पुलिस और आरएस की टीम ने गाताखोरों की मदद से गुरुवार सुबह एक युवक का शव निकाला, जबकि दूसरे शव की तलाश की जा रही है। नजीराबाद थाना प्रभारी दुर्जन सिंह, सब इंस्पेक्टर महेश सूर्यवंशी, एसआई मोबाइल चालक अवध अहिरवार पार्वती नदी पर मुस्तेज हैं और दूसरे शव की तलश की जा रही है।

## सदर्न आर्मी कमांडर ने किया सुदर्शन चक्र कॉर्प्स का दौरा

# आर्मी टेक्नोलॉजी में एडवांस्ड, फुर्तीली और लड़ाई के लिए तैयार फोर्स बनाए रखेगीः ले.ज. राजेश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर**

लेफ्टिनेंट जनरल, कमांडिंग-इन-चीफ, सदर्न कमांड राजेश पुष्कर ने ऑपरेशनल रेडीनेस, ट्रेनिंग की कोशिशों और एडमिनिस्ट्रेटिव तैयारियों का रिव्यू करने के लिए सुदर्शन चक्र कॉर्प्स का दौरा किया। इस दौरे के दौरान, आर्मी कमांडर ने ऑपरेशनल रेडीनेस, फोर्स मॉडर्नाइज़ेशन की कोशिशों और मल्टी डोमेन बैटलफील्ड्स में क्षमता बढ़ाने के लिए नई टेक्नोलॉजी के इंटीग्रेशन का रिव्यू किया। उन्हें आर्मी डे परेड 2027 के लिए चल रही तैयारियों के बारे में जानकारी दी गई, जो भोपाल में होनी है।



सुदर्शन चक्र कॉर्प्स के दौरे के दौरान फोटो शूट कराते हुए।

### सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने को कहा

सभी रैंकों के साथ बातचीत करते हुए, आर्मी कमांडर ने उनके पक्के प्रोफेशनलिज्म, ऑपरेशनल एक्सीलेंस और ड्यूटी के प्रति समर्पण के लिए तारीफ की। उन्होंने उनसे इनोवेशन को अपनाते रहने, लड़ाई की तैयारी को बढ़ाने और उभरती सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए ऑपरेशनल रेडीनेस के सबसे ऊंचे स्टैंडर्ड बनाए रखने के लिए कहा। इस दौरे से इंडियन आर्मी के इस वादे को पक्का किया गया कि वह टेक्नोलॉजी में एडवांस्ड, फुर्तीली और लड़ाई के लिए तैयार फोर्स बनाए रखेगी, जो नेशनल सिक्योरिटी की रक्षा करने में काबिल हो, साथ ही इंसानी हालात और आम लोगों की ज़रूरतों का भी ध्यान रखेगी।

### माता-पिता उम्र की बंदिश से परे, आईवीएफ से फिर ले सकेंगे संतान सुख

**जबलपुर।** यदि डॉक्टर महिला को चिकित्सकीय रूप से फिट मानते हैं, तो केवल कानून में दर्ज उम्र की सीमा किसी मां को दोबारा मातृत्व का सुख पाने से नहीं रोक सकती। मप्र हाईकोर्ट ने एक बेहद संवेदनशील मामले में कानून की तकनीकी बंदिशों से ऊपर मानवीय संवेदनाओं को तरजीह देते हुए यह ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने एक 52 वर्षीय याचिकाकर्ता महिला को इन विट्रो फर्टिलाइजेशन तकनीक के जरिए संतान प्राप्ति की अनुमति दे दी है। यह भावुक कर देने वाला मामला एक ऐसे दंपती का है, जिनका इकलौता 21 वर्षीय बेटा पीलिया की बीमारी के कारण असमय काल के गाल में समा गया। इस वज्रपात के बाद दंपती बिल्कुल अकेले रह गए थे। उम्र के इस पड़ाव पर प्राकृतिक रूप से माता-पिता बनना संभव नहीं था, इसलिए उन्होंने विज्ञान की शरण ली।

## विधायक सबनानी ने बहिराणा साहिब की ज्योति प्रज्वलित की

श्रद्धालुओं ने शुरू किया चालीस दिन का कठोर उपवास

# आयोलाल झूलेलाल के जयकारों के साथ झूलेलाल चलीहा महोत्सव का शुभारंभ, भजनों को सुन जमकर झूमे श्रद्धालु

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर**

उपनगर संत हिरदाराम नगर में गुरुवार को झूलेलाल चलीहा महोत्सव का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर कई धार्मिक आयोजन कर भगवान झूलेलाल की विशेष पूजा अर्चना की। वहीं गुरुवार से चालीस दिन उपवास भी शुरू हो गया है। लगातार 40 दिन भगवान झूलेलाल की पूजा अर्चना होती रहेगी।

पूज्य झूलेलाल चालीहा साहिब उत्सव समिति एच वार्ड संत हिरदाराम नगर के अध्यक्ष पुरुषोत्तम हरचंदानी ने बताया कि कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि विधायक भगवानदास सबनानी द्वारा बहिराणा साहिब की ज्योति प्रज्वलित कर शुभारंभ करते हुए कहा कि कि चालीहा पर्व बड़ा ही कठिन होता है। जिन्होंने उपवास रखा है उनको मैं हार्दिक बधाई देता हूं। इसके उपरांत भजन, कीतर्न, छेज, सिंधी पल्लव, आरती कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश हिंगोरानी, विशिष्ठ अतिथि पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष माधु चांदवानी, चन्दू इसरानी, अध्यक्ष सिंधू समाज, कपड़ा एसोसिएशन अध्यक्ष कन्हैया इसरानी, राज मनवानी, अशोक मारन विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।



भगवान झूलेलाल के भजनों पर झूमते हुए श्रद्धालु।

### चन्द्रभान रीझवानी के भजनों पर थिरके

झूलेलाल चालीहा मंदिर समिति द्वारा पल्लव अरदास करके झूलेलाल भगवान से समाज की खुशहाली की प्रार्थना की। चन्द्रभान रीझवानी ने अपनी मधुर वाणी से भजन गाकर सभी को नाचने थिरकने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर ओमप्रकाश शेरू रीझवानी, मोहन मनवानी, किरण वाधवानी, किशोर तेजवानी, राजेश बेलनी, कमल विधानी, हीरो हिंदू, नन्द दादलानी, वासुदेव वाधवानी, सोनी वासवानी, प्रीत, मीना, प्राची आदि नागरिक उपस्थित रहे।

जैन समाज के लोगों के साथ पटवा ने लिया आशीर्वाद

# आचार्य श्री 108 समय सागर महाराज आंकलपुर पहुंचे



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज**

आचार्य श्री 108 समय सागर महाराज के आंकलपुर पहुंचने पर भोजपुर विधायक एवं मंडीदीप, औबेदुल्लागंज के जैन समाज के लोगों ने भव्य अगवानी की। शुक्रवार सुबह 5:30 अंकलपुर से विहार कर प्रातः करीब 7 बजे औबेदुल्लागंज पहुंचेंगे। नगर में आचार्य श्री के स्वागत में तोरण द्वार एवं भव्य रंगोली बनाई गई है। सर्वनिदान अस्पताल के कार्तिक जैन, भोजपुर विधायक पटवा ने गुरुवार को आचार्य श्री से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर ओमप्रकाश मीणा, वागीश अग्रवाल, देवेंद्र सिंह राजू, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, नरेंद्र शर्मा, माधव यादव, जीतू नंदवंशी, नरेश सेठी, माखन परमार आदि ने अगवानी की।

### आचार्य श्री समय सागर की अगवानी को तैयार मंडीदीप

**मंडीदीप।** विद्याकुल शिरोमणि, परम पूज्य आचार्य श्री 108 समय सागर महाराज ससंघ के प्रथम मंगल आगमन को लेकर मंडीदीप में श्रद्धा और भक्ति का वातावरण है। नगर में पहली बार आचार्य श्री के आगमन को लेकर न केवल जैन धर्मावलंबियों में उत्साह का माहौल है। मुनि सेवा समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार जैन ने बताया कि शुक्रवार को आचार्य श्री ससंघ की आहारचर्या औबेदुल्लागंज में संपन्न होगी। इसके उपरांत संघ मंगल विहार करते हुए शाम लगभग 5 बजे मंडीदीप नगर में प्रवेश करेगा।

# धार जिले के पीएम मित्र पार्क में 90 प्रतिशत भूखंड आवंटित : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मप्र के धार जिले में गारमेंट सेक्टर में देश का सबसे बड़ा पीएम मित्र पार्क है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 सितंबर 2025 को इस देश के पहले पीएम मित्र पार्क की सौगात दी थी। गारमेंट सेक्टर के इस पार्क के भूमि-पूजन के साथ ही 90 प्रतिशत भू-खंडों का आवंटन पूरा कर लिया गया है।

यह एक रिकॉर्ड है और काम के प्रति राज्य सरकार की दक्षता प्रकट करती है। उन्होंने कहा कि मप्र सरकार ने नई दिल्ली में आयोजित भारत टेक्स 2026 में टेक्सटाइल, गारमेंट और फुटवियर इंडस्ट्री में आगे बढ़ने की संभावनाओं और क्षमताओं का प्रदर्शन किया है। मुख्यमंत्री नई दिल्ली स्थिति भारत मंडपम में भारत टैक्स-2026 के अवसर पर मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि धार जिले में पीएम मित्र पार्क के आसपास भी निवेशक अब उद्योग स्थापित करने के लिए जमीन की मांग कर रहे है। प्रदेश में उद्योगों के लिए अनुकूलता, कच्चे धागे के लिए माल की उपलब्धता, बुनियादी ढांचे के विकास को लेकर मध्यप्रदेश निवेशकों को आकर्षित कर रहा है।

## मप्र में गारमेंट सेक्टर में देश का सबसे बड़ा पीएम मित्र पार्क

## नई दिल्ली के भारत मंडपम में मुख्यमंत्री ने की मीडिया से चर्चा

1 पीएम मित्र पार्क के पास भी निवेशक भूमि की मांग कर रहे

2 प्रदेश में 37 से अधिक इंडस्ट्रियल पार्क संचालित



भारत मंडपम में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

### छोटे शहरों में औद्योगिक विकास की पहल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में संभाग स्तर पर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित की गईं, जिससे छोटे शहरों में भी औद्योगिक विकास हुआ है। नर्मदापुरम में 11 हजार 500 करोड़ से निवेश से नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित हो रहा है। रीवा में आईटी पार्क शुरू हो रहा है। ग्वालियर, जबलपुर, सिंगरौली, सतना, कटनी और सागर में इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित किए जा रहे हैं। शिवपुरी को डिफेंस पार्क और गुना को बड़े सीमेंट प्लांट की सौगात मिली है। वर्तमान में प्रदेश में 37 से अधिक इंडस्ट्रियल पार्क संचालित हैं। मध्यप्रदेश टेक्सटाइल और गारमेंट के साथ उद्योग के अन्य क्षेत्रों में भी आगे बढ़ रहा है। राज्य में पर्याप्त मात्रा में कपास और रेशम उत्पादन हो रहा है।

### कई देशों में विशेष पहचान बना रही टेक्सटाइल इंडस्ट्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश उन चुनिंदा राज्यों में शामिल है, जहां टेक्ससाइल एंड अपेरल सेक्टर की वैल्यू चेन उपलब्ध है। कपास से धागा तैयार करने, गारमेंट निर्माण और मशीनरी की उपलब्धता मध्यप्रदेश को अग्रणी बनाती है। जैविक कपास के उत्पादन में भी मध्यप्रदेश नंबर वन है। राज्य में केवल कपास का उत्पादन ही नहीं, बल्कि फॉर्म टू फैशन तक इकोसिस्टम तैयार किया जा रहा है। मध्यप्रदेश से 11 हजार 750 करोड़ का टेक्सटाइल और गारमेंट सेक्टर में निर्यात हुआ है। हमारी टेक्सटाइल इंडस्ट्री अमेरिका, बांग्लादेश, जापान, जर्मनी, विएतनाम, इटली, नीदरलैंड और ऑस्ट्रेलिया सहित कई देशों में विशेष पहचान बना रही है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई यूनिट्स की संख्या भी 43 हजार से अधिक हो चुकी है। इस क्षेत्र में 2400 करोड़ रुपए के निवेश के फलस्वरूप 3 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिल रहा है। धार के पीएम मित्र पार्क से 20 हजार करोड़ से अधिक निवेश का आना और 30 बड़ी कंपनियों का आगमन महत्वपूर्ण है।

### मुख्यमंत्री ने कहा- मप्र निवेश का रिकॉर्ड तोड़ेगा

डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में उद्योगों को आर्थिक सब्सिडी, बिजली आपूर्ति, भूमि आवंटन, स्टांप ड्यूटी में छूट से निवेशक आकर्षित हो रहे हैं। राज्य में महिला उद्यमियों को प्रोत्साहन, कौशल विकास प्रशिक्षण और इंफ्रास्ट्रक्चर पर काम हो रहा है। मध्यप्रदेश देश के मध्य में होने और अपनी विशेषताओं के कारण दुनिया भर के निवेशकों को आकर्षित कर रहा है। डॉ. यादव ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 में मध्यप्रदेश को प्राप्त निवेश प्रस्ताव में से लगभग 10 लाख करोड़ का निवेश धरातल पर आ चुका है। वर्ष 2027 में फिर जीआईएस का आयोजन होगा, उम्मीद है कि इसमें निवेश का रिकॉर्ड टूटेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि उद्यमियों को साढ़े पांच हजार करोड़ की सब्सिडी राशि डीबीटी के माध्य से दी जा चुकी है।

### किसान, बिजली उत्पादन में बने सहयोगी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने गैर-जरूरी खर्चों को कम करते हुए वैश्विक चुनौतियों के बीच भी अपने वार्षिक बजट में बढ़ोतरी की है। पहले सरकार किसानों को 20 हजार करोड़ रुपए की सब्सिडी देती थी, इसके स्थान पर सोलर एनर्जी को प्रोत्साहन प्रदान करते हुए किसानों को सोलर पंप दिए जा रहे हैं। किसान अपनी जरूरत की बिजली का स्वयं उत्पादन कर रहे हैं। जरूरत से अधिक बिजली को राज्य सरकार खरीद भी रही है। नदी जोड़ो परियोजनाओं के माध्यम से जल बंटवारे को नई दिशा दी गई है। मध्यप्रदेश सरकार पड़ोसी राज्यों के साथ परस्पर संबंधों को बेहतर करते हुए पर्यटन को बढ़ावा दे रही है। इससे प्रदेश को लाभ मिल रहा है।

## खबर संक्षेप

### पदोन्नति से पद रिक्त पर स्थाई कर्मी हों नियमित

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर प्रदेश के शासकीय अर्द्ध शासकीय विभागों में पदोन्नति से रिक्त हुए तृतीय श्रेणी एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर प्रदेश में कार्यरत स्थाई कर्मचारियों को नियमित नियुक्ति देने की मांग की है। मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि वर्ष 2016 में नियुक्त हुए स्थाई कर्मियों को 10 वर्ष से अधिक का समय हो गया है। सुप्रीम कोर्ट के उमा देवी बनाम कर्नाटक सरकार के फैसले में स्पष्ट आदेश है कि 10 वर्ष की सेवा के बाद कर्मचारियों को नियमित किया जाएं।

### अपना दल (एस) की प्रदेश स्तरीय बैठक 19 को

**भोपाल।** अपना दल (एस) के राष्ट्रीय महासचिव एवं मध्य प्रदेश प्रभारी आर.बी. सिंह पटेल का 12 जुलाई से शुरू हुआ प्रदेशव्यापी संगठनात्मक दौरा लगातार गति पकड़ रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व में संगठन विस्तार के लक्ष्य के साथ जबलपुर संभाग से शुरू हुआ यह अभियान प्रदेश के विभिन्न जिलों में कार्यकर्ता बैठकों और सदस्यता अभियान के माध्यम से आगे बढ़ रहा है। अभियान का समापन 19 जुलाई को भोपाल में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय बैठक के साथ होगा, जिसे संगठन की रणनीति और विस्तार की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## डीपीसी से संबंधित नोटशीट पिछले कई दिनों से प्रमुख सचिव के स्तर पर लंबित

# आबकारी विभाग में पदोन्नति अटकी.... सीएस एवं मंत्री ने जताई नाराजगी, जांच के घेरे में चार अफसर

### 70 से अधिक अधिकारियों की पदोन्नति अटक गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र सरकार के निर्देश पर विभिन्न विभागों में पदोन्नति (डीपीसी) की प्रक्रिया तेजी से पूरी की जा रही है, लेकिन आबकारी विभाग में वरिष्ठ अधिकारियों की पदोन्नति सूची अब तक जारी नहीं हो सकी है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, डीपीसी से संबंधित नोटशीट पिछले कई दिनों से प्रमुख सचिव के स्तर पर लंबित है, जिसके कारण 70 से अधिक अधिकारियों की पदोन्नति अटक गई है। सूत्रों के मुताबिक, मामले की जानकारी मिलने के बाद मुख्य सचिव अनुराग जैन ने प्रमुख सचिव अमित राठौर को प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। वहीं, ग्वालियर मुख्यालय में स्थापना शाखा की कार्यप्रणाली को लेकर उप मुख्यमंत्री एवं आबकारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने भी नाराजगी जताई है। इसके बावजूद डीपीसी और पदोन्नति सूची जारी नहीं हो सकी है।

**उप मुख्यमंत्री एवं आबकारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने भी जताई नाराजगी**



विभागीय जानकारी के अनुसार, जांच और विभागीय कार्रवाई के दायरे में आने वाले चार अधिकारियों की पदोन्नति पर सबसे अधिक संशय बना हुआ है। इनमें संजीव दुबे, वर्तमान में जबलपुर में सहायक आबकारी आयुक्त, इंदौर के 68 करोड़ रुपये के कथित घोटाले की जांच के दायरे में हैं। वीरेन्द्र धाकड़, भोपाल में सहायक आबकारी आयुक्त, शिवपुरी में पदस्थापना के दौरान दंडित किए जा चुके हैं। प्रमोद झा, ग्वालियर मुख्यालय में स्थापना प्रभारी, उज्जैन में तीन करोड़ रुपए की बैंक गारंटी की वसूली नहीं होने के मामले में लोकायुक्त जांच का सामना कर रहे हैं। वहीं राजनारायण सोनी इंदौर में चार करोड़ रुपए की कथित फर्जी बैंक गारंटी प्रकरण में जांच के घेरे में हैं। सूत्रों का कहना है कि जिन अधिकारियों की पदोन्नति प्रस्तावित है, वे सूची जारी कराने के प्रयास कर रहे हैं, जबकि जांच का सामना कर रहे अधिकारियों को लेकर विभाग के भीतर मतभेद की स्थिति बनी हुई है। आबकारी विभाग में सहायक जिला आबकारी अधिकारी से जिला आबकारी अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी से सहायक आबकारी आयुक्त तथा सहायक आबकारी आयुक्त से उप आबकारी आयुक्त के पदों पर पदोन्नति की जानी है। विभागीय स्तर पर अब सभी की निगाहें डीपीसी और पदोन्नति सूची जारी होने पर टिकी हैं। हालांकि, इस संबंध में प्रमुख सचिव अमित राठौर और उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का आधिकारिक पक्ष सामने नहीं आ सका है।

### स्वास्थ्य विभाग में तृतीय एवं नर्सिंग संवर्ग की प्रमोशन प्रक्रिया सवालों में

स्वास्थ्य विभाग में तृतीय श्रेणी के लिपिक एवं नर्सिंग संवर्ग की प्रमोशन प्रक्रिया सवालों के घेरे में आ गई है। इस प्रक्रिया के लिए जो समय सीमा निर्धारित की जाती है। उसका कोई ध्यान नहीं रखा गया है। आनन-फानन में चहेतों को उपकृत करने पत्र जारी किया और प्रमोशन की शुरुआत कर दी गई। जबकि इस प्रकिया में कम से कम 15 दिवस का समय का निर्धारण जरूरी है। क्योंकि 80 फीसदी सीधी भर्ती के पद हैं। जबकि 20 पद विभागीय पदोन्नति से भरे जाने हैं।

इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों का कहना है कि उन्हें कोई जानकारी नहीं है। पता किया जाएगा। रिटायर स्वास्थ्य सेवक एवं वरिष्ठ कर्मचारी नेता टीएस मिश्रा का कहना है कि इस प्रक्रिया में 4 जुलाई को मध्य प्रदेश के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में संचनालय स्वास्थ्य सेवाएं से पत्र भेजा जाता है कि सहायक प्रबंधक के लिए डीपीसी होनी है। 7 जुलाई तक निर्धारित में जानकारी भेजें जबकि 4 जुलाई को 4 बजे पत्र अपलोड किया जाता है।

शनिवार 5 जुलाई को जबकि रविवार 6 जुलाई को था एवं सात को जानकारी मंगाई जा रही है। इसमें विस्तृत जानकारी है कि दूर दराज के जिलों में कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी 7 जुलाई तक संचनालय में किसी भी स्थिति में नहीं पहुंच सकती थी। जबकि गोपनीय प्रतिवेदन संभागीय कार्यालय में रहता है। प्रपत्र के अनुसार सभी जानकारी तैयार करने में कम से कम दो दिन लगेंगे।

मिश्रा के अनुसार इसके पीछे मंशा साफ है कि संचनालय स्वास्थ्य सेवाओं में लिपिक श्रेणी में दो कर्मचारी हैं। उन्हें सेलेक्ट करना है। इसलिए कम समय दिया गया है। पुरानी पेंशन बहाली के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद तिवारी कहते हैं कि यह गंभीर मामला है। मुख्यमंत्री स्वयं प्रत्येक विभाग में पदोन्नतियों की पारदर्शी समीक्षा कर रहे हैं। उनके समक्ष इस मामले की शिकायत की जाएगी।

### मानसून सत्र से पहले पदोन्नतियां पूरी करने पर सरकार का जोर

मध्य प्रदेश सरकार ने 20 जुलाई से शुरू हो रहे विधानसभा के मानसून सत्र से पहले सभी विभागों में लंबित पदोन्नति प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री सचिवालय ने भी पूरी प्रक्रिया की निगरानी शुरू कर दी है और सामान्य प्रशासन विभाग से 1 जुलाई से 15 जुलाई के बीच विभिन्न विभागों में जारी किए गए पदोन्नति आदेशों और विभागीय पदोन्नति समितियों की प्रगति की विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। सरकार ने निर्देश दिए हैं कि जल्द से जल्द पदोन्नति आदेश जारी किए जाएं। शासन का प्रयास है कि मध्य प्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम-2025 को लेकर हाईकोर्ट में किसी संभावित निर्णय से पहले अधिकतम पदोन्नतियां पूरी कर ली जाएं।

### सीएम ने की बड़वानी के अभिनव स्वास्थ्य अभियान की सराहना

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बड़वानी जिले के पाटी विकासखंड के बोकराटा सेक्टर में संचालित 'मिशन ग्रीन कमांडो' अभियान की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प है कि स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ अंतिम छोर पर बसे प्रत्येक नागरिक तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि दुर्गम एवं वनांचल क्षेत्रों में कार्यरत स्वास्थ्य अमले का समर्पण, प्रशासन की बेहतर कार्ययोजना और जनसहभागिता इस संकल्प को साकार कर रही है। उन्होंने अभियान में शामिल सभी स्वास्थ्य कर्मियों, प्रशासनिक अधिकारियों, वालंटियर्स एवं जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि यह अभियान सिद्ध करता है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और समन्वित प्रयासों से सबसे कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावी ढंग से पहुंचाई जा सकती हैं। बड़वानी जिले के पाटी विकासखंड का बोकराटा सेक्टर प्रदेश के सबसे दुर्गम आदिवासी क्षेत्रों में से एक है। यहां अनेक फालिया एवं बस्तियां पहाड़ियों की ऊंचाइयों पर स्थित हैं, ऐसे कठिन भौगोलिक क्षेत्र में गुरुवार को संचालित 'मिशन ग्रीन कमांडो' ने यह साबित किया कि जब लक्ष्य सेवा का हो तो पहाड़ भी रास्ता बन जाते हैं। स्वास्थ्य टीमों ने कई किमी पैदल चलकर घर-घर दस्तक दी और यह भरोसा मजबूत किया कि शासन की स्वास्थ्य सेवाएं हर जरूरतमंद तक पहुंचेंगी। उन्हें योजनाओं का लाभ मिलेगा।

## भाजपा ने दतिया उपचुनाव के लिए बनाई चुनाव संचालन समिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा ने दतिया उपचुनाव के लिए चुनाव संचालन समिति बनाई है। इस समिति का प्रमुख पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा को बनाया गया है। वहीं समिति में भाजपा जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह कुशवाह, विधायक प्रदीप अग्रवाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विपिन गोस्वामी सहित 32 लोगों को शामिल किया गया है। इधर, भाजपा के दतिया विधानसभा उपचुनाव प्रभारी भारत सिंह कुशवाह की सहमति से प्रदेश महामंत्री व उपचुनाव सह प्रभारी राहुल कोठारी ने उपचुनाव संचालन समिति की घोषणा की है। जारी सूची के अनुसार, पूर्व मंत्री अरविंद भदौरिया को चुनाव अभियान प्रमुख एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रणवीर सिंह रावत को सह प्रमुख नियुक्त किया है।

### खंडेलवाल और शिवप्रकाश आज उपचुनाव कार्यालय मीडिया एवं सोशल मीडिया सेंटर का करेंगे उद्घाटन

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, वरिष्ठ नेता डॉ. नरोत्तम मिश्रा, उपचुनाव प्रभारी भारत सिंह कुशवाह एवं पार्टी प्रत्याशी आशुतोष तिवारी शुक्रवार 17 जुलाई को सुबह 11 होटल रतन रॉयल में बनाए गए दतिया उपचुनाव कार्यालय का उद्घाटन करेंगे।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू ने उठाया सवाल

## गोशालाओं, पशुपालकों, गोवंश की समस्याओं पर मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा गो-पालन एवं पशुपालन विभाग अपने पास रखने के फैसले पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि विभागों का आवंटन और परिवर्तन मुख्यमंत्री का अधिकार है, लेकिन प्रदेश की जनता अब केवल विभागों का हस्तांतरण नहीं बल्कि परिणाम देखना चाहती है। पटवारी ने आरोप लगाया कि भाजपा ने वर्षों तक गाय को अपनी राजनीति का प्रमुख मुद्दा बनाया, लेकिन उसके शासनकाल में गोवंश की स्थिति सबसे अधिक खराब हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कई गोशालाओं में चारे, पानी, उपचार और अन्य संसाधनों की कमी बनी हुई है। वहीं बढ़ती लागत अपर्याप्त सरकारी सहायता के कारण पशुपालन किसानों के लिए घाटे का सौदा बनता जा रहा है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से गोशालाओं की वास्तविक स्थिति सार्वजनिक करने, पशुपालकों के लिए राहत पैकेज घोषित करने, छुट्टा गोवंश की समस्या के स्थाई समाधान के लिए समयबद्ध कार्ययोजना बनाने तथा सड़क दुर्घटनाओं में हुए नुकसान पर प्रभावी मुआवजा सुनिश्चित करने की मांग की है।

## गुरु सिर्फ ज्ञान ही नहीं, नैतिकता की नींव भी रखते हैं : रामेश्वर


विधायक शर्मा का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जीवन में गुरुओं के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता, गुरु न सिर्फ़ ज्ञान की खान हैं, बल्कि वे अपने शिष्यों के जीवन में नैतिकता का भी समावेश करते हैं।

विधायक रामेश्वर शर्मा ने यह बात सांदीपनी विद्यालय बर्रई में गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित समारोह में छात्रों को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर पार्षद वीरेंद्र राजपूत, मंडल अध्यक्ष तेज सिंह पटेल, जितेंद्र मीणा और एडीपीएसी अरुण विजयवर्गीय और प्राचार्य हरीश वारिया उपस्थित थे। बड़ी संख्या भारतीय संस्कृति के गुरु शिष्य परंपरा का पर्व का महत्व समझाया। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए, जिसमें गुरु शिष्य परंपरा के भारतीय दर्शन की झलक प्रस्तुत की गई।

### सिंघार के निवास पर जुटेंगे विधायक

## विधानसभा सत्र से पहले कांग्रेस की रणनीति बैठक 19 जुलाई को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मप्र विधानसभा के 20 जुलाई से शुरू होने वाले मानसून सत्र से पहले कांग्रेस ने अपनी रणनीति तैयार करने के लिए विधायक दल की बैठक बुलाई है।

यह बैठक 19 जुलाई (रविवार) शाम 7:30 बजे नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के भोपाल स्थित बी-12 (ए), 74 बंगला निवास पर आयोजित होगी। बैठक में कांग्रेस विधायक दल आगामी विधानसभा सत्र के दौरान उठाए जाने वाले जनहित के मुद्दों और सरकार को घेरने की रणनीति पर विस्तार से मंथन करेगा। कांग्रेस के अनुसार बैठक में किसान संकट, सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए वार्षिक जॉब कैलेंडर जारी करने की मांग, युवाओं के रोजगार और भर्ती परीक्षाओं में व्यापक सुधार, समान नागरिक संहिता (यूसीसी), आदिवासी एवं दलितों के अधिकार, महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था की स्थिति तथा प्रदेश में सामने आए भ्रष्टाचार और अन्य कथित घोटालों जैसे विषयों पर चर्चा होगी। सिंघार ने कहा कि कांग्रेस विधायक दल जनता से जुड़े मुद्दों को पूरी मजबूती के साथ विधानसभा में उठाएगा।

## 3,553 सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों ने 274 सांदीपनि स्कूलों का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को गुरु के प्रति सम्मान, अनुशासन, नैतिक मूल्यों एवं भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति आस्था और विद्यालयों में सकारात्मक एवं संस्कारमय शैक्षणिक वातावरण तैयार करने के उद्देश्य से लोक शिक्षण संचालनालय, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा गुरु पूर्णिमा पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में आयोजित किए जा रहे गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के दूसरे दिन गुरुवार को प्रदेश के 3,553 शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने 274 सांदीपनि विद्यालयों का विशेष शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विद्यालयों की आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं का अवलोकन किया। शिक्षकों के साथ संवाद कर नवीन शिक्षण पद्धतियों, नवाचारों और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों को ओरिएंटेशन प्रदान किया गया।


### डीजीपी कैलाश मकवाणा का एक वर्ष का सेवा विस्तार 1 दिसंबर को हो रहा समाप्त

## दिसंबर में मिल सकते हैं नए डीजीपी! उपेंद्र जैन, वरुण कपूर और पंकज श्रीवास्तव प्रमुख दावेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पद पर इस वर्ष दिसंबर में बदलाव की संभावना है। वर्तमान डीजीपी कैलाश मकवाना का एक वर्ष का सेवा विस्तार 1 दिसंबर को समाप्त हो रहा है। यदि राज्य सरकार उन्हें दोबारा सेवा विस्तार नहीं देती है, तो नए डीजीपी की नियुक्ति तय मानी जा रही है।

इसे लेकर पुलिस मुख्यालय और शासन स्तर पर वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के नामों पर मंथन शुरू हो गया है। वरिष्ठता और न्यूनतम कार्यकाल के आधार पर डीजी आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) उपेन्द्र जैन सबसे मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं। उनके




अलावा डीजी जेल वरुण कपूर और स्पेशल डीजी सीआईडी पंकज श्रीवास्तव भी डीजीपी की दौड़ में प्रमुख नाम हैं। मकवाणा का मूल कार्यकाल 1 दिसंबर 2025 को पूरा हो गया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के आधार पर राज्य सरकार ने उन्हें एक वर्ष का सेवा विस्तार दिया था। हालांकि इस बार दोबारा विस्तार मिलने की संभावना कम मानी जा रही है।

**अगस्त में होंगे अजय शर्मा आशुतोष रॉय सेवानिवृत्त**

### वर्ष 2027 में प्रदेश के 13 आईपीएस अधिकारी सेवानिवृत्त होंगे, इनमें सात प्रमोटी और छह डायरेक्ट आईपीएस अधिकारी शामिल हैं

#### आईपीएस अफसरों का सेवानिवृत्ति का संभावित कार्यक्रम

**जनवरी:** राकेश सगर
**मार्च:** मुकेश श्रीवास्तव
**मई:** वरुण कपूर
**जून:** ओमप्रकाश त्रिपाठी, विनोद कुमार सिंह, संतोष सिंह गौर
**जुलाई:** जी. अखेतो सेमा, राजाबाबू सिंह
**अगस्त:** उपेन्द्र जैन
**अक्टूबर:** उमेश जोगा, मनोज कुमार सिंह, रसना ठाकुर
**दिसंबर:** पंकज श्रीवास्तव

#### इस वर्ष भी 16 आईपीएस हो रहे हैं रिटायर

प्रदेश में वर्ष 2026 के दौरान 16 आईपीएस अधिकारियों का सेवानिवृत्त होना निर्धारित है। इनमें से जगदीश डाबर, अंशुमान सिंह, हिमानी खन्ना, सविता सोहाने, जितेंद्र सिंह पंवार, महेशचंद्र जैन, संजीव शमी, आलोक रंजन और संजय तिवारी पहले ही सेवानिवृत्त हो चुके हैं। इसी माह अरविंद सक्सेना और शशिकांत शुक्ला सेवानिवृत्त होंगे। अगस्त में अजय शर्मा, आशुतोष रॉय, ए. साई मनोहर और मिथिलेश शुक्ला रिटायर होंगे, जबकि अक्टूबर में सोनाली मिश्रा, जो आरपीएफ में महानिदेशक हैं, सेवानिवृत्त होंगी।

**विदिशा, सांची, शिवपुरी और अशोकनगर स्टेशन हुए अपग्रेड**

# आज प्रधानमंत्री मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए करेंगे वर्चुअल लोकार्पण, मुसाफिरों की सेवा के लिए तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पश्चिम मध्य रेलवे के छह रेलवे स्टेशन अब आधुनिक सुविधाओं से लैस होकर यात्रियों की सेवा के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित इन स्टेशनों का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 जुलाई को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। इनमें भोपाल मंडल के विदिशा, सांची, शिवपुरी एवं अशोकनगर,जबलपुर मंडल का ब्यौहारी,और कोटा मंडल का गंगापुर सिटी जंक्शन शामिल हैं।

### 80 स्टेशनों का होगा लोकार्पण

भोपाल मंडल सहित प्रदेश के कई स्टेशनों पर पुनर्विकास कर आधुनिक वास्तुकला, बेहतर यात्री सुविधाएं सुरक्षित,और आरामदायक बन सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जुलाई को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर के 80 आधुनिक रेलवे स्टेशनों का लोकार्पण करेंगे। प्रदेश के अलग-अलग स्टेशनों में राज्यपाल, सीएम डॉ मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और ज्योतिरादित्य सिंधिया समेत कई जनप्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है।



### यूरोपीय मानकों पर हो रहा तैयार

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों को केवल परिवहन केंद्र नहीं, बल्कि व्यावसायिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में भी विकसित किया जा रहा है। इसके लिए स्टेशनों पर कमर्शियल स्पेस, रिटेल आउटलेट, फूड प्लाजा और अन्य सुविधाएं तैयार की जा रही हैं।रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इन स्टेशनों का विकास यूरोपीय मानकों की तर्ज पर किया जा रहा है, ताकि यात्रियों को आधुनिक, सुरक्षित और विश्वस्तरीय सुविधाओं का लाभ मिल सके।

### 13 स्टेशन होंगे शामिल

भोपाल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि जिन स्टेशनों का लोकार्पण होगा, उनमें मप्र के 13 रेलवे स्टेशन भी शामिल हैं। इनमें विदिशा, सांची, अशोकनगर, शिवपुरी छतरपुर टीकमगढ़, छिंदवाड़ा जैसे प्रमुख स्टेशन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि स्टेशनों का निर्माण भविष्य की आवश्यकताओं और बढ़ती यात्री संख्या को ध्यान में रखकर किया गया है।

### विकास को मिलेगी नई गति

परियोजना के दूसरे चरण में स्टेशनों के दूसरे प्रवेश द्वार, अतिरिक्त पार्किंग, आसपास के क्षेत्र का सौंदर्यीकरण और अन्य यात्री सुविधाओं का भी विस्तार किया जाएगा। रेलवे का मानना है कि अमृत भारत स्टेशन योजना से न केवल यात्रियों को बेहतर अनुभव मिलेगा, बल्कि स्थानीय व्यापार, पर्यटन और क्षेत्रीय विकास को भी नई गति मिलेगी।

**सौरभ कटारिया, सीनियर डीसीएम, भोपाल मंडल**

**वर्तमान समय में ब्लू इकोनॉमी में संभावनाएं: प्राचार्य डॉ शालिनी**

# एसपीएम कॉलेज के प्राणीशास्त्र विभाग में राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस पर सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित शासकीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस के अवसर पर गुरुवार को एक दिवसीय विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को मछली पालन के क्षेत्र में रोजगार के अवसरों से अवगत कराना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता फिशरीज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. शादाब सिद्दीकी रहे। उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से व्याख्यान देते हुए कहा कि मछली पालन सिर्फएक पारंपरिक व्यवसाय नहीं, बल्कि युवाओं के लिए उच्च आय अर्जित करने का एक बेहतरीन जरिया है।



सेमिनार में उद्बोधन देतीं प्राचार्य डॉ. शालिनी

### विद्यार्थियों को आगे आना चाहिए: प्राचार्य

कॉलेज की प्राचार्य डॉ. शालिनी सक्सेना ने मत्स्य पालन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में ब्लू इकोनॉमी (मत्स्य व्यवसाय) में अपार संभावनाएं हैं। विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में आगे आकर उपलब्ध अवसरों का पूरा लाभ उठाना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### ऐतिहासिक स्थलों का छात्रों को भ्रमण कराएगी सरकार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार अब सरकारी कॉलेजों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को कक्षा से बाहर व्यावहारिक और अनुभवात्मक शिक्षा देने की दिशा में नई पहल कर रही है। उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के चयनित सरकारी कॉलेजों के विद्यार्थियों को प्रमुख औद्योगिक संस्थानों, साइंस सिटी, वैज्ञानिक संस्थानों, संग्रहालयों और ऐतिहासिक स्थलों का निःशुल्क शैक्षणिक भ्रमण कराने का निर्णय लिया है। इसके लिए संबंधित कॉलेजों को प्रति कॉलेज 15 हजार रुपये की राशि आवंटित की गई है। योजना के तहत रीवा-शहडोल, जबलपुर, सागर, नर्मदापुरम, इंदौर और ग्वालियर-चंबल संभाग के 29 सरकारी कॉलेजों के विद्यार्थियों को इस वर्ष भ्रमण कराया जाएगा।

### मध्य प्रदेश के टाइगर रिजर्व में बाघों की होगी हाईटेक निगरानी

**भोपाल।** मप्र के टाइगर रिजर्व में बाघों की सुरक्षा अब पारंपरिक गश्त तक सीमित नहीं रहेगी। शिकार और बाघों के अंगों की तस्करी पर प्रभावी रोक लगाने के लिए वन विभाग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित आधुनिक निगरानी प्रणाली लागू करने जा रहा है। वन विभाग ने पहले चरण में बांधवगढ़, कान्हा और पेंच टाइगर रिजर्व को एआई आधारित परियोजना के लिए चुना है। एपीसीसीएफ (सूचना प्रौद्योगिकी) एचएस मोहंता के अनुसार, एआई आधारित निगरानी प्रणाली में 24 घंटे स्मार्ट मॉनिटरिंग, रियल टाइम डेटा एनालिटिक्स, ड्रोन से हवाई निगरानी और कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से लाइव मॉनिटरिंग जैसी सुविधाएं शामिल होंगी। इससे मानव गश्त पर निर्भरता कम होगी और जंगल के विशाल क्षेत्र की निगरानी अधिक प्रभावी ढंग से की जा सकेगी। एपीसीसीएफ (वन्यजीव) एल. कृष्णामूर्ति ने कहा कि एआई से बाघों की गतिविधियों की सटीक जानकारी मिलेगी, जिससे समय पर चेतावनी जारी की जा सकेगी।

### अमर शहीद चंद्रशेखर की याद में चिकित्सा शिविर 21 जुलाई को

**भोपाल।** अमर शहीद फाउंडेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान महान क्रांतिकारी अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की याद में 21 जुलाई दोपहर 12 बजे मल्टी सीटी हॉस्पिटल गौतम नगर में चिकित्सा शिविर आयोजन किया गया है। अमर शहीद फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सलाहकार अनिल बाजपेई, राष्ट्रीय महासचिव अरुण वर्मा ने बताया कि चिकित्सा शिविर में शहर विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा लोगों का उपचार किया जाएगा।

**जगन्नाथ रथ यात्रा: श्रद्धालुओं ने खींचा रथ, जटा लहराकर नाचे साधु-संत**

# गाजे-बाजे के साथ राजधानी में कई जगहों से निकली जगन्नाथ रथ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुरुवार को राजधानी भगवान जगन्नाथ की भक्ति में डूबी नजर आई। अलग-अलग 5 से 6 स्थानों से भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा और बलभद्र की भव्य रथ यात्राएं निकलीं, जिनमें करीब 25 से 30 हजार श्रद्धालु शामिल हुए। तो वहीं यात्रा में जटा लहराकर नाचे साधु-संत को देखते हुए कुंभ के जैसे नजारा दिखाई दे रहा था। हर रथ यात्रा में भक्तों ने रथ की रस्सी पकड़कर उसे खींचा और पुण्य लाभ अर्जित किया। उन्हें न धूप की परवाह थी। रास्तेभर श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा होती रही और प्रसाद में खिचड़ी, भात व बूंदी का वितरण हुआ।



कमला पार्क से निकली भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा।

### मोतियों से सजे रथ पर सवार हो निकले भगवान जगन्नाथ

शांति नगर स्थित गौर मदन गोपाल मंदिर से दोपहर भगवान जगन्नाथ महाप्रभु की रथ यात्रा धूमधाम से निकाली गई। मोतियों एवं फूलों से सुसज्जित रथ पर भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा एवं बड़े भाई बलभद्र ने रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण किया। आयोजन समिति के प्रमोद नेमा एवं दीपिका माहेश्वरी ने बताया विगत 42 वर्षों से निकाली जा रही है। तो वहीं इस्कॉन मंदिर से शनिवार को जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली जाएगी। भवानी चौक सोमवारा पर एसीपी हनुमानगंज राकेश सिंह बघेल ने उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को नशे से दूरी है जरूरी 20 की शपथ दिलाई गई।



### 6 किमी का सफर सात घंटे में हुआ तय

शांति नगर से निकली रथ यात्रा ने 6 किमी का सफर 7 घंटे में तय किया, जबकि श्यामला हिल्स जगदीश मंदिर से निकली यात्रा 5 किमी चलकर खटलापुरा मंदिर पहुंची। वहीं, कोलार कान्यकुंज, मानस भवन व उत्कल समाज मंदिर जवाहर चौक की यात्राओं ने 3 से 4 किमी का सफर चार घंटे में पूरा किया। इन पांच बड़ी यात्राओं का 25 स्थानों पर रथों पर फूलों की बारिश की गई और करीब 40 स्थानों पर भगवान आरती उतारी गई।

### बग्घी में गुरुदेव का चित्र भी विराजमान

श्रीकृष्ण चैतन्य प्रेम भक्ति संकीर्तन मंडल द्वारा निकली यात्रा में बड़ी संख्या में भक्तों ने संकीर्तन व जयघोष करते हुए भाग लिया। रथ के साथ बग्घी में गुरुदेव का चित्र भी विराजमान था।



**साबूदाने की खिचड़ी का किया प्रसादी वितरण**

### महिला मंडल ने किया जगन्नाथ रथ यात्रा का स्वागत

**भोपाल।** श्री श्याम महिला मंडल समिति शांति नगर ने गुरुवार को बाबा जगन्नाथ की यात्रा का भव्य स्वागत किया। रथयात्रा के स्वागत में महिलाओं ने साबूदाने की खिचड़ी का प्रसादी वितरण किया। रथ यात्रा जब शांति नगर पहुंची तो वहां महिलाओं ने नाच गाकर रथ यात्रा का स्वागत किया। महिलाओं ने बाबा जगन्नाथ के रथ को खींचकर धर्म का लाभ उठाया। समिति की अध्यक्ष सविता राठौर ने बताया कि रथयात्रा महोत्सव में परंपरा, भक्ति और आध्यात्मिकता का दिव्य संगम दिखाई दिया।



### पांच सेंटिनेल साइट्स में अब सातों दिन होगा एलाइजा टेस्ट

**भोपाल।** डेंगू, मलेरिया और चिकुनगुनिया की रोकथाम के लिए लिए शहर के पांच सेंटिनेल साइट्स में अब सातों की दिन एलाइजा टेस्ट होगा। सीएमएचओ डॉ मनीष शर्मा द्वारा जारी निदेश के अनुसार एम्स, बीएमएचआरसी, जीएमसी, जेपी अस्पताल और बैरागढ़ अस्पताल में मरीजों के लिए एलाइजा टेस्ट की सुविधा प्रतिदिन निर्बाध रूप से उपलब्ध होगी। जांच उपरांत रिपोर्ट सकारात्मक आने पर संक्रमण प्रसार को रोकने हेतु तत्काल प्रभावी निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। डेंगू संक्रमण काल की संवेदनशीलता को देखते हुए यह विशेष व्यवस्था आगामी 30 नवंबर तक निरंतर संचालित रहेगी। सीएमएचओ डॉ मनीष शर्मा ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में 10 बेड आईसोलेशन वार्ड स्थापित करने और जिला चिकित्सालय में कम कम से 10 बिस्तरीय आरक्षित कर आईशोलेशन वार्ड बनाना, प्रत्येक बिस्तर पर मच्छरदानी की व्यवस्था, आईसोलेशन वार्ड में डेंगू, चिकनगुनिया का बोर्ड, मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया से संबंधित पोस्टर, बैनर का प्रचार प्रसार कराने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

### 39 नवीन सांदीपनी विद्यालयों का लोकार्पण

**भोपाल।** सांदीपनि उत्सव के अंतर्गत प्रदेश के 19 जिलों में 39 नवीन सांदीपनि विद्यालयों की शुरुआत की जा रही है। गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के दौरान इन विद्यालयों का चरणबद्ध लोकार्पण किया जा रहा है। गुरुवार को नरसिंहपुर जिले के शा.सांदीपनि उ.मा. विद्यालय साईंखेड़ा के नवीन भवन का स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह और खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने लोकार्पण किया। कार्यक्रम में 500 शिक्षक, 5500 छात्र, 2000 पालक एवं 150 जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

**नोटिस से परेशान व्यापारी सांसद से मिले**

# व्यापारियों ने की भोपाल में मिक्स लैंडयूज लागू करने की मांग, सांसद को सौंपा ज्ञापन



*दस नंबर मार्केट, 11 नंबर मार्केट, बिट्टन मार्केट, अरेरा कॉलोनी, बावड़ियाकलां व अन्य व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मास्टर प्लॉन और आवासीय क्षेत्रों में कारोबार करने वाले व्यापारी नोटिसों से परेशान हो रहे हैं। उन्हें आने वाले दिनों में इन जगहों पर कारोबार करने का डर सता रहा है, जिसको लेकर व्यापारियों ने सांसद आलोक शर्मा से मुलाकात की। जिसमें दस नंबर मार्केट, 11 नंबर मार्केट, बिट्टन मार्केट, अरेरा कॉलोनी, बावड़िया कलां सहित विभिन्न व्यापारी संगठन मौजूद रहे।

व्यापारियों ने बताया कि वर्ष 2005 के बाद से भोपाल का नया मास्टर प्लान लागू नहीं हो पाया है। जिसकी वजह से कामर्शियल प्लॉट विकसित नहीं हुए और बड़ी संख्या में व्यापारियों को आवासीय भवनों में ही अपने प्रतिष्ठान संचालित करने पड़े। व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष आनंद सोनी ने कहा कि संबंधित प्रतिष्ठान वर्षों से नगर निगम को व्यावसायिक कर, लाइसेंस शुल्क और बिजली कंपनी को व्यावसायिक दरों पर बिल का भुगतान कर रहे हैं। इसके बावजूद व्यापार बंद करने के नोटिस दिए जाना व्यवहारिक नहीं है।

### आवासीय क्षेत्रों में कारोबार करने पर नोटिस

व्यापारियों ने बताया कि न्यायालय के निर्देशों के पालन में नगर निगम आवासीय क्षेत्रों में संचालित दुकानों, अस्पतालों, शोरूम और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी कर रहा है। जिससे हजारों व्यापारियों, कर्मचारियों और उनके परिवारों की आजीविका प्रभावित होने की आशंका है। उन्होंने अरेरा कॉलोनी मुख्य मार्ग सहित प्रमुख क्षेत्रों में मिक्स लैंड यूज लागू करने की मांग रखी। जिस पर सांसद ने इस संबंध में मुख्यमंत्री मोहन यादव से चर्चा करने की बात कही।

**उच्च शिक्षा संचालनालय ने दिए आदेश**

# कॉलेज प्रवेश के लिए 31 तक मौका, विभाग ने बढ़ाई तिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के कॉलेजों में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए काम की खबर है। उच्च शिक्षा विभाग ने कॉलेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) के अतिरिक्त राउंड की अंतिम तारीख बढ़ाकर अब 31 जुलाई कर दी है।

पहले कॉलेज लेवर काउंसलिंग 15 जुलाई तक पूरी होनी थी। उच्च शिक्षा संचालनालय ने इस संबंध में आदेश जारी कर सभी सरकारी, अनुदान प्राप्त, अशासकीय और प्राइवेट महाविद्यालयों को निर्देश दिए हैं। विभाग के मुताबिक, शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया के दौरान बड़ी संख्या में सीटें अभी भी खाली हैं। इन्हें भरने और अधिक से अधिक स्टूडेंट्स को प्रवेश का अवसर देने के लिए सीएलसी राउंड की अवधि बढ़ाई गई है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि तिथि बढ़ाने के अलावा प्रवेश प्रक्रिया की अन्य सभी शर्तें पहले की तरह लागू रहेंगी। प्रदेश में नया शैक्षणिक सत्र 1 जुलाई से शुरू हो चुका है। कई कॉलेजों में कक्षाएं भी शुरू हो गई हैं। प्रवेश प्रक्रिया जारी है। ऐसे विद्यार्थी, जो अब तक प्रवेश नहीं ले सके हैं या पसंद के कॉलेज में सीट मिलने का इंतजार कर रहे थे।

**लोक शिक्षण संचालनालय ने विस्तृत ब्यौरा किया तलब**

# स्कूलों से बाहर अटैच शिक्षकों पर सरकार की सख्ती, जांच में 213 नाम आए सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में वर्षों से स्कूलों से बाहर मंत्रालय, कलेक्टर कार्यालय, जनप्रतिनिधियों और अन्य सरकारी कार्यालयों में अटैच होकर काम कर रहे शिक्षकों पर अब सरकार सख्त कार्रवाई की तैयारी में है।

प्रदेशभर से अब तक ऐसे 213 शिक्षकों की सूची सामने आई है, लेकिन विभागीय अधिकारियों का मानना है कि यह संख्या आने वाले दिनों में हजारों तक पहुंच सकती है। इसी के मद्देनजर लोक शिक्षण संचालनालय ने सभी जिलों से स्कूलों से बाहर पदस्थ शिक्षकों का विस्तृत ब्यौरा तलब किया है। दरअसल, प्रदेश में लंबे समय से बड़ी संख्या में शिक्षक अपने मूल विद्यालयों में पढ़ाने के बजाय विभिन्न गैर-शैक्षणिक कार्यों में लगे हुए हैं। कई शिक्षक मंत्रालय, कलेक्टर कार्यालय, जिला शिक्षा कार्यालय और जनप्रतिनिधियों के कार्यालयों में वर्षों से अटैच होकर काम कर रहे हैं। इससे स्कूलों में शिक्षकों की कमी का असर पढ़ाई पर पड़ रहा है। अब तक सामने आई सूची में अकेले भोपाल जिले के 52 शिक्षक विभिन्न गैर-शैक्षणिक कार्यों में अटैच पाए गए हैं।

### मिल रही सतत रिपोर्ट

अन्य जिलों से भी लगातार रिपोर्ट मिल रही हैं, जिसके बाद विभाग को उम्मीद है कि वास्तविक संख्या कहीं अधिक हो सकती है। लोक शिक्षण आयुक्त अभिषेक सिंह ने एक सप्ताह पहले वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और संयुक्त संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि स्कूलों से बाहर गैर-शैक्षणिक कार्यों में लगे सभी शिक्षकों का अटैचमेंट तत्काल समाप्त किया जाए।

**हजारों छात्रों ने पूरा नहीं किया कोर्स**

# इलेक्टिव कोर्स कंप्लीट नहीं तो परीक्षा नहीं दे पाएंगे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग नई दिल्ली के सचिव सच्चिदानंद प्रसाद ने मध्य प्रदेश समेत देशभर के आयुर्वेद कॉलेजों को पत्र जारी कर बीएएमएस आयुर्वेद स्नातक के 2021-22 बैच के छात्र नौ इलेक्टिव कोर्स क्वालीफॉय किए बिना मुख्य यूनिवर्सिटी परीक्षा में नहीं बैठ सकेंगे। प्रदेश समेत देशभर के 450 से ज्यादा आयुर्वेद कॉलेजों के सत्र 2021-22 बैच के कम से कम 35 हजार छात्र अध्ययनरत हैं जिनमें से संभावना है कि लगभग चार हजार से ज्यादा छात्रों ने इलेक्टिव कोर्स पूरा नहीं किया है। फिलहॉल आयोग के पास विभिन्न रूपों में आवेदन आने के पश्चात इलेक्टिव कोर्स पूरा करने हेतु अंतिम तारीख 31 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ राकेश पाण्डेय ने फायनल बैच के छात्रों को लापरवाही न बरतने की सलाह दी है तथा एनसीआईएसएम को तिथि बढ़ाने पर आभार व्यक्त किया है। डॉ पाण्डेय ने बताया कि इलेक्टिव कोर्स के अंतर्गत मेडिकल इंजीनियरिंग, इपिडिमियोलॉजी, चाइल्ड सायकोलॉजी, स्पोर्ट्स मेडिसिन, कॉर्डियोलॉजी जैसे अन्य महत्वपूर्ण विषय शामिल हैं और उत्तीर्ण करने के उपरांत आयोग सर्टिफिकेट भी प्रदान करता है। आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि इलेक्टिव कोर्स कंप्लीट किए बिना अगर संस्थान मुख्य परीक्षा में छात्रों को शामिल कराते हैं तो दण्डात्मक कार्रवाई हो सकती है।

# गुप्त नवरात्र : मां बगलामुखी दरबार में सप्तशती के श्लोक का वाचन कर दीं आहुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आषाढ़ माह की गुप्त नवरात्र के दूसरे दिन गुरुवार को भी देवी मंदिरों में सतशती पाठ, हवन, पूजन आदि मुष्ठान हुए। इसी के तहत आयकर कॉलोनी कोटरा स्थित बगलामुखी माता मंदिर में महंत रवींद्राचार्य महाराज के सानिध्य में श्रद्धम्लुओं ने सप्तशती के श्लोक का वाचन कर आहुतियां दीं। मां बगलामुखी को पीली वस्तुओं का भोग लगा गया। इसी तरह गुफा मंदिर लालघाटी में महंतश्री राम प्रवेश दास महाराज के सानिध्य में पांच पंडितों ने सप्तशती के साथ मां दुर्गा के 108 नाम का जाप किया। घरों में श्रद्धालुओं ने माता के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा की।



**वेंडिंग मशीन से ऑटोमेटिक टिकट निकालने में होती है परेशानी**

# भोपाल मंडल के 29 स्टेशनों पर नियुक्त होंगे टिकट बुकिंग एजेंट, यात्रियों को आसानी से मिलेंगे टिकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल रेल मंडल ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 29 छोटे स्टेशनों पर जनरल टिकट बिक्री के लिए स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट नियुक्त करने का निर्णय लिया है।

कई यात्रियों को ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन से टिकट निकालने में परेशानी होती है। खासकर बुजुर्ग, ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले और कम पढ़े-लिखे यात्री तकनीकी प्रक्रिया को समझ नहीं पाते, जिससे उन्हें टिकट लेने में कठिनाई होती है। इसी समस्या को देखते हुए रेलवे ने यह व्यवस्था लागू करने का फैसला लिया है। चयनित एजेंट स्टेशन काउंटर पर कंप्यूटराइज्ड सिस्टम के माध्यम से यात्रियों को जनरल टिकट जारी करेंगे।

### तीन वर्ष का होगा अनुबंध

यह योजना भोपाल मंडल के एनएसजी-4, एनएसजी-5 और एनएसजी-6 श्रेणी के कुल 29 स्टेशनों पर लागू की जाएगी। एनएसजी-4 श्रेणी में शिवपुरी स्टेशन शामिल है, जहां एजेंट की नियुक्ति एक वर्ष के लिए होगी। इन स्टेशनों में मंडीदीप, बुदनी, राजगढ़, ओबैदुल्ला गंज, दीवानगंज, ब्यावरा, गुलाबगंज, सेमरखेड़ी, सुरगांव बनजारी, सुखी सेवनिया सहित अन्य स्टेशन शामिल हैं। रेलवे अधिकारियों के अनुसार वेस्ट सेंट्रल रेलवे भोपाल मंडल द्वारा 29 स्टेशनों पर स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट नियुक्त करने का निर्णय यात्रियों की सुविधा बढ़ाने की योजना पर काम शुरू होगा।

### प्रति टिकट दिया जाएगा कमीशन

चयनित एजेंट को स्टेशन पर निर्धारित काउंटर दिया जाएगा, जहां वह कंप्यूटर सिस्टम के जरिए जनरल टिकट जारी करेगा। यात्रियों को तत्काल टिकट उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी एजेंट की होगी। रेलवे की ओर से एजेंट को प्रति टिकट कमीशन दिया जाएगा। यह व्यवस्था पारदर्शिता के साथ आउटसोर्सिंग मॉडल पर आधारित होगी।

### इस योजना से ऐसे मिलेग यात्रियों को लाभ

- छोटे और कम भीड़ वाले स्टेशनों पर भी आसानी से टिकट मिल जाएगा।
- रेलवे काउंटर पर लाइनें कम लगेंगी।
- कंप्यूटर से टिकट बनने से समय बचेगा।
- जनरल टिकट खरीदना पहले से ज्यादा सरल



# झूम उठे प्रशिक्षु, सुरों की महफिल में थिरके कदम

## म्यूजिकल मोजैक, में सजी एक रूहानी और यादगार शाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रशासन अकादमी के स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित संगीत संध्या म्यूज़िकल मोज़ैक ने गुरुवार की शाम को यादगार बना दिया।

125वें आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल लगभग डेढ़ सौ प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए यह संगीत में डूबने और अपने व्यस्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के बीच कुछ सुकून भरे क्षण बिताने का विशेष अवसर था।



संगीत संध्या म्यूज़िकल मोज़ैक में समधुर गीतों की प्रस्तुति देते प्रशिक्षु अधिकारी।

### लोकप्रिय फिल्मी गीतों का रंगारंग नजारा

शोमेन एंड रोहित कलेक्टिव बैंड ने जैसे ही अपनी प्रस्तुति का आगाज़ किया, सभागार में उत्साह की लहर दौड़ गई। सूफ़ी, ग़ज़ल और लोकप्रिय फिल्मी गीतों का ऐसा रंगारंग संगम प्रस्तुत किया गया कि श्रोता स्वयं को संगीत की लय में बहने से रोक नहीं सके। एक के बाद एक प्रस्तुत किए गए लोकप्रिय गीतों ने माहौल को पूरी तरह संगीतमय बना दिया।

### सभागार में बना उत्सवधर्मी वातावरण

प्रसिद्ध गीत दीवानी, तोरे नैना, सूफ़ियाना रचना सांसो की माला पे सिमरूँ मैं पी का नाम तथा लोकप्रिय गीत तू माने या न माने दिलदारा की प्रस्तुति ने श्रोताओं को विशेष रूप से भावविभोर कर दिया। कलाकारों की ऊर्जावान प्रस्तुति के साथ प्रशिक्षु अधिकारी भी सुरों की इस यात्रा में शामिल हो गए। अनेक प्रशिक्षु अपनी सीटों से उठकर संगीत की धुनों पर झूमने लगे और नाचने लगे, जिससे पूरा सभागार एक उत्सवधर्मी वातावरण में बदल गया।

## पन्ना टाइगर रिजर्व के पास रमाबाई ने बनाया तीन कमरों का ग्राम स्टे, जहां आकर ठहरते हैं देशी-विदेशी पर्यटक

# जंगल के आंगन में बसा 'रमाबाई की बखरी', जहां विदेशी मेहमान सीखते हैं साड़ी पहनने के साथ रोटी बनाना

मुधरिमा राजपाल ▶▶ भोपाल

अलग खबर

घने जंगलों की हरियाली, दूर से सुनाई देती बाघ की दहाड़, आसपास विचरते भालू और वन्यजीव... और इन्हीं सबके बीच गोंड जनजाति की संस्कृति को जीवंत करता एक छोटा-सा ग्राम स्टे। मंडला जिले में पन्ना टाइगर रिजर्व के मुख्य द्वार से महज 700-800 मीटर की दूरी पर स्थित 'रमाबाई की बखरी' ग्राम स्टे आज देश ही नहीं, बल्कि दुनिया भर के पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन चुका है। करीब 70 वर्षीय रमाबाई ने अपने तीन कमरों के घर को पूरी तरह गोंड जनजातीय शैली में सजाकर ऐसा ठिकाना तैयार किया है, जहां आने वाले मेहमान सिर्फ ठहरते नहीं, बल्कि गांव की संस्कृति, जीवनशैली को करीब से जीते हैं। रमा का यह ग्राम स्टे आज इस बात का जीवंत उदाहरण है कि यदि स्थानीय संस्कृति, प्रकृति और आत्मीय मेहमाननवाजी को एक साथ जोड़ा जाए तो गांव भी वैश्विक पर्यटन के नक्शे पर अलग पहचान बना सकता है। यही कारण है कि यहां ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, अमेरिका, रूस सहित कई देशों के पर्यटक ठहर चुके हैं। सर्दियों के मौसम में तो यहां महीनों पहले ही बुकिंग फुल हो जाती है।

### पांच वर्ष पहले खेती-किसानी से होता था जीवन-यापन

रमाबाई बताती हैं कि पांच वर्ष पहले तक उनका परिवार खेती-किसानी और जंगल से मिलने वाली जड़ी-बूटियां बेचकर जीवनयापन करता था। फिर सरकार ने ग्राम स्टे की अवधारणा से परिचित कराया। उन्होंने अपने घर के तीन कमरों को पर्यटकों के लिए तैयार किया और आज यहीं उनकी आजीविका का सबसे बड़ा माध्यम बन गया है।

### गूगल ट्रांसलेट की मदद से करते हैं विदेशी पर्यटकों से संवाद

रमाबाई के बेटे बलवीर बताते हैं कि परिवार पढ़ा-लिखा नहीं है, लेकिन तकनीक ने उनकी राह आसान कर दी। वे हिंदी में लिखी जानकारी को गूगल ट्रांसलेट की मदद से अंग्रेजी में बदलकर विदेशी पर्यटकों से संवाद करते हैं और ऑनलाइन बुकिंग पूरी करते हैं।

### जहां बाघ की दहाड़ है रोजमर्रा की बात

बलवीर ने कहा कि टाइगर रिजर्व से सटे होने के कारण यहां वन्यजीवों की मौजूदगी आम बात है। कई बार भालू, चीता सहित अन्य जंगली जानवर हमारे घर के द्वार तक पहुंच जाते हैं। रात के सन्नाटे में बाघ की दहाड़ भी सुनाई देती है और कई बार परिवार ने बाघ को अपनी आंखों से देखा भी है। वे कहते हैं हमें इन जानवरों से डर नहीं लगता। हम बचपन से इन्हीं जंगलों और वन्यजीवों के बीच पले-बढ़े हैं। हमारे सात साल के बेटे के लिए भी यह सब सामान्य बात है।

### विदेशी महिलाओं को साड़ी, चूड़ियां और मेहंदी का आकर्षण





साड़ी पहनकर रमाबाई के परिवार के साथ फोटो खिंचाती एक विदेशी पर्यटक। वहीं रमाबाई के परिजन से अपने हाथों में मेहंदी लगवाते हुए। (दायें)

रमाबाई मुस्कुराते हुए बताती हैं कि विदेशी महिलाओं को भारतीय ग्रामीण जीवन बेहद पसंद आता है। वे साड़ी पहनना सीखती हैं, चूड़ियां पहनती हैं और कई बार हाथों में मेहंदी भी लगवाती हैं, यही नहीं मेरे साथ रोटियां भी बनवाती हैं। रमा ने कहा कि इन विदेशी महिलाओं के लिए गांव की महिलाओं के साथ बैठकर बातचीत करना, पारंपरिक रीति-रिवाजों को समझना और स्थानीय संस्कृति को महसूस करना उनके लिए यादगार अनुभव बन जाता।



### मोरिंगा, कचरिया और ककोरा की सब्जी खूब भाती

ग्राम स्टे में आने वाले मेहमानों को पूरी तरह स्थानीय और पारंपरिक भोजन परोसा जाता है। मेन्यू में महुआ की खीर, महुआ का चीला, मक्के की रोटी, सरसों का साग, मुरिंगा की सब्जी, कचरिया (काचरा/कचरी) सब्जी, ककोरा (बकोरा) की सब्जी जैसे स्थानीय व्यंजन शामिल हैं। यदि कोई पर्यटक विशेष भोजन की इच्छा जताता है तो उसकी व्यवस्था भी पूरे मन से की जाती है।



### कल डबलिंग में देंगे अपनी प्रस्तुति



### हास्य व्यंग्य कवि राजेन्द्र गट्टानी आयरलैंड में बिखेरेंगे देशी पंच

**भोपाल।** भोपाल के जाने-माने व्यंग्यकार और मप्र लेखक संघ के प्रदेशाध्यक्ष राजेन्द्र गट्टानी अब विदेश की धरती पर भी अपनी लेखनी का जादू बिखेरने जा रहे हैं। गट्टानी आगामी 18 जुलाई को आयरलैंड की राजधानी डबलिन में आयोजित होने वाली लाफ्टर इवनिंग में मुख्य प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम की थीम 'देशी पंच-विदेशी मंच' रखी गई है, जिसका उद्देश्य प्रवासी भारतीयों को मातृभाषा में हास्य-व्यंग्य से जोड़ना है। आज के समाज की सच्चाई को अपनी व्यंग्य रचनाओं से बिना लाग लपेट सामने रखने वाले गट्टानी के साथ इस शाम में स्टैंड-अप कॉमेडियन गुरप्रीत सिंह भी अपनी प्रस्तुति देंगे। डबलिन के प्रसिद्ध साइंटोलॉजी ऑडिटोरियम में होने जा रहे इस 2 घण्टे के कार्यक्रम का आयोजन ब्रदर्स बीट्स इवेंट्स और क्रेजी टप्पे द्वारा किया जा रहा है।





### डांस, म्यूजिक फन संग फैशन का दिखा अनोखा अंदाज

# लेपर्ड प्रिंट थीम पर सजी किटी पार्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



शहर की महिलाओं ने हाल ही में आयोजित एक किटी पार्टी में लेपर्ड प्रिंट थीम के साथ स्टाइल, आत्मविश्वास और आपसी मेल-मिलाप का शानदार उत्सव मनाया। पार्टी में सभी सदस्य लेपर्ड प्रिंट परिधानों में आकर्षक अंदाज में नजर आईं, जिससे पूरा आयोजन एक ग्लैमरस फैशन शो जैसा प्रतीत हुआ। कार्यक्रम की आयोजक साध्वी श्रीवास्तव ने बताया कि थीम आधारित किटी पार्टियों का उद्देश्य महिलाओं को अपनी व्यस्त दिनचर्या से कुछ समय निकालकर एक-दूसरे के साथ खुशी के पल बिताने का अवसर देना है। कार्यक्रम में बेस्ट ड्रेस्ड, बेस्ट थीम लुक और कई रोचक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित भी किया गया। पार्टी के दौरान विभिन्न मनोरंजक खेल, संगीत, डांस और मजेदार गतिविधियों ने सभी का भरपूर मनोरंजन किया।

# रोटरी क्लब भोपाल शौर्य की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

## बच्चों के कुपोषण एवं डायलेसिस पर विशेष कार्य करेगा क्लब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रोटरी क्लब ऑफ भोपाल शौर्य भोपाल की कार्यकारिणी 2026-2027 का शपथ ग्रहण कार्यक्रम मुख्य अतिथि डीजी निर्वाचित मुकेश साहू के मुख्य आतिथ्य में होटल सेंट्रल पार्क टीटी नगर में संपन्न हुआ। नव निर्वाचित कार्यकारिणी को रोटेरियन पीडीजी अनीस मालिक ने शपथ ग्रहण कराई। मुकेश साहू डीजीई ने कहा कि इस वर्ष रोटरी बच्चों के कुपोषण डायलेसिस एवं विशेष बच्चों पर प्राथमिकता से कार्य करेगा।

विशेष अतिथि अतिथि डीजीएन सुखदेव सिंह घुम्मन ने कहा कि रोटरी सेवाकार्य से सबको संतुष्टि मिलती है यह विश्व का सबसे बड़ा सेवाभावी संगठन है इसके सदस्य होना गर्व का विषय है। अध्यक्ष पद से सेवानिवृत्त हो रहे निर्विकार यादव में अपने कार्यकाल में किए गए प्रोजेक्ट एवं सेवा कार्यों कि जानकारी दी ओर निर्वाचित अध्यक्ष कर्नल प्रियरंजन सिंहा ने आगामी वर्ष में किए जाने वाले सेवा प्रकल्पों को जानकारी दी। इस अवसर पर मंडलाध्यक्ष पूर्व मंडलाध्यक्ष कर्नल महेंद्र मिश्रा आलोक बिल्लौरे जिनेन्द्र जैन सहायक मंडलाध्यक्ष रश्मि टोंग्या एवं भोपाल के रोटरी क्लबों के पदाधिकारी भी उपस्थित थे





**राजधानी के चौराहों पर रथ करेगा लोगों को जागरूक**

# नशे से दूरी है जरूरी जागरुकता रथ को पुलिस कमिश्नर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नशे से दूरी है जरूरी जन जागरुकता अभियान के मद्देनजर पुलिस कमिश्नर संजय कुमार द्वारा गुरुवार को कमिश्नर कार्यालय परिसर से नशे से दूरी है जरूरी जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रथ शहर के विभिन्न प्रमुख चौराहा, मार्गों की कॉलोनी में नशा मुक्ति के लिए जागरुकता संदेश प्रसारित करेगा। इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने नशे से दूरी बनाए रखने एवं शहर मे अवैधानिक गतिविधियों एवं मादक पदार्थों के विक्रय एवं सेवन की तत्काल हेल्पलाइन नंबर पर सूचना देने एवं सशक्त तथा सुरक्षित समाज के निर्माण में जनभागीदारी निभाने की अपील की है।





### महिला क्रिकेटर क्रांति गौड़ अभियान से जुड़ी

भारतीय महिला क्रिकेटर क्रांति गौड़ का गुरुवार को पुलिस आयुक्त कार्यालय में पुलिस आयुक्त द्वारा श्रीफल एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया गया। क्रांति गौड़ मूलतः मध्यप्रदेश के छतरपुर (बुंदेलखंड) की बेटी हैं। उन्होंने हाल ही में इंग्लैंड के ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर एक पारी में 5 विकेट लेकर टेस्ट ऑनर्स बोर्ड पर अपना नाम दर्ज कराया। यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने वाली वह विश्व की पहली महिला क्रिकेटर हैं। इस अवसर पर उन्होंने मध्यप्रदेश पुलिस के जनजागरुकता अभियान नशे से दूरी है जरूरी 2.0 के समर्थन में युवाओं एवं आमजन के लिए प्रेरक संदेश दिया। उन्होंने नशे से दूरी, है जरूरी अभियान का हिस्सा बन सुरक्षित एवं सशक्त समाज के निर्माण में भागीदारी निभाने की अपील की है।

## भोपाल की गायिका रूपसी नारंग से बातचीत

# शौक को बनाया प्रोफेशन, अब गायिकी में बना रहीं पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हरिभूमि चर्चा

अगर जुनून हो, परिवार का सहयोग हो और मेहनत पर विश्वास हो, तो सपने जरूर पूरे होते हैं। इस बात को सच साबित कर रही हैं भोपाल की युवा गायिका रूपसी नारंग, जिन्होंने बचपन के गाने के शौक को प्रोफेशन बनाया और आज अपनी मधुर आवाज से लोगों के दिलों में खास जगह बना रही हैं। रूपसी बताती हैं कि उन्हें बचपन से ही संगीत से गहरा लगाव था। स्कूल, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पारिवारिक आयोजनों में वे हमेशा हिस्सा लेती थीं। समय के साथ यह शौक उनके जीवन का लक्ष्य बन गया और उन्होंने गायिकी को ही अपने करियर के रूप में चुना।



### कवर सॉन्ग 'उड़ारिया' से मिली पहचान

रूपसी कहती हैं कि उनके इस सफर में माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्यों ने हर कदम पर उनका उत्साह बढ़ाया। रूपसी को व्यापक पहचान उनके कवर सॉन्ग 'उड़ारिया' से मिली। इस गीत को सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर खूब सराहा गया, जिसके उनकी लोकप्रियता लगातार बढ़ती गई।

### एक अलग ही आत्मिक संतोष देता भक्ति गीत

वे कहती हैं कि जब भी वे भक्ति गीत गाती हैं, उन्हें एक अलग ही आत्मिक संतोष और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव होता है, और यही भाव वे अपने श्रोताओं तक भी पहुंचाना चाहती हैं। वर्तमान में रूपसी अपने नए म्यूजिक प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही हैं, जिनमें डिवोशनल ट्रैक्स के साथ कुछ नए प्रयोग भी देखने को मिलेंगे।

# फाइनल में अर्जेंटीना-स्पेन ही नहीं मेस्सी और यामल का भी मुकाबला

## गोल के मामले में ऐसा रहा अर्जेंटीना व स्पेन का सफर

अर्जेंटीना ने टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 19 गोल किए हैं जबकि टूर्नामेंट में सबसे कम गोल खाने के मामले में स्पेन सबसे आगे है। उसने सिर्फ एक गोल खाया है। ज्ञात हो कि स्पेन ने मंगलवार को पहले सेमीफाइनल में फ्रांस को हराया। इस टूर्नामेंट में वापसी करने में माहिर अर्जेंटीना ने बुधवार को दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 2-1 से हराकर जीत हासिल की।

## अर्जेंटीना चौथे और स्पेन दूसरे खिताब की दौड़ में

इस वर्ल्ड कप में अर्जेंटीना अपना चौथा खिताब जीतने की कोशिश कर रहा है और ब्राजील के बाद लगातार दो बार विश्व कप चैंपियन बनने की ओर अग्रसर है, जिसने 1958 और 1962 में यह उपलब्धि हासिल की थी। स्पेन 2010 में जीतने के बाद अपना दूसरा खिताब जीतने की कोशिश कर रहा है। दोहा में होने वाली थी भिड़ंत नहीं हो पाई थी दक्षिण अमेरिकी चैंपियन अर्जेंटीना और यूरोपीय चैंपियन स्पेन को मार्च के अंत में कतर के दोहा में फाइनलिस्सिमा में एक दूसरे का मुकाबला करना था लेकिन मध्य पूर्व में जारी जंग के कारण यह मैच नहीं हो पाया और अब संयोग देखिए कि विश्व कप फाइनल में यह दोनों टीम आमने-सामने होंगी। साथ ही उन टीमों के बीच भी मुकाबला होगा जो विश्व कप से पहले फीफा की विश्व रैंकिंग में शीर्ष दो स्थानों पर काबिज थीं अर्जेंटीना नंबर एक और स्पेन नंबर दो पर।

## वर्तमान और भविष्य के बीच होगा मुकाबला

यह फुटबॉल के वर्तमान और भविष्य के बीच एक मुकाबला होगा। साल 2007 में ली गई एक मशहूर तस्वीर है जब मेस्सी यूनिसेफ के एक कार्यक्रम का हिस्सा थे और उन्होंने एक बच्चे के साथ पोज दिया था। वह बच्चा कोई और नहीं बल्कि यामल है जो अब अपने आदर्श खिलाड़ी को टक्कर देने के लिए तैयार है।
स्पेन ने 6 मैच जीते, एक रहा ड्रा
स्पेन ने फाइनल तक के सफर में छह जीत हासिल की और एक ड्रॉ खेला।



**न्यूयॉर्क।** विश्व कप फाइनल के लिए मंच सज चुका है जिसमें दुनिया के सर्वश्रेष्ठ आक्रमण वाली टीम अर्जेंटीना का सामना स्पेन की उस टीम से होगा जिसकी रक्षापंक्ति की मजबूती का कोई सानी नहीं है। खिताबी मुकाबले में खेल की दो अलग-अलग शैलियों का टकराव देखने को मिलेगा। टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे अधिक गोल करने वाले खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी और मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना रविवार को ईस्ट रदरफोर्ड, न्यू जर्सी में स्पेन की मजबूत रक्षात्मक टीम से भिड़ेंगे।

## अर्जेंटीना 7वीं बार फाइनल में

अर्जेंटीना ने अपने 7वें विश्व कप फाइनल में जगह बनाई है। इस टूर्नामेंट से पहले वह 1930, 1978, 1986, 1990, 2014 और 2022 में फाइनल तक पहुंचे थे। इतिहास की बात करें तो खिताबी मैच में अर्जेंटीना का जीत-हार का रिकॉर्ड 3-3 का रहा है। अर्जेंटीना 3 बार 1978, 1986 और 2022 में विश्व कप जीत चुका है। इसके अलावा वह 1930, 1990 और 2014 में उपविजेता रहे हैं।

## फीफा वर्ल्ड कप में मेसी ने रचा इतिहास

अर्जेंटीना ने इंग्लैंड को सेमीफाइनल मुकाबले में 2-0 से हराकर फीफा वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में जगह बना ली है। अर्जेंटीना की इस जीत के हीरो कप्तान लियोनेल मेसी रहे, जिन्होंने टीम की ओर से लगे दोनों ही गोल में अहम भूमिका निभाई। अर्जेंटीना की जीत के साथ ही मेसी ने वो मुकाम हासिल कर लिया है, जहां तक अब तक दुनिया का कोई खिलाड़ी नहीं पहुंच सका है। सेमीफाइनल में किए गए दो असिस्ट (गोल करने में मदद) के साथ ही मेसी के नाम अब विश्व कप में कुल 12 असिस्ट हो गए हैं। इसमें से 10 असिस्ट मेसी ने टूर्नामेंट के नॉकआउट मुकाबलों में किए हैं। आंकड़ों के अनुसार, मेसी इस मुकाम तक पहुंचने वाले पहले खिलाड़ी बने हैं। विश्व कप इतिहास में कोई और खिलाड़ी 8 से ज्यादा असिस्ट नहीं कर सका है।


लामिन यामल
युवा स्ट्राइकर, स्पेन

## अर्जेंटीना में जमकर मना जीत का जश्न

**ब्यूनस आयर्स (अर्जेंटीना)।** मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना की विश्व कप की सेमीफाइनल में इंग्लैंड पर 2-1 की जीत का जश्न मनाने के लिए यहां हजारों फुटबॉल प्रशंसक सड़कों पर उमड़ पड़े।
ब्यूनस आयर्स में तब मूसलाधार बारिश हो रही थी लेकिन इससे प्रशंसकों पर कोई असर नहीं पड़ा। इनमें से कई प्रशंसक को अपनी शर्ट उतार कर ही सड़कों पर नाच गा रहे थे। इनमें से कई प्रशंसकों ने अपने शरीर नीले और सफेद राष्ट्रीय रंगों से रंगे थे। युवा लड़के-लड़कियां बिजली के खंभों और ट्रैफिक लाइटों पर चढ़कर अर्जेंटीना के झंडे लहरा रहे थे। कैथोलिक नन रोसाना बेटो क्रूज ने कहा, ''ये सब अजनबी हैं। वे एक दूसरे को नहीं जानते लेकिन फुटबॉल ने उन्हें एकजुट कर दिया है। वे एक साथ उछल कूद और नाच रहे हैं।




## मेस्सी 'मैजिक' देख इंग्लैंड के खिलाड़ी केन भी हुए कायल

लियोनेल मेस्सी ने सही समय पर अपने कौशल का शानदार नमूना पेश करके अर्जेंटीना को विश्व कप फुटबॉल के सेमीफाइनल में इंग्लैंड पर 2-1 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई, जिसके बाद प्रतिद्वंद्वी टीम के स्टार खिलाड़ी हैरी केन ने भी उनकी जमकर प्रशंसा की। इंग्लैंड के कप्तान केन ने कहा, ''लियो अब भी बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। मुझे लगा कि मैच के बड़े हिस्से में हमने उनका बखूबी सामना किया। लेकिन दुनिया के सबसे खतरनाक खिलाड़ियों की तरह जब गेंद अंतिम छोर पर उनके पास होती है तो वह शानदार खेल दिखाते हैं। आज उन्होंने फिर यही किया। वह सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं। मेस्सी ने मौजूदा टूर्नामेंट में अभी तक आठ गोल किए हैं और वह फ्रांस के किलियन एमबाप्पे की बराबरी पर हैं। मेस्सी ने भले ही इंग्लैंड के खिलाफ कोई गोल नहीं किया लेकिन उन्होंने अर्जेंटीना की तरफ से दोनों गोल करने में मदद की। इससे उनकी टीम ने फिर से वापसी करके लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बनाई।

## अटलांटा में दर्शकों के लिए घर जैसा माहौल

**अटलांटा।** अर्जेंटीना के प्रशंसक अपनी राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के प्रति उग्र और जोशीले समर्थन के लिए जाने जाते हैं तथा उनके इस जोश और जुनून ने अटलांटा में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए विश्व कप सेमीफाइनल में उनकी प्रिय टीम के लिए घर जैसा माहौल बना दिया। यह ब्यूनस आयर्स नहीं था, लेकिन स्टेडियम अर्जेंटीना के समर्थकों से भरा पड़ा था। इनमें केवल अर्जेंटीना के निवासी ही नहीं थे, बल्कि उनकी टीम को चाहने वाले अन्य देशों के कई लोग भी शामिल थे। उन्होंने मैच के दौरान टीम का उत्साह बढ़ाने के लिए गाने गाए, नारे लगाए और जोर-जोर से चिल्लाए। शर्ट उतारकर हवा में लहराई गईं।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, बैरामपल्ली गुरुदत्त नायक, पिता श्री बी. बी. नायक (उर्फ बैरामपल्ली बालकृष्ण नायक), जो बिल्डिंग नंबर 2, फ्लैट नंबर 306, सौम्या एवरग्रीन, वार्ड नंबर 84, रानी अवंती बाई मार्ग, हिनोटिया आलम गांव के पास, कोलार रोड, हुजूर, भोपाल 462042 में रहता हूँ, यह घोषणा करता हूँ कि मेरे नामों 'बी गुरुदत्त नायक' और 'गुरुदत्त नायक बी' में आने वाला अक्षर "बी" असल में "बैरामपल्ली" का संक्षिप्त रूप है। इसलिए, मेरा पूरा और सही नाम 'बैरामपल्ली गुरुदत्त नायक' है, और 'बी. गुरुदत्त नायक', 'गुरुदत्त नायक बी' और 'बैरामपल्ली गुरुदत्त नायक' नाम एक ही व्यक्ति, यानी मेरे ही हैं। भविष्य में, सभी कानूनी, आधिकारिक और अन्य कार्यों के लिए मुझे मेरे सही नाम से ही जाना और पहचाना जाना चाहिए।

## दूसरे वनडे में श्रेयस-विराट की फिफ्टी काम नहीं आई, इंग्लैंड ने सीरीज बराबर की

# इंग्लैंड ने भारत को 4 विकेट से हराया, रूट 99 पर नाबाद रहे

एजेंसी ▶▶| कार्डिफ

इंग्लैंड ने दूसरे वनडे में भारत को 4 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर दी है। टीम ने 234 रन का टारगेट 44.1 ओवर में 6 विकेट खोकर हासिल कर लिया। जो रूट 99 रन बनाकर नाबाद लौटे। गस एटकिंसन ने 16 बॉल पर नाबाद 23 रन बनाए। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने बेन डकेट, प्रसिद्ध कृष्णा ने जैकब बेथेल, गुरनूर बरार ने हैरी ब्रूक और विल जैक्स, शिवम दुबे ने सैम करन, जबकि अक्षर पटेल ने जोस बटलर का विकेट लिया। शुरुआती झटकों के बावजूद रूट ने पारी संभालते हुए इंग्लैंड को जीत दिलाई। इससे पहले टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए भारत 44 ओवर में 233 रन पर ऑलआउट हो गया था। श्रेयस अय्यर (66) और विराट कोहली (65) ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं और चौथे विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी की।



### रूट शतक से सिर्फ एक रन से चूके

जो रूट शतक से सिर्फ एक रन से दूर रह गए, लेकिन उनकी 99 रन की मैच जिताऊ पारी की बदौलत इंग्लैंड ने 44.1 ओवर में 235/6 रन बनाकर 4 विकेट से जीत दर्ज कर ली। जीत के लिए जरूरी चौका गस एटकिंसन ने प्रसिद्ध की गेंद पर पुल शॉट खेलकर लगाया। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने 3 मैचों की वनडे सीरीज 1-1 से बराबर कर ली।

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल**

// आम सूचना //

हाऊसिंग बोर्ड कालोंनी, नेहरू नगर, भोपाल (म.प्र.) में स्थित भवन क्रमांक जूनियर एम.आई.जी. / बी.एम.- 02 मण्डल द्वारा (1) श्रीमती कमला गुप्ता पत्नी स्व. डॉ. रामजी गुप्ता (2) श्रीमती दीपशिखा गुप्ता पत्नी श्री राजकुमार गुप्ता के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 20/04/2009 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 07/12/2016 को किया गया है। इनमें से श्रीमती कमला गुप्ता का स्वर्गवास दिनांक 02/04/2024 को हो गया है। आवेदक श्रीमती दीपशिखा गुप्ता पत्नी श्री राजकुमार गुप्ता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति में से स्व. श्री उम्मेद सिंह का नाम विलोपित कर श्रीमती दीपशिखा गुप्ता पत्नी श्री राजकुमार गुप्ता के एकल नाम से नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति में से नाम विलोपित कर नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म.**
**प्रक्षेत्र-1, भोपाल**

**म.प्र. राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम**
(पशु आहार संयंत्र, कीरतपुर, इटारसी)
न्यू ब्रॉयलर भवन, मेन रोड नं. 3, कोटरा सुल्तानाबाद रोड, भोपाल (म.प्र.), दूरभाष: 0755-2776086 (कार्यालय), ई-मेल : mplpdcbpl@rediffmail.com

**निविदा सूचना (प्रथम आमंत्रण)**

पशु आहार संयंत्र, कीरतपुर, इटारसी में पशु आहार उत्पादन में लगने वाले कच्चे माल के क्रय हेतु e-procurement प्रणाली द्वारा ऑनलाइ निविदा (निविदा आई डी 2026_MLPDC_ 521957_1) आमंत्रित की जाती है।
निविदायें दिनांक 17.07.2026 से क्रय कर दिनांक 05.08.2026 तक प्रस्तुत की जा सकती है। विस्तृत निविदा, प्रपत्र क्रय एवं अन्य जानकारी हेतु **https://mptenders.gov.in** पर लॉगऑन करें।
म.प्र. माध्यम/126919/2026 **प्रबंध संचालक**

**कार्यालय संचालक, राज्य स्तरीय रोजगार एवं प्रशिक्षण केन्द्र**
**(पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण)**
पुलिस रेडियो मुख्यालय के सामने, भदभदा रोड, भोपाल
प्रशिक्षण केन्द्र में संचालित होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत अध्यापन कार्य हेतु अतिथि व्याख्याताओं के इम्पेनलमेंट बाबत।

// विज्ञापन //

आवेदन की अंतिम तिथि - 31 जुलाई 2026

इस प्रशिक्षण केन्द्र अंतर्गत वित्तीय वर्ष 20 26-27 में आयोजित होने वाले विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों यथा राज्य सेवा परीक्षाएं/कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा/ बैंकिंग / रेलवे/एस.एस.सी में अध्यापन कार्य हेतु उच्च शिक्षित एवं अनुभवी अतिथि व्याख्याताओ का एक वर्ष के लिए इम्पेनलमेट किया जाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत अध्यापन कार्य हेतु संलग्न अतिथि व्याख्याता को रु. 500/- प्रति कालखण्ड की दर से मानदेय (अधिकतम रु. 12500/- प्रतिमाह) का भुगतान किया जाएगा। इम्पेनलमेंट किए गए प्रत्येक अतिथि व्याख्याता को अध्यापन कार्य में संलग्न किया जाना अनिवार्य नहीं है। पात्र एवं इच्छुक उम्मीदवार संलग्न आवेदन पत्र में अपनी जानकारी दिनांक 31 जुलाई 2026 तक कार्यालय संचालक, राज्य स्तरीय रोजगार एवं प्रशिक्षण केन्द्र, (पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण) पुलिस रेडियो मुख्यालय के सामने, भदभदा रोड, भोपाल-462003 के पते पर व्यक्तिगत रूप से या ई-मेल dir.setc@gmail.com के माध्यम से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र का प्रारूप विभाग की वेबसाईट www.bcwelfare.mp.nic.in पर उपलब्ध हैं। अध्यापन कार्य हेतु इम्पेनलमेंट के लिए आवश्यक शर्त- 1. आवेदक की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक अनिवार्य है। 2. संबंधित विषय में अध्यापन का न्यूनतम 3 वर्षों का अनुभव अनिवार्य है। 3. उच्च शिक्षित एवं अनुभवधारी आवेदकों को चयन में प्राथमिकता दी जाएगी। 4. संप्रेषण कौशल संतोषजनक होना अनिवार्य है।

संचालक,
राज्य स्तरीय रोजगार एवं प्रशिक्षण केन्द्र,
(पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण) भोपाल

G-15759/26 " स्वच्छता ही सेवा "

## पेज एक का शेष...

### उनसे सीधी बातचीत....

चुनाव जीतना आसान है।

■ **प्रश्न: भाजपा ने नरोत्तम मिश्रा को प्रत्याशी क्यों नहीं बनाया?**

**उत्तर:** ये भाजपा का आंतरिक मामला है। लेकिन, भाजपा ने अच्छे-अच्छे लोगों को साइडलाइन कर दिया। भाजपा तो ऐसे निर्णय लेती है जो सामान्य राजनीतिक धारा के विपरीत होता है। नरोत्तम मिश्रा मध्यप्रदेश भाजपा के कद्दावर नेता हैं। वे चुनाव मैनेजमेंट में माहिर हैं। चुनाव मैनेजमेंट से मेरा मतलब है बूथ लेवल तक उनके पास कार्यकर्ता हैं और कार्यकर्ताओं की मीटिंगें बुलाना उनको प्रेरित करना ये सब काम वो करते रहते हैं। किसी कारण टिकट न मिलने से उनके कार्यकर्ताओं में जबरदस्त नाराजगी थी जो सामने आई ये दिखाता है कि उनका मैनेजमेंट अच्छा है।

■ **प्रश्न: क्या आपने नरोत्तम मिश्रा से मुलाकात की? क्या उनसे समर्थन का आग्रह किया?**

**उत्तर:** मेरी अभी तक नरोत्तम मिश्रा से मुलाकात नहीं हुई है। कुछ राजनैतिक मर्यादाएं होती हैं। कुल लोग मर्यादाओं का पालन करते हैं, कुछ लोग नहीं करते। आशुतोष तिवारी का अवधेश नायक से मिलना ये उनका अपना तरीका है। लेकिन नरोत्तम मिश्रा के कई लोग संपर्क में हैं और कई लोगों ने आश्वासन दिया है कि वे कांग्रेस का समर्थन करेंगे।

■ **प्रश्न: राजेंद्र भारती की पत्नी, बेटे और अवधेश नायक को टिकट नहीं मिलने से वे कितने नाखुश हैं?**

**उत्तर:** राजेंद्र भारती स्वयं मैदान से हट गए थे। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मिलकर पहले ही कह दिया था कि मेरे परिवार में इस समय स्वास्थ्य की समस्याएं हैं और हम लोग तमाम चीजों में उलझे हुए हैं, तैयार नहीं हैं लिहाजा मेरे परिवार में से कोई चुनाव नहीं लड़ेगा। इसलिए वो तो पहले ही पीछे हट गए थे। अवधेश नायक जरूर दावेदारी पेश कर रहे थे। 2023 के चुनाव में उनका टिकट घोषित होने के बाद कट गया था इसलिए उनको पूरी उम्मीद थी कि अबकी बार उन्हें टिकट दिया जाएगा। लेकिन ये पार्टी का निर्णय है लेकिन वे पार्टी के साथ हैं और पार्टी उनके साथ है।

■ **प्रश्न: आपको अवधेश नायक से क्या उम्मीद है?**

**उत्तर:** मुझे उम्मीद है वो मेरे समर्थन में प्रचार करेंगे। हालांकि, अभी उन्होंने शुरूआत नहीं की है। निश्चित ही जब किसी को चोट लगती है, कोई आहत होता है तो कुछ दिन परिवार में चर्चा होती है। उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया है कि वे भारतीय जनता पार्टी में नहीं जा रहे हैं।

■ **प्रश्न: आप दतिया से सेवढ़ा क्यों गए थे?**

**उत्तर:** मैं सेवढ़ा से विधायक रहा हूं। मेरा सेवढ़ा और दतिया दोनों जगह निवास है। मैं प्रतिदिन दतिया जाता रहा हूं लोगों से मिलता रहा हूं। लोगों से मेरा संपर्क टूटा नहीं है। राजेंद्र भारती पहले दूसरे दल में थे बाद में उन्हें कांग्रेस में लाया गया था। वे दतिया के कद्दावर नेता हैं। दतिया में केवल एक विधानसभा सीट थी दतिया लेकिन परिसीमन के बाद सेवढ़ा सामान्य सीट हो गई थी तो मेरे पास विकल्प उपलब्ध था, भारतीजी के पास विकल्प नहीं था। पार्टी को मजबूत करने के लिए, पार्टी में एकता के लिए, समन्वय के लिए मैं सेवढ़ा गया था।

■ **प्रश्न: ढाई साल में कांग्रेस के विधायक ने ऐसा क्या किया जिससे जनता को और आपको उम्मीद बंधे?**

**उत्तर:** दतिया मेडिकल कॉलेज का उदाहरण दूं तो इसे स्वीकृत कराने में भाजपा या नरोत्तम मिश्रा का कोई हाथ नहीं था। हमारे नेता डॉ. मनमोहन सिंह जब पीएम थे तब आखिरी साल में 2013 में पूरे भारत में 50 मेडिकल कॉलेज स्वीकृत हुए थे। केंद्र सरकार के द्वारा 100 प्रतिशत उसकी लागत दी गई थी। एक साल में अग्रिम 189 करोड़ रुपए केंद्र सरकार ने राज्य सरकार को ट्रांसफर कर दिए थे। दतिया से बहुत पहले कांग्रेस ने तो डबरा तहसील मुख्यालय में सड़कें बनवाईं। दतिया से छोटे या बराबर वाले जिलों पन्ना, छतरपुर तक में सड़कें बनवाईं।

■ **प्रश्न: आप यहां के पुराने राजा हैं क्या आप जनता से इस आधार पर वोट मांगेंगे?**

**उत्तर:** सामंतवादी मानसिकता के दामोदर यादव और आशुतोष तिवारी हैं। मैं बिलकुल सामंतवादी मानसिकता का नहीं हूं। मैं धरातल स्थल पर हूं। मैं पैदल जाता हूं, जनता के बीच जाता हूं। गांव में घूमता हूं सबके साथ बैठता हूं। ये दो लोग नहीं बैठते, ये सामंतवादी मानसिकता के हैं। तो इसलिए मैं राजा तो नहीं हूं।

■ **प्रश्न: आपके चुनाव की कमान क्या दिग्विजय सिंह ने संभाली हुई है?**

**उत्तर:** चुनाव की कमान राजा दिग्विजय सिंह ने नहीं मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने संभाली हुई है। दिग्विजय सिंह वरिष्ठ नेता हैं जब सभाएं होंगी तब वे आएंगे। फार्म भरते समय साथ थे और लोग भी साथ थे लेकिन कमान उन्होंने नहीं संभाली है। वे पार्टी के प्रति बहुत समर्पित हैं। उनकी तो मैं तारीफ करूंगा मध्यप्रदेश का कोई नेता उनकी श्रेणी का नहीं है जितनी मेहनत कर रहा है निस्वार्थ भाव से। हर कांग्रेस कार्यकर्ता की लड़ाई लड़ रहे हैं।

■ **प्रश्न: आप नरोत्तम जी की प्रतिभा से बहुत प्रभावित नहीं दिखे, क्यों?**

**उत्तर:** नहीं, मैं प्रभावित हूं। लेकिन जब तक वो सामने थे तो हम क्यों उनकी तारीफ करें। उनका प्लस पॉइंट जनता के बीच लाना या सामने लाना विपक्ष का काम नहीं होता है। विपक्ष का काम होता है उनके माइनस पॉइंट को हाईलाइट करना। अब वो सामने नहीं हैं इसलिए उनके प्लस पॉइंट अब मैं आपको बता सकता हूं। वो अनुभवी राजनीतिज्ञ हैं, बहुत होशियार हैं, माइंड बहुत शार्प है, ज्ञान बहुत हैं, वक्ता बहुत अच्छे हैं, इसके अलावा सबसे बड़ी चीज वो संगठक बहुत अच्छे हैं। उन्होंने अपनी पर्सनल टीम तैयार की कार्यकर्ताओं की। कार्यकर्ताओं का भावनात्मक लगाव उनके साथ है। उनका टिकट कटने के बाद कार्यकर्ताओं ने जो विरोध प्रदर्शन किया यह पहले से कोई प्लानिंग नहीं थी। ये तो अचानक हुआ। इसका मतलब है कि कार्यकर्ताओं का जबरदस्त लगाव उनसे है।

■ **प्रश्न: आशुतोष तिवारी के बारे में क्या कहना चाहेंगे?**

**उत्तर:** वो दतिया के बाहर भोपाल, सागर में संगठन मंत्री रहे होंगे। दतिया जिले में उनका बिलकुल कार्य क्षेत्र नहीं रहा। कोई उनका संगठन नहीं है। संगठन में कोई योगदान नहीं है। व्यक्तिगत कोई योगदान नहीं है। किसी से कोई संपर्क नहीं है। यहां तक कि दतिया विधानसभा क्षेत्र का मैं दावे से कह सकता हूं कि 90 प्रतिशत वोटरों ने उनका कभी नाम ही नहीं सुना, और 5 प्रतिशत वोटरों ने नाम सुना है तो शक्ल नहीं देखी। भाजपा को लगा कि आशुतोष तिवारी संगठन में, प्रदेश में, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में बहुत बड़ा नाम है। लेकिन वो ये गलती कर गए कि उनका जनता में नाम नहीं है।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग क्र. 2, जबलपुर**

AN ISO 9001: 2015 CERTIFIED OFFICE
इंदिरा गांधी मार्ग, साऊथ सिविल लाईन, जबलपुर, (म.प्र.) पिन-482001
Phone No. 0761-2622333 E-mail:- cepwd2jbp@nic.in
निविदा सूचना क्रमांक 19/व.ले.लि./2026-27 // निविदा आमंत्रण सूचना // जबलपुर, दिनांक 08.07.2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। यह निविदा वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।


| सं क्रं | टेन्डर आई.डी. | कार्य का नाम | आमंत्रण | ठेके की अनुमानित राशि रू. (लाख में) | अमानत राशि रू. | निविदा प्रपत्र राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_PWDRB _520292_Pack1 | त्रिपुरीवार्ड जबलपुर के अंतर्गत रमनगरा, सोनी कालोनी, सीताराम परिसर, विनायक परिसर, राधेश्याम परिसर, श्रीप्रस्थ एवं रीवा कालोनी में सी. सी. मार्ग का निर्माण कार्य । (छठवां आमंत्रण) | षष्ठम | 310.86 | 310860/- | 15000/- | 06 माह वर्षाऋतु सहित |
| 2 | 2026_PWDRB _520294_Pack1 | पाटन उपसंभाग के अंतर्गत रेस्ट हाऊस शहपुरा में मरम्मत कार्य । | प्रथम | 10.00 | 20000/- | 2000/- | 02 माह वर्षाऋतु सहित |
| 3 | 2026_PWDRB _520295_Pack1 | पाटन उपसंभाग के अंतर्गत मार्गों में मरम्मत कार्य । | प्रथम | 19.90 | 40000/- | 2000/- | 02 माह वर्षाऋतु सहित |
| 4 | 2026_PWDRB _520296_Pack1 | पाटन उपसंभाग के अंतर्गत आवासीय भवनों में मरम्मत कार्य । | प्रथम | 19.50 | 40000/- | 2000/- | 02 माह वर्षाऋतु सहित |
| 5 | 2026_PWDRB _520297_Pack1 | शंकर शाह नगर स्थित आवासीय भवन एच 207, एच-363, एच-293, एच-149 एवं जी-251, जी-345, जी-320 में विशेष मरम्मत कार्य । | प्रथम | 2.88 | 6000/- | 2000/- | 02 माह वर्षाऋतु सहित |

टीप:- निविदा का विस्तृत विवरण म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि 24.07.2026 समय 5:30 PM तक है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त बेवसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री,
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
संभाग क्र. 2, जबलपुर

G-15721/26 " स्वच्छता ही सेवा "




# हैवान में साथ नजर आएंगे अक्षय और सैफ

**मुंबई।** लगभग 17 साल बाद सैफ अली खान और अक्षय कुमार फिल्म 'हैवान'में साथ नजर आएंगे। इस फिल्म से उनके लुक भी सामने आ चुके हैं। एक्टर्स के लुक के साथ फिल्म की रिलीज डेट भी साझा की गई है। फिल्म 'हैवान' का पोस्टर अक्षय कुमार ने इंस्टाग्राम पर साझा किया है। इस पोस्टर में उनका लुक काफी खूंखार दिख रहा है। वहीं, सैफ अली खान भी काफी अलग नजर आ रहे हैं। पोस्टर के साथ लिखा है, 'एक को सबकुछ दिखता है, एक से कुछ मिस नहीं होता है। हैवानियत अब नहीं रुकेगी।'फिल्म के पोस्टर को देखकर ही लग रहा है कि इसमें दोनों एक्टर्स के किरदार दर्शकों को हैरान करेंगे।

लाइफ Style



# तमन्ना

## रागिनी 3 की शूटिंग हुई शुरू

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रसिद्ध भारतीय फिल्म निर्देशक, लेखक और निर्माता शशांक घोष 'रागिनी 3' का निर्देशन कर रहे हैं। इस फिल्म में तमन्ना भाटिया मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। हाल ही में तमन्ना ने इस फिल्म की शूटिंग के पहले दिन की एक खास तस्वीर साझा कर फिल्म को लेकर फैंस की उत्सुकता को और अधिक बढ़ा दिया है।

तमन्ना भाटिया ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर 'रागिनी 3' के सेट से एक खास तस्वीर साझा कर फैंस का दिल जीत लिया है। तमन्ना ने 'रागिनी 3' के क्लैप बोर्ड के साथ एक खास तस्वीर इंस्टाग्राम स्टोरी पर साझा की है। इस तस्वीर में क्लैप बोर्ड के ऊपर लिखा है- '15.07.26 दिन पहला' यानी इस फिल्म की शूटिंग 15 जुलाई से शुरू हो चुकी है। 'रागिनी 3' का निर्देशन शशांक घोष करेंगे, जिन्होंने 'वीरे दी वेडिंग' और 'खूबसूरत' जैसी हिट फिल्मों के अलावा 'फ्रेडी' और 'क्विक गन मुरुगन' जैसी लीक से हटकर फिल्में बनाई हैं। इस फिल्म में तमन्ना भाटिया नजर आएंगी। बाकी स्टार कास्ट की जानकारी अभी आधिकारिक तौर पर सामने नहीं आई है। इस फिल्म की निर्माता एकता कपूर हैं, जिन्होंने इस फिल्म के पहले के दोनों भागों का भी निर्माण किया है। अभी तक एकता कपूर की फिल्म 'रागिनी' के दो भाग रिलीज हो चुके हैं। अब एकता 'रागिनी 3' लेकर आ रही हैं। 'रागिनी 3' आगामी बॉलीवुड हॉरर-थ्रिलर फिल्म है। इसे 'रागिनी एमएमएस' फ्रेंचाइजी का तीसरा भाग माना जा रहा है। तमन्ना भाटिया के अलावा इस फिल्म में जुनैद खान, नरगिस फाखरी और आयुष शर्मा मुख्य भूमिकाओं में नजर आ सकते हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# द बैटमैन... का आया फर्स्ट लुक

**लॉस एंजिल्स।** 'द बैटमैन पार्ट 2' से रॉबर्ट पैटिनसन का पहला लुक सामने आ गया है। मैट रीव्स ने सोशल मीडिया पर एक छोटा सा टीजर शेयर किया है। टीजर में रॉबर्ट पैटिनसन बैटमैन के लुक में नजर आ रहे हैं। वीडियो की शुरुआत दमदार म्यूजिक से होती है। इसमें बैटमैन की पीठ दिखाई देती है और उनके आसपास बारिश हो रही होती है। वीडियो में पीछे पुलिस की गाड़ी की फ्लैशिंग लाइट्स भी नजर आती हैं। धीरे-धीरे बैटमैन कैमरे की तरफ मुड़ते हैं।

# द ओडिसी का जबरदस्त क्रेज, फैन ने टाली दूसरे बच्चे की प्लानिंग

**लॉस एंजिल्स।** क्रिस्टोफर नोलन की मच अवेटेड फिल्म 'द ओडिसी'18 जुलाई को दुनियाभर में रिलीज को तैयार है। बाकी फिल्मों की तरह इस फिल्म का भी दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। फैंस दिल थाम कर इस फिल्म के रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म 'द ओडिसी'सिर्फ दर्शकों में उत्साह ही नहीं जगा रही, बल्कि लोग इसके लिए अलग-अलग तरीके भी अपना रहे हैं। अमेरिका की एक फैन ने बताया कि उन्होंने अपनी दूसरे बच्चे की प्लानिंग इसलिए टाल दी, ताकि वह फिल्म के ओपनिंग डे की आईमएएक्स 70एमएम स्क्रीनिंग मिस न करें। इससे पता चलता है कि इस फिल्म के लिए फैंस कितनी हद तक जा रहे हैं। कैलिफोर्निया की 29 साल की एंबर कॉनाघन ने वैरायटी को बताया कि उन्होंने जानबूझकर अपनी फैमिली प्लानिंग कुछ समय के लिए टाल दी, ताकि वह 17 जुलाई को 'द ओडिसी'की स्क्रीनिंग देख सकें।



एंबर ने कहा, 'मेरी एक दोस्त पिछले साल प्रेग्नेंट हुई थी और उसने मुझसे कहा, 'अब तुम्हें भी अपना दूसरा बच्चा प्लान करना चाहिए।'लेकिन मैंने कहा, 'नहीं, मुझे कुछ महीनों तक इंतजार करना होगा, नहीं तो यह द ओडिसी के बहुत करीब हो जाएगा।' एंबर अकेली ऐसी फैन नहीं हैं जो इस फिल्म के लिए अलग तरीके अपना रही हैं।




# फौजी की रिलीज डेट का ऐलान...

**मुंबई।** प्रभास की फिल्म 'फौजी' की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया गया है। मेकर्स ने इसी के साथ एक दिलचस्प नया पोस्टर भी शेयर किया है। एक तरफ फैंस जहां बेसब्र हो गए हैं, वहीं अब दिसंबर के पहले हफ्ते में बॉक्स ऑफिस पर 'फौजी' की टक्कर आलिया भट्ट, अजय देवगन और अक्षय कुमार की फिल्मों से भी होने वाली है।

मैथ्री मूवी मेकर्स ने गुरुवार को एक नया और खतरनाक पोस्ट जारी करते हुए इसका ऐलान किया है, जिसमें प्रभास युद्ध के मैदान में बारिश में भीगते हुए दिखाई दे रहे हैं। उनके हाथों में बंदूक है और शरीर खून से सना हुआ है। पोस्टर को शेयर करते हुए लिखा है, 'अज्ञातपर्व का अंत। बगावत की शुरुआत। 'फौजी' 3 दिसंबर को दुनियाभर में बड़े पैमाने पर रिलीज होगी।' मेकर्स ने जो नया पोस्टर शेयर किया है।

# 1942 ए लव स्टोरी के 32 साल हुए पूरे



**नई दिल्ली।** अनिल कपूर और मनीषा कोइराला की ब्लॉकबस्टर फिल्म '1942 ए लव स्टोरी' को रिलीज हुए 32 साल पूरे हो गए।। 1994 में रिलीज हुई इस फिल्म के गाने और कहानी आज भी लोगों को काफी पसंद आती है। फिल्म के 32 साल पूरे होने पर अब अनिल कपूर ने एक दिल छू लेने वाले पोस्ट शेयर किया है। साथ ही फिल्म से जुड़ी कुछ तस्वीरें भी साझा की हैं। अनिल कपूर ने फिल्म के 32 साल पूरे होने पर अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म के सेट से जुड़ी कई तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में अनिल कपूर के साथ फिल्म के बाकी कलाकार भी नजर आ रहे हैं। इनमें मनीषा कोइराला, जैकी श्रॉफ और अनुपम खेर जैसे फिल्म का हिस्सा रहे स्टार शामिल हैं। इसके साथ ही अनिल कपूर ने एक दिल छू लेने वाला नोट भी लिखा। कैप्शन में उन्होंने लिखा, '32 साल बाद भी यह फिल्म मेरे दिल के उतनी ही करीब है, जितनी पहले दिन थी। हमने यह फिल्म ईमानदारी, जुनून और बहुत सारे प्यार के साथ बनाई थी।




## इस बार हर तरह के दर्शकों के लिए कुछ न कुछ खास मौजूद

# आज ओटीटी पर रिलीज हो रही ये नई फिल्में और वेब सीरीज

**नई दिल्ली।** अगर इस वीकएंड घर बैठे एंटरटेनमेंट का पूरा डोज लेने का प्लान बना रहे हैं तो 17 जुलाई आपके लिए बेहद खास होने वाली है। इस दिन नेटफ्लिक्स, जियोहॉटस्टार और जी5 जैसे ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर एक साथ कई नई फिल्में और वेब सीरीज दस्तक देने जा रही हैं। इनमें रोमांटिक कॉलेज ड्रामा, साउथ की हाई-वोल्टेज एक्शन फिल्में, दिल छू लेने वाली सच्ची कहानियां और रोंगटे खड़े कर देने वाले थ्रिलर शामिल है। यानी कि इस बार हर तरह के दर्शकों के लिए कुछ न कुछ खास मौजूद है।

### हार्टस्टॉपर फॉरएवर

युवाओं की पसंदीदा रोमांटिक फ्रेंचाइजी का यह आखिरी चैप्टर है, जो नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। निक और चार्ली अब कॉलेज की नई जिंदगी की ओर बढ़ रहे हैं। दूरियां उनके रिश्ते की सबसे बड़ी परीक्षा बनती हैं, लेकिन प्यार और दोस्ती की खूबसूरत कहानी दर्शकों को भावुक कर देगी।

### 23,000 लाइव्स

सच्ची घटना पर आधारित यह जर्मन फिल्म उन लोगों की कहानी दिखाती है, जिन्होंने समुद्र में फंसे 23 हजार से ज्यादा शरणार्थियों की जान बचाने का साहसिक काम किया। इमोशनल और प्रेरक कहानी आपको अंत तक बांधे रखेगी. 23,000 लाइव्स भी नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

### मां इंति बंगाराम

साउथ स्टार समांथा की यह एक्शन फिल्म एक पूर्व शूटर की कहानी है, जिसे अपने परिवार की सुरक्षा के लिए फिर से हथियार उठाने पड़ते हैं। दमदार एक्शन और इमोशनल कहानी के दम पर यह फिल्म पहले ही बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई कर चुकी है और अब जियोहॉटस्टार के जरिए दोबारा अपना जलवा बिखरने की तैयारी कर रही है।




### ट्रांसफर त्रिमुर्तुलु

एक ईमानदार पुलिस कॉन्स्टेबल की जिंदगी तब बदल जाती है, जब वह एक बड़े राजनीतिक घोटाले की सच्चाई तक पहुंचने की कोशिश करता है। जी5 पर स्ट्रीम होने जा रही फिल्म में एक्शन, राजनीति और कोर्टरूम ड्रामा का जबरदस्त कॉम्बो देखने को मिलेगा।

### द मैप ऑफ लॉन्गिंग

फेमस किताब पर आधारित यह इमोशनल सीरीज ग्रेटा नाम की लड़की की कहानी है, जो अपनी बहन की मौत के बाद गहरे दुख से जूझ रही है। यह कहानी दर्द से उबरकर जिंदगी को दोबारा अपनाने की प्रेरणा देती है। इस वेब सीरीज को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### द डेविल

साउथ स्टार दर्शन थूगुदीपा की यह पॉलिटिकल थ्रिलर एक आम आदमी की कहानी है, जिसे एक नेता के लापता बेटे की जगह रहने के लिए मजबूर किया जाता है। इसके बाद शुरू होता है साजिशों और सत्ता के खेल का खतरनाक सफर। आप इसे जी5 पर देख सकेंगे।

### द ईस्ट पैलेस

कोरियन ड्रामा पसंद करने वालों के लिए यह सीरीज किसी ट्रीट से कम नहीं है। शाही परिवार पर मंडरा रहे रहस्यमयी श्राप को खत्म करने के लिए एक भूत शिकारी और एक ऐसी लड़की की मदद ली जाती है जो मृत लोगों की आवाज सुन सकती है। यह के-ड्रामा भी नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा।

### डिजायर

मेक्सिकन सस्पेंस फिल्म डिजायर एक सफल महिला वकील की जिंदगी पर आधारित है, जिसकी दुनिया एक सीक्रेट अफेयर के बाद पूरी तरह बदल जाती है। धोखा, रहस्य और अचानक आने वाले ट्विस्ट से भरी यह कहानी थ्रिलर पसंद करने वालों के लिए शानदार ऑप्शन है। यह नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930